दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी    संपादक - डा.के.के.संधू    प्रबन्ध संपादकः सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227   वर्ष 9 अंक 250   वीरवार 10 सितम्बर, 2026 Thursday 10 September, 2026   मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12   मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## लाल किला विस्फोट मामले में बड़ा खुलासा, 13 आरोपियों के खिलाफ एनआईए की चार्जशीट

**नई दिल्ली,9 सितम्बर ( निस )।** दिल्ली के लाल किला के बाहर हुए कार विस्फोट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए ने बुधवार को 13 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक, इस साजिश का मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी था, जिसने कार में बैठकर विस्फोट किया( शेष पृष्ठ दो पर )

## पंजाब में कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, सरकार के साथ कई मुद्दों पर बनी सहमति

मोहाली 9 सितम्बर (निस) पंजाब के सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। खबर मिली है कि अलग-अलग मांगों पर सरकार से सहमति के बाद और सी.एम. मान से मीटिंग के भरोसे के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया है। वहीं इसके बाद सरकार ने कर्मचारियों को 27 अगस्त को जारी किया गया शो कॉज नोटिस भी वापस ले लिया है। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि कर्मचारियों की डी.ए. मामले में सी.एम. मान से मीटिंग होगी हालांकि मीटिंग की तारीख के बारे में अभी पता नहीं चला है। गौरतलब है कि मांगें पूरी न होने पर कर्मचारियों ने 11 सितंबर तक सामूहिक छुट्टी लेकर हड़ताल जारी रखने का फैसला किया था। वहीं बीते दिनों सरकार ने कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर नो वर्क, नो पे का फॉर्मूला अपनाया था। इसके बाद कर्मचारियों ने ( शेष पृष्ठ दो पर )

# नितिन नवीन ने भाजपा नेताओं के साथ की अहम बैठक,संगठन मजबूती पर जोर

**नई दिल्ली,9 सितम्बर ( निस )** ।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हल्द्वानी के होटल विंटेज ग्रीन में पार्टी की विस्तारित राज्य कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में संगठनात्मक मुद्दों, पार्टी के ज़मीनी नेटवर्क को मजबूत करने और पूरे उत्तराखंड में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की पहुँच बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसमें भाग लिया और बूथ-स्तर पर संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी पदाधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल बनाने की रणनीतियों पर चर्चा की। बीजेपी नेतृत्व ने पूरे राज्य में ज़मीनी स्तर पर पार्टी की मौजूदगी को मज़बूत करने



की प्राथमिकताओं और रणनीतियों पर भी चर्चा की। यह बैठक इसलिए अहम है क्योंकि पार्टी अपने संगठनात्मक ढांचे को मज़बूत करने और जन-कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुँचाने का लक्ष्य रखती है। मुख्यमंत्री धामी ने नितिन नबीन के हल्द्वानी दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि उनके राज्य के दौरे से पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच उत्साह और ऊर्जा का एक नया माहौल बना है। उन्होंने आगे कहा कि जब से नितिन नबीन ने हमारी पार्टी के राष्ट्रीय( शेष पृष्ठ दो पर )

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पंजाब में सरकार बनाने पर विकसित भारत की तर्ज पर बनाएंगे विकसित पंजाब- मुख्यमंत्री

## पंजाब के विभिन्न हलकों के 500 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता की ग्रहण

**चंडीगढ़, 9 सितम्बर( अमृतपाल सिंह )** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज पंजाब की राजनीति ऐसे दौर से गुजर रही है जहां सत्ता, स्थिरता और जनहित के बीच संघर्ष चल रहा है। युवा नशे की गिरफ्त में हैं। पंजाब में ऐसी सरकार की जरूरत है जो राज्य के विकास के लिए निर्णय लेने से न डरे, जो जनता के हित को सर्वोपरि रखे और जो देशहित में काम करे। यह सब प्रधानमंत्री





श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव है। पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प की तर्ज पर विकसित पंजाब बनाने का काम करेंगे और हरियाणा की कल्याणकारी योजनाओं को भी पंजाब में लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री बुधवार( शेष पृष्ठ दो पर )

# पदमश्री जगजीत सिंह दर्दी की बहन एवं सीएम हरियाणा के ओएसडी प्रभलीन सिंह जी की माता इंद्रजीत कौर का निधन

## अश्रुपूर्ण नेत्रों से दी अंतिम विदायगी, विभिन्न राजनीतिक, धार्मिक एवं समाजिक हस्तियों ने जताया गहरा दुख







**पटियाला, 9 सितंबर ( निस )** चढ़दीकला पत्र समूह के चेयरमैन पदमश्री डा. जगजीत सिंह दर्दी के आदरणीय बहन जी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंहसैनी के ओएसडी डा. प्रभलीन सिंह की माताजी श्रीमति इंद्रजीत कौर हैरी का आज सुबह देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार पटियाला राजपुरा रोड पर स्थिति बीरजी शमशानघाट में किया गया। इस अवसर पर उनकी चिता को मुखाग्नि बेटे डा. प्रभलीन सिंह ने दी। इस अवसर पर गुरुद्वारा दुखनिवारण साहिब के हैडग्रंथी ज्ञानी प्रणाम सिंह ने अरदास की। अंतिम संस्कार के समय पंजाब, हरियाणा सहित अन्य राज्यों से भारी गिनती में पंथक हस्तियां, राजनीतिक समाजिक नेता आदि शामिल हुए।इस मौके पर पंजाब सरकार की तरफ से शिक्षामंत्री हरजोत सिंह बैंस एवं केबिनेट मंत्री डा. बलबीर सिंह पहुंचे। जबकि हरियाणा से जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल सहित हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी के समूह सदस्य एवं नेता शामिल हुए। इस मौके पदमश्री डा. जगजीत सिंह दर्दी ने बताया कि श्रीमति इंद्रजीत कौर जो शुरु से धार्मिक स्वभाव की थीं एवं सुबहशाम पूजा पाठ करते थे। रोजाना नितनेम एवं गुरु की शरण में सरबत के भले की अरदास करती थीं। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया एवं तभी से वह अस्वस्थ रहने लगीं जिस उपरांत आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। इस मौके पर विधायक अजीतपाल सिंह कोहली, हरियाणा सीएम के ओएसडी पवन चौधरी, हरिंद्रपाल सिंह टोहड़ा,( शेष पृष्ठ दो पर )

## अधिकारी की कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने की हिम्मत कैसे हुई- सीजेआई का सख्त रुख

नई दिल्ली, 9 सितम्बर (निस) भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने छात्र को 5 लाख रुपए का नोटिस मिलने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि अधिकारी की कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने की हिम्मत कैसे हुई। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारी से जवाब भी मांगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक छात्र राजधानी दिल्ली में हुए जंतर मंतर प्रदर्शन में गया था, जिसके बाद उसे नोटिस मिला है। 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की अगुवाई में पेपर लीक के खिलाफ छात्रों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन किया था। उस दौरान पुलिस की कार्रवाई पर भी सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की थी और किसी भी तरह का ऐक्शन लेने पर रोक लगा दी थी।लाइव लॉ के मुताबिक सीजेआई सूर्यकांत ने बुधवार को नोएडा एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट की तरफ से की गई कार्रवाई पर जमकर नाराज हुए। उन्होंने कहा कि कैसे किसी मजिस्ट्रेट की आदेश जारी करने की हिम्मत हो गई। हमने साफ-साफ कह दिया था कि किसी भी छात्र के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं होगी।

## ब्रिक्स सम्मेलन से पहले चीन ने भारत की अध्यक्षता का किया समर्थन

**नई दिल्ली,9 सितम्बर( निस )।** नई दिल्ली में 12 और 13 सितंबर को होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले चीन ने भारत की अध्यक्षता का खुलकर समर्थन किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चीन ब्रिक्स सहयोग को बहुत महत्व देता है और भारत की मेजबानी में होने वाले शिखर सम्मेलन का पूरा समर्थन करता है।चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सम्मेलन में शामिल होने की अटकलों के बीच बीजिंग का यह बयान दोनों देशों के संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यदि जिनपिंग भारत आते हैं तो यह 2019 के बाद उनकी पहली भारत यात्रा होगी। हालांकि चीन ने अभी तक यह आधिकारिक रूप से स्पष्ट नहीं किया है कि सम्मेलन में उसकी ओर से कौन शामिल होगा।भारत इस बार ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। सम्मेलन का आयोजन बिल्डिंग ऑफ रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी की थीम के तहत किया जा रहा है। प्रगति मैदान स्थित भारत मंडप में होने वाले सम्मेलन में सदस्य देशों और साझेदार देशों के शीर्ष नेता वैश्विक अर्थव्यवस्था, तकनीक और ( शेष पृष्ठ दो पर )

# पीएम चाहते हैं कि जाति जनगणना की पूरी प्रक्रिया विफल हो जाए - कांग्रेस का आरोप

**नई दिल्ली,9 सितम्बर ( निस )** कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मौजूदा जाति जनगणना के प्रारूप में ड्रॉप-डाउन सूची के बजाय ओपन-एंडेड प्रश्न रखने का सरकार का फैसला बेहद गंभीर खामी है। पार्टी के अनुसार, ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि जाति जनगणना की पूरी प्रक्रिया विफल हो जाए। ड्रॉप-डाउन सूची का मतलब है कि सवाल का जवाब देने वाले व्यक्ति को अपनी ओर से कुछ लिखना नहीं होता, बल्कि पहले से दिए गए विकल्पों में से एक विकल्प चुनना होता है जबकि ओपन-एंडेड प्रारूप में अपना जवाब खुद लिखना पड़ता है।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी ने पिछले चार दिनों में देशभर में 17 संवाददाता सम्मेलन किए हैं और सही तरीके से जाति जनगणना कराने की मांग दोहराई है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जातिगत जनगणना का मतलब सिर्फ जातियों की गिनती नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है। सही तरह के सवाल, सही आंकड़े, उचित हिस्सेदारी और सामाजिक न्याय। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ( शेष पृष्ठ दो पर )


## जगदीश हत्याकांड : एक ही परिवार के 6 लोगों को उम्रकैद, जुर्माना भी लगा



**सोनीपत,9 सितम्बर ( निस )।** हरियाणा के सोनीपत में जगदीश हत्याकांड के मामले में एक ही परिवार के 6 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष चंद्र सिरोही की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया और दोषियों पर जुर्माना भी लगाया। जानकारी के मुताबिक यह घटना 3 जून 2021 को सोनीपत के गांव कालूपुर में हुई थी, जहां उपले को लेकर विवाद के चलते पहले झगड़ा हुआ और फिर इसी झगड़े में जगदीश की हत्या कर दी गई। एफआईआर के मुताबिक शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज कराने थाने जा रहे परिवार को रास्ते में घेरकर हमला किया गया था। इस जानलेवा हमले में कुल्हाड़ी, लाठी-डंडे और लोहे के पाइप का इस्तेमाल किया गया। हमले में शिकायतकर्ता संतरो के पति जगदीश की मौत हो गई थी। कोर्ट ने सुरेश, संतरो, अमित, सुमित, रमेश और सिकंदर को उम्रकैद की( शेष पृष्ठ दो पर )

# राहुल गांधी के जनता दरबार में उमड़ी भीड़, लोगों ने रखीं समस्याएं,सपा नेताओं ने भी की मुलाकात

**रायबरेली,9 सितम्बर ( निस )** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रायबरेली दौरे के अंतिम दिन बुधवार को भुएमऊ गेस्ट हाउस में आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। सुबह करीब नौ बजे शुरू हुए जनता दरबार में राहुल गांधी ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं। गेस्ट हाउस के बाहर लोगों की लंबी कतार लगी रही। सुरक्षा व्यवस्था के तहत लोगों को एक-एक कर अंदर प्रवेश दिया गया।जनता दरबार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आम



नागरिकों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी भी देखने को मिली। सपा नेताओं ने राहुल गांधी के सामने स्थानीय और क्षेत्रीय मुद्दे रखे। इससे रायबरेली में कांग्रेस और सपा के बीच राजनीतिक समन्वय की तस्वीर सामने आई। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव अखिलेश माही ने राहुल गांधी से मुलाकात कर वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए रायबरेली के राजेंद्र यादव के नाम पर स्मारक और चौराहा बनवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश की सेवा करते हुए( शेष पृष्ठ दो पर )

# पीएम मोदी का जीवन नई पीढ़ियों को देगा राष्ट्र सेवा की प्रेरणा : मुख्यमंत्री

## शासन तंत्र के मिथक को तोड़कर जन-जन की आवाज बने पीएम मोदी

**पंचकूला, 9 सितंबर ( सतीश मंगला ):** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पूरी दुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, समर्पण, बलिदान और त्याग के 25 वर्षों को महसूस किया है। इस नान स्टॉप सेवाकाल के दौरान उन्होंने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया है। 17 सितंबर से एक माह का सेवा संकल्प अभियान नई पीढ़ियों को उनके जीवन से राष्ट्र सेवा की प्रेरणा और सीख लेने का अवसर प्रदान करेगा। यह अभियान सरकार, संगठन और समाज को एक सूत्र में पिरोते हुए जनकल्याण और सेवा की भावना को मजबूत करेगा।आज भाजपा प्रदेश मुख्यालय पंचकमल में सेवा



संकल्प अभियान पर सरकार-संगठन की समन्वय बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश मे राजनीतिक दलों द्वारा गठजोड़ करके लंबे समय से शासन तंत्र चलाया जा रहा था, जिसे 25 साल पहले मुख्यमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी ने तोड़ने का काम किया और इसी तरह उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर जन-जन का भरोसा जीतकर नान स्टॉप सरकार चलाने का काम किया है। आज उनके 25 साल के सार्वजनिक जीवन में सेवाभाव की बदौलत अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समाज की मुखयधारा में जोड़ने, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति को खत्म करने पर जोर दिया गया, जिससे देश की जनता संतुष्ट महसूस कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। निर्धारित 12 कार्यक्रमों की रूपरेखा जनभागीदारी पर आधारित होगी। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आसपास के दायरे में आमजन को भागीदारी के लिए प्रेरित करे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सेवा संकल्प अभियान में अपनी भागीदारी करने और आमजन की भागीदारी को बढाने के लिए सुनियोजित तरीके से काम कर रहे हैं। डॉ गुप्ता ने कहा कि 17 सितंबर को सेवा दिवस के मौके पर प्रदेशभर में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन की भागीदारी के साथ प्रदेशभर में 20 लाख दीये लगाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना आशीर्वाद प्रेषित करेंगे। प्रदेश में कुछ ऐतिहासिक स्थानों पर 50 हजार से लेकर एक लाख तक दीये लगाने को लेकर योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सेवा दिवस के मौके पर रक्तदान शिविरों की श्रृंखला की शुरुआत कुरुक्षेत्र से माननीय मुख्यमन्त्री करेंगे जो भाजपा के सभी 27 संगठनात्मक जिलों पर अलग-अलग दिनों में आयोजित की जाएगी। सेवा चित्र कार्यक्रम के तहत प्रदेश के विद्यालयों में आयोजित होने वाली पेंटिंग, भाषण( शेष पृष्ठ दो पर )

# एसआईआर बवाल पर राघव चड्ढा ने किया खुलासा, आप पर कसा तंज

**नई दिल्ली,9 सितम्बर( निस )** आम आदमी पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने अपनी पुरानी पार्टी पर तंज कसते हुए उसे अपनी 'एक्स' बता दिया है। उनके मुताबिक आप से इस्तीफे के बाद भी पार्टी उनके पीछे पड़ी हुई है और कड़वे एक्स की तरह बर्ताव कर रही है। राघव चड्ढा का कहना है कि आम आदमी पार्टी अभी तक उनसे उबर नहीं पाई है। इससे पहले दिल्ली की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में राघव चड्ढा का नाम शामिल किए जाने को लेकर आप ने राघव चड्ढा पर निशाना साधा था। इसके बाद अब राघव चड्ढा ने भी जोरदार हमला बोला। इससे पहले आप के मीडिया इंचार्ज अनुराग ढांडा ने सवाल उठाए थे कि 31 अगस्त को



दिल्ली के राजेंद्र नगर बूथ की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 746 मतदाता थे। अचानक राघव चड्ढा का 747वां वोट कैसे और कब जोड़ दिया गया? ढांडा ने आरोप लगाए कि बीजेपी चुनाव आयोग के जरिए नियमों को दरकिनार कर किसी का भी नाम जोड़ या हटा रही है।अनुराग ढांडा ने कहा कि एसआईआर में खुलेआम बीजपी की दादागिरी चल रही है, जिसका चाहे नाम जोड़ दो, जिसका चाहे नाम काट दो। कोई प्रक्रिया नहीं है। कोई स्टेप्स फॉलो नहीं हो रहा। आज उसका खुलासा हो गया है। उन्होंने कहा कि 3 सितंबर को राघव चड्ढा ने सुबह पोस्ट कर आरोप लगाए थे कि पंजाब सरकार ने उनका वोट कटवा दिया है, जबकि पंजाब सरकार का इसका कोई लेना देना नहीं है। एसआईआर चुनाव आयोग करवा रहा है। उन्होंने कहा था कि वे पंजाब की मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएंगे। उसके बाद दिल्ली का ड्राफ्ट रोल 31 अगस्त को जारी हुआ जिसमें उनका नाम कहीं नहीं है। फिर अचानक उनका नाम दिल्ली के ड्राफ्ट रोल में( शेष पृष्ठ दो पर )

## पृष्ठ एक का शेष...

### पदमश्री जगजीत सिंह दर्दी की बहन एवं सीएम हरियाणा के ...

सतवीर सिंह खटड़ा, प्रभजीत सिंह चौधरी, चढ़दीकला के डायरेक्टर हरप्रीत सिंह दर्दी, अमृतपाल सिंह, पूर्व चेयरमैन तेजेन्द्रपाल सिंह संधू, जत्थेदार इंद्रमोहन सिंह बजाज,हरमिंदरपाल सिंह, चरण जीत सिंह, गुरजीत सिंह कोहली, करणवीर सिंह टोहड़ा, हरियाणा सरकार के प्रतिनिधियों ने डा. प्रभलीन सिंह से फोन पर दुख सांझा किया। इस मौके चढ़दीकला का समूचा स्टाफ मौजूद रहा। स्व. इंद्रजीत कौर नमित अंतिम अरदास रविवार 13 सितंबर को अपरान्ह 12 से 1 बजे तक गुरुद्वारा मोतीबाग साहिब में होगी।

### पंजाब में कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, सरकार के ...

हड़ताल आगे बढ़ाने का फैसला लिया था। वहीं आज चीफ सेक्रेटरी से हुई मीटिंग और दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने के बाद कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है।

**12 को टीचर करेंगे हड़ताल**–विशेष कैडर अध्यापक फ्रंट पंजाब की ओर से 12 सितंबर को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की संगरूर स्थित रिहायश तक रोष मार्च करके कोठी का घेराव करने का ऐलान किया गया है। फ्रंट के नेताओं ने कहा कि सरकार की ओर से 12700 कच्चे अध्यापकों को बड़े–बड़े फ्लेक्स बोर्ड लगाकर पक्का करने का जो दिखावा किया गया था, उसके बावजूद ये अध्यापक आज भी अपने आपको पूरी तरह पक्का नहीं समझते और उनके साथ किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं।इस संबंधी विशेष कैडर अध्यापक फ्रंट के प्रदेश प्रधान एवं आई.ई.ए.टी. अध्यापक यूनियन पंजाब के प्रधान गुरलाल सिंह तूर ने बताया कि इन अध्यापकों को केवल एकमुश्त वेतन में बढ़ोतरी देकर कागजों में पक्का किया गया है। उन्होंने कहा कि आज तक इन अध्यापकों पर कोई भी वेतनमान लागू नहीं किया गया और न ही सरकारी पक्के कर्मचारियों को मिलने वाले अन्य अधिकार व सुविधाएं दी जा रही हैं। गुरलाल सिंह तूर ने कहा कि अध्यापकों पर कोई सी.एस.आर. नियम लागू नहीं किया गया, न ही मेडिकल भत्ता और अन्य सरकारी लाभ दिए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि यदि सरकार ने अध्यापकों को पक्का किया है तो उन्हें सरकारी पक्के कर्मचारियों की तरह वेतनमान, नियम और सभी सुविधाएं दी जाएं।

### लाल किला विस्फोट मामले में बड़ा खुलासा...

था। जांच में यह भी सामने आया कि हमले से पहले आरोपियों ने लाल किला इलाके की कई बार रेकी की थी।एनआईए के आरोपपत्र के अनुसार, आरोपियों ने आतंकी साजिश को अंजाम देने के लिए इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित साधनों का इस्तेमाल किया। जसीर बिलाल वानी ने रॉकेट आधारित विस्फोटक उपकरण तैयार करने से जुड़ी जानकारी के लिए यूट्यूब और चैटजीपीटी पर खोज की थी। जांच एजेंसी का दावा है कि आरोपियों ने ऐसा उपकरण तैयार भी किया था और बाद में उसके कुछ टूटे हुए हिस्से अनंतनाग के काजीगुंड के जंगल से बरामद किए गए। आरोपपत्र में डॉ. आमिर राशिद मीर, जसीर बिलाल वानी, डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. आदिल अहमद राथर, डॉ. शाहीन सईद समेत कई आरोपियों के नाम शामिल हैं। उमर उन नबी की मौत हो चुकी है, जबकि मुजफ्फर अहमद फरार बताया गया है। बाकी आरोपी जेल में हैं। जांच में आतंकियों द्वारा ड्रोन के इस्तेमाल की तैयारी का भी खुलासा हुआ है।

### नितिन नवीन ने भाजपा नेताओं के साथ की ...

अध्यक्ष के तौर पर दौरे शुरू किए हैं, पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच एक नया माहौल बना है—एक ऐसा माहौल जो नए उत्साह और ऊर्जा से भरा हुआ है। धामी ने बताया कि नबीन पहले भी तीन दिन के दौरे पर उत्तराखंड आए थे। उस दौरान उन्होंने अलग–अलग स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत, बैठकें और समीक्षाएं की थीं और समाज के अलग–अलग वर्गों के लोगों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी।धामी के अनुसार, अपने मौजूदा दौरे के दौरान नबीन को बीजेपी की राज्य कार्यकारिणी समिति के साथ चर्चा करनी थी और उन्हें संबोधित करना था। साथ ही, दूसरे दिन उन्हें पूर्व सैनिकों और युवाओं से भी मिलना था। अपने दो दिन के कार्यक्रम के तहत उन्हें रुद्रपुर में पंजाबी–सिख समुदाय के एक सम्मेलन में भी शामिल होना था। धामी ने कहा कि इस कार्यक्रम से बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जुड़े रहेंगे और बातचीत का मौका मिलेगा।

**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार–पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15–ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp**: 9896359037,8307425115

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार–पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**

**कृष्ण कुमार सन्धु, सम्पादक, पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )**
**PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227**

### जगदीश हत्याकांड : एक ही परिवार के 6 लोगों को ...

सजा सुनाई है साथ ही 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। कोर्ट के इस फैसले से करीब 5 साल पुराने जगदीश हत्याकांड में पीड़ित परिवार को इंसाफ मिल ही गया।सरकारी वकील ने बताया कि उपले को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्ष आपस में पड़ोसी थे। दोषियों ने जगदीश और उसके परिवार पर हमला किया था और फिर इसमें जगदीश की मौत हो गई। 70 लोगों की गवाही इस मामले में हुई। तीन अलग अलग धाराओं में सजा और जुर्माना हुआ है। जुर्माने की राशि जगदीश के परिवार को दी जाएगी।

### राहुल गांधी के जनता दरबार में उमड़ी भीड़, लोगों ने रखीं ...

शहीद हुए राजेंद्र यादव के नाम पर अब तक जिले में प्रतिमा या स्मारक नहीं बनाया गया है। माही के अनुसार, राहुल गांधी ने उनकी मांग पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगा और भाजपा को कड़ी चुनौती दी जाएगी।

**महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने बांधी राखी** – जनता दरबार में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने भी राहुल गांधी से मुलाकात की। रायबरेली महिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी सिन्हा ने राहुल गांधी को राखी बांधी और तिलक लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2029 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुटे हैं।

**मिश्रा ने ज्ञापन सौंपा** – स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने भी राहुल गांधी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों की कुर्बानियों को संरक्षित करने तथा मुंशीगंज शहीद स्मारक के अधूरे सौंदर्यीकरण कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग की।

**सर्राफा कारोबारियों ने उठाया जीएसटी का मुद्दा** – राहुल गांधी के दौरे के दौरान मंगलवार रात सर्राफा कारोबारियों के साथ हुई बैठक भी चर्चा में रही। प्रभु टाउन में कारोबारी फाना त्रिवेदी के आवास पर हुई बैठक में व्यापारियों ने सोने–चांदी के कारोबार में करीब 50 प्रतिशत गिरावट का मुद्दा उठाया। कारोबारियों ने कहा कि इससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। राहुल गांधी ने भरोसा दिलाया कि सोने–चांदी पर बढ़े जीएसटी का मुद्दा संसद में उठाया जाएगा।

### एसआईआर बवाल पर राघव चड्ढा ने किया ...

कैसे जुड़ा गया? राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी के आरोपों को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि मैं अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के दिमाग में छाया हुआ हूं। जब से मैंने पार्टी छोड़ी है, वे इस बात को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे कड़वाहट से भरे एक्स की तरह व्यवहार कर रहे हैं, जिसे डंप कर दिया गया हो। चड्ढा ने आगे कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग के सभी निर्देशों और प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया है। अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली की मतदाता सूची के एसआईआर के तहत जारी प्रक्रिया के दौरान राघव का नाम राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र की सूची में शामिल किया गया। अधिकारियों ने कहा है कि उनका नाम सूची में उचित प्रक्रिया के जरिए जोड़ा गया है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार तक दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 700 फॉर्म–6 मंजूर किए गए, जिनमें राघव चड्ढा का नाम भी शामिल है।

### ब्रिक्स सम्मेलन से पहले चीन ने भारत की ....

वित्तीय व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन के एजेंडे में वैश्विक सप्लाई चेन को मजबूत करना प्रमुख मुद्दों में शामिल है। आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं से निपटने के उपायों पर चर्चा होगी। इसके अलावा लोकल करेंसी में व्यापार और सीमा पार भुगतान व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी जोर रहेगा। रूस की ओर से बताया गया है कि ब्रिक्स देशों के साथ उसके करीब 90 प्रतिशत व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं का इस्तेमाल हो रहा है। तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल बदलाव भी सम्मेलन के प्रमुख विषय रहेंगे। इसके साथ ही एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने और नई तकनीकों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी। न्यू डेवलपमेंट बैंक के विस्तार तथा वैश्विक वित्तीय और राजनीतिक संस्थाओं में सुधार का मुद्दा भी एजेंडे में शामिल हो सकता है।

**पुतिन के सम्मेलन में शामिल होने की हुई पुष्टि** – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेजबानी में होने वाले इस सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शामिल होने की पुष्टि हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका के सिरिल रामाफोसा, मिस्र के अब्देल फतह अल–सिसी, इंडोनेशिया के प्रबोवो सुबियांतो और ईरान के मसूद पेजेशकियन समेत 11 सदस्य देशों और 10 साझेदार देशों के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के भी सम्मेलन में मौजूद रहने की बात कही गई है।

### पीएम चाहते हैं कि जाति जनगणना की पूरी प्रक्रिया...

बार–बार मांग के बावजूद मोदी सरकार ने मौजूदा जाति जनगणना के प्रारूप में ड्रॉप–डाउन सूची के बजाय ओपन–एंडेड सवाल रखने का फैसला किया है, जो बेहद गंभीर खामी है। रमेश ने कहा, ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी चाहते हैं कि जनगणना में एक ही जाति के अलग–अलग नाम, उपजातियां और वर्तनी दर्ज हो जाएं, ताकि जाति जनगणना की पूरी प्रक्रिया विफल हो जाए।उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी को संयुक्त रूप से पत्र लिखा था। पत्र में जाति जनगणना को सही तरीके से कराने की पार्टी की प्रमुख मांग भी रखी गई थी, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। रमेश ने कहा कि दोनों वरिष्ठ नेताओं ने 20 अगस्त को लिखे पत्र में जाति जनगणना की मौजूदा प्रक्रिया पर गंभीर आपत्तियां जताई थीं।उन्होंने बताया कि पत्र में मौजूदा प्रश्नावली को रद्द कर जातियों की प्रमाणित सूची के आधार पर नयी प्रश्नावली तैयार करने की मांग की गई थी। रमेश ने कहा कि तेलंगाना और बिहार में कराए गए जाति सर्वेक्षणों की तरह पहले से तैयार और प्रमाणित जाति सूची के आधार पर जातियों की गणना करना इस समस्या का व्यावहारिक समाधान है। उन्होंने कहा कि पत्र में नयी प्रश्नावली तैयार करने से पहले राजनीतिक दलों, विशेषज्ञों और आम जनता के साथ व्यापक विचार–विमर्श करने की मांग भी की गई थी। रमेश ने कहा, कांग्रेस ने इस मुद्दे पर पिछले चार दिनों में देशभर में 17 संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर उपरोक्त मांगों के साथ जाति जनगणना कराने की अपनी मांग दोहराई है।

# माउंट आबू में गूंजेगा सकारात्मक मीडिया का संदेश, नरवाना से 30 सदस्यीय दल रवाना

**ब्रह्माकुमारीज के नेतृत्व में ट्रेन से रवाना हुए मीडिया, जनसंचार व जनसंपर्क से जुड़े लोग; 9 से 13 सितंबर तक होगा राष्ट्रीय महासम्मेलन**



**नरवाना, 9 सितम्बर ( नरेन्द्र कुमार ):** ब्रह्माकुमारीज के आह्वान पर नरवाना, जींद, जुलाना और टोहाना क्षेत्र से जनसंचार, जनसंपर्क एवं मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों का 30 सदस्यीय दल बुधवार देर रात करीब 10 बजे ट्रेन से राजस्थान के माउंट आबू के लिए रवाना हुआ। दल में मीडिया कर्मियों के साथ उनके परिजन भी शामिल हैं। यह दल आबू रोड में 9 से 13 सितंबर तक आयोजित होने वाले वार्षिक राष्ट्रीय मीडिया महासम्मेलन में भाग लेगा।जींद क्षेत्र के ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्रों की डायरेक्टर राजयोगिनी विजय दीदी ने बताया कि बीके गौरव भाई के नेतृत्व में यह दल महासम्मेलन में हिस्सा लेगा। इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर से जनसंचार, जनसंपर्क और मीडिया क्षेत्र से जुड़े 1500 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है।उन्होंने बताया कि इस वर्ष महासम्मेलन का विषय बेहतर विश्व के निर्माण के लिए सशक्त मीडिया रखा गया है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में मीडिया की सकारात्मक भूमिका को मजबूत करना तथा पत्रकारों, जनसंचार एवं जनसंपर्क से जुड़े लोगों को आंतरिक सशक्तिकरण, सकारात्मक चिंतन और तनावमुक्त जीवन की दिशा में प्रेरित करना है।महासम्मेलन के दौरान जनसंचार, मीडिया और आध्यात्मिकता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें सकारात्मक सोच, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तनाव प्रबंधन, मेडिटेशन का जीवन पर प्रभाव सहित अनेक विषयों पर अनुभवी वक्ताओं द्वारा विचार–विमर्श किया जाएगा। प्रतिभागियों को मेडिटेशन एवं आंतरिक सशक्तिकरण के माध्यम से जीवन की विभिन्न चुनौतियों का समाधान खोजने का अभ्यास भी करवाया जाएगा। राजयोगिनी विजय दीदी ने कहा कि आज के दौर में मीडिया समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में मीडिया से जुड़े लोगों का मानसिक रूप से सशक्त, सकारात्मक और तनावमुक्त रहना आवश्यक है। सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक सशक्तिकरण के माध्यम से मीडिया समाज में रचनात्मक बदलाव का प्रभावी माध्यम बन सकता है।उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारीज संस्था का उद्देश्य समाज में खुशहाली और सकारात्मक परिवर्तन लाना है। संस्था द्वारा देश–विदेश में मेडिटेशन एवं राजयोग के माध्यम से लोगों को तनावमुक्त और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। माउंट आबू पहुंचने के बाद दल के सदस्यों को ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय का भ्रमण भी करवाया जाएगा जहां वे विभिन्न आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक गतिविधियों से रूबरू होंगे।राजयोगिनी विजय दीदी ने जिलेवासियों को माउंट आबू में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने का निमंत्रण देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रतिभागियों को नए विचार, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन को बेहतर बनाने के व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं।

# अमरपुरी कॉलोनी नियमित होते ही खुलेंगे विकास के द्वार : सुमन बहमनी

**मेयर ने वार्ड 20 की अमरपुरी कॉलोनी का दौरा कर सुनी लोगों की समस्याएं**



**यमुनानगर, 9 सितंबर ( दिनेश कुमार ):** मेयर सुमन बहमनी ने पार्षद विक्रम राणा के साथ वार्ड नंबर 20 की अमरपुरी कॉलोनी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में कॉलोनी वासियों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने पानी निकासी, सफाई, सीवरेज, गलियों व नालियों के निर्माण, स्टॉर्म वाटर लाइन सहित विभिन्न समस्याएं मेयर के समक्ष रखीं। कॉलोनी वासियों ने अमरपुरी कॉलोनी को नियमित करवाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई।मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि अमरपुरी कॉलोनी समेत विभिन्न अनअप्रूव्ड कॉलोनियों को नियमित करवाने के भरकस प्रयास किए जा रहे है। कॉलोनी के नियमित होने के बाद यहां विकास के द्वार खुलेंगे। कॉलोनी के नियमित होने से क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और विभिन्न विकास कार्य करवाने का रास्ता साफ होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से शहर के सभी क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जहां नियमों के तहत विकास कार्य करना संभव है, वहां लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।मेयर ने कॉलोनी वासियों को बताया कि अमरपुरी कॉलोनी अभी अनअप्रूव्ड है। इसके चलते यहां नियमित कॉलोनियों की तरह नगर निगम द्वारा विकास कार्य नहीं करवाए जा सकते। लोगों ने कहा कि कॉलोनी में बड़ी संख्या में परिवार रह रहे हैं और उन्हें सीवरेज, पक्की गलियों, नालियों, पानी निकासी तथा स्टॉर्म वाटर लाइन जैसी सुविधाओं की आवश्यकता है। उन्होंने मेयर से कॉलोनी के नियमितीकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करवाने की मांग की, ताकि क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से विकास हो सके। मेयर ने उन्हें जल्द कॉलोनी को नियमित कराने का आश्वासन दिया। मेयर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही जानकारी ली। उन्होंने पानी निकासी, सफाई और सीवरेज से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉलोनी के नियमितीकरण से संबंधित प्रक्रिया नियमों के अनुसार आगे बढ़ाई जा रही है। पार्षद विक्रम राणा ने भी कॉलोनी वासियों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा और उनके जल्द समाधान की मांग की। मौके पर नगर निगम सहायक अभियंता सुरेंद्र दहिया, जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व आसपास के लोग मौजूद रहें।

### पीएम मोदी का जीवन नई पीढ़ियों को देगा राष्ट्र सेवा की ...

प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी हो, आंगन का मिलन कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी केंद्र स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई जाएगी, जहां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, आशा कार्यकर्ता, एएनएम को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वढ़नगर से वाराणसी तक अभियान के तहत प्रदेश के नूंह, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी में यात्रा पहुंचेगी, जिसमें एक दिन का रात्रि प्रवास भी होगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि 7 अक्टूबर को प्रदेश में सेवा ज्योति कलश यात्राएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें मण्डल स्तर की यात्रा विधानसभा स्तर होते हुए जिला पर पहुंचेंगी और सभी जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सम्बोधन सुनेंगे। उन्होंने कहा कि जनसेवक महाकुंभ का सूरजकुंड में आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें 7 प्रदेशों के सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, चेयरमैन, शहरी निकायों के जनप्रतिनिधि शिरकत करेंगे।भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के संकल्प को जन–जन तक पहुंचाना सेवा संकल्प अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियां जल्द से जल्द पूरी की जाएं। बड़े आयोजनों को लेकर सरकार और संगठन आपसी समन्वय से प्रभावी एवं बेहतर योजना बनाकर कार्य करें, ताकि अभियान का संदेश व्यापक स्तर पर समाज तक पहुंचे। भाजपा राष्ट्रीय टोली सदस्य एवं सेवा संकल्प अभियान संयोजक कुलजीत चहल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन ने सिद्ध किया है कि सत्ता शक्ति नहीं, जनसेवा का माध्यम है। सेवा संकल्प अभियान को उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा और जनभागीदारी के भाव से चलाया जाए। इस अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के प्रभारी मंत्री रणबीर गंगवा, प्रदेश महामंत्री संगठन फणीन्द्रनाथ शर्मा, गोपाल शर्मा, वेद फुल्लां, सत्य प्रकाश जरावता, मंत्रीगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधि, प्रदेश पदाधिकारी,जिलाध्यक्ष, जिलाप्रभारी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पंजाब में सरकार बनाने पर विकसित भारत ...

को चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर में पंजाब के विभिन्न हलकों से आए लोगों के साथ संवाद कर रहे थे। इस मौके पर पंजाब के विभिन्न हलकों के 500 से ज्यादा सरपंचों, जिला परिषद सदस्यों, किसान संगठन नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, मुख्यमंत्री नायब सिंब सैनी ने उन्हें पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया।मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनावों के अपने संकल्प–पत्र के 217 में से 70 वादों को 18 महीने में ही पूरा कर दिखाया है। जबकि पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार पांच साल में अपने 57 चुनावी वादों में से एक को भी पूरा नहीं कर पाई है।उन्होंने कहा कि पिछले 12 साल में हरियाणा के 2 लाख से ज्यादा युवाओं को बिना खर्ची व बिना पर्ची के सरकारी नौकरियां दी हैं, जबकि पंजाब में नौकरियों के नाम पर युवाओं से भेदभाव किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने युवाओं को नशे की बुराई से बचाने के लिए एक व्यापक और कड़ा अभियान चला रखा है, जबकि पंजाब का युवा नशे की गिरफ्त में है। पंजाब सरकार नशे को दूर करने में विफल रही है।उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेहतर खेल नीति के कारण खिलाड़ी ओलंपिक, पैरा ओलंपिक, एशियन गेम्स, कामनवेल्थ गेम्स में देश में सबसे ज्यादा पदक जीत रहे हैं।उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। 12 साल में किसानों को फसल खराबे का 16500 करोड़ रुपये दे चुकी है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की संस्कृति मजबूत हुई है। हरियाणा सरकार ने गुरुओं व संतों के दिवसों को मनाने का काम किया है। इसी कड़ी में श्री गुरु तेग बहादुर जी, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी व श्री गुरु अर्जुन देव जी का प्रकाश पर्व मनाया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब देश का समृद्ध राज्य रहा है, लेकिन आजादी के लगभग 19 साल बाद पंजाब से बना हरियाणा राज्य आज विकास यात्रा में पंजाब से कहीं आगे निकल गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में भाजपा की सरकार आने पर लोगों का पंजाब के प्रति जो विश्वास व पहचान थी, उसे फिर से खड़ा किया जाएगा। युवाओं को नशे से दूर किया जाएगा, उद्योगों का पलायन रोका जाएगा, युवाओं को स्टार्टअप से आगे बढ़ाया जाएगा और व्यापारियों के बीच डर को खत्म किया जाएगा।इस अवसर पर पंजाब के पूर्व सांसद सरदार जगमीत सिंह बराड़, हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भारत भूषण भारती, महेंद्र सिंह सैनी, सरदार दीदार सिंह भट्टी, सरदार रघुवीर सिंह छिंदा, जत्थेदार बाबा पंजाब सिंह, राजेंद्र कौर, विशाल गुर्जर व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सरदार दयाल सिंह मजीठिया के आदर्श आज भी विद्यार्थियों और समाज के लिए प्रेरणास्रोत : डॉ. आशिमा गक्खड़

## दयाल सिंह कॉलेज में संस्थापक स. दयाल सिंह मजीठिया को श्रद्धांजलि, 128वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन





**करनाल, 9 सितंबर ( संदीप रोहिला ) :** दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में शिक्षा, परोपकार और समाजसेवा के महान प्रेरणास्रोत एवं संस्थापक स्वर्गीय सरदार दयाल सिंह मजीठिया की 128वीं पुण्यतिथि अत्यंत श्रद्धा, संवेदना और कृतज्ञता के भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह ने संस्थापक के त्याग, दूरदृष्टि और मानव-सेवा के आदर्शों की स्मृतियों को जीवंत कर दिया। युवा रेड क्रॉस सोसाइटी,ब्लड डोनेशन क्लब, एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों ने सहभागी होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदान शिविर और पौधारोपण अभियान के माध्यम से उनके 'सेवा और लोककल्याण' के संदेश को कर्मरूप में अभिव्यक्त किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. (डॉ.) आशिमा गक्खड़ एवं मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर रणधीर सिंह (दयाल सिंह ट्रस्ट सोसायटी) द्वारा सरदार दयाल सिंह मजीठिया की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन के साथ हुआ। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) आशिमा गक्खड़ ने अपने संबोधन में कहा कि दयाल सिंह जी की दूरदृष्टि केवल शिक्षा के प्रसार तक सीमित नहीं थी, बल्कि वे शिक्षा को समाज के सर्वांगीण विकास और मानव कल्याण का सशक्त माध्यम मानते थे। उनके आदर्श आज भी विद्यार्थियों और समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि महान व्यक्तित्वों की विरासत केवल उनके विचारों को स्मरण करने में नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन और कार्यों में आत्मसात करने में निहित है।उन्होंने आधुनिक संदर्भ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि ये ज्ञान एवं प्रगति के शक्तिशाली साधन हैं, किंतु मूल्यपरक शिक्षा, नैतिकता और मानवीय संवेदनाओं के अभाव में इनका उपयोग चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे तकनीकी ज्ञान के साथ विवेक, नैतिक दृष्टि, संवेदनशीलता और सेवा-भाव को भी विकसित करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा, कला, नवाचार, तकनीक और समाजसेवा के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनना चाहिए तथा अपने ज्ञान और प्रतिभा का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के बेहतर भविष्य के निर्माण में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दयाल सिंह जी के आदर्शों पर चलते हुए विद्यार्थियों का चरित्र-निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व और कॉलेज की निरंतर प्रगति ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर रणधीर सिंह (दयाल सिंह ट्रस्ट सोसायटी) ने अपने संबोधन में सरदार दयाल सिंह मजीठिया के व्यक्तित्व और उनके दूरदर्शी विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा, ज्ञान के प्रसार और समाजसेवा के क्षेत्र में जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि दयाल सिंह जी ने अपनी संपत्ति और संसाधनों का उपयोग व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए न करके समाज के व्यापक हित में किया और शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे दयाल सिंह जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्ति का माध्यम न मानें, बल्कि इसे समाज और राष्ट्र की सेवा का साधन बनाएँ। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी में अनुशासन, ईमानदारी, परोपकार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दयाल सिंह जी के आदर्शों को जीवंत बनाए रखने का सबसे सार्थक माध्यम यही है कि उनके मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुँचाया जाए और उन्हें व्यवहार में उतारा जाए। रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस. पी. भट्टी ने अपने संबोधन में सरदार दयाल सिंह मजीठिया के व्यक्तित्व और वैज्ञानिक सोच को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन तर्कशीलता, प्रगतिशील विचारों और समाज के कल्याण के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने तथा अपने ज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरदार मजीठिया के आदर्शों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है और दयाल सिंह कॉलेज जैसी संस्थाओं के माध्यम से उनकी ज्ञान एवं सेवा की विरासत निरंतर आगे बढ़ रही है। आस्था भाटिया (अंग्रेज़ी विभाग) ने कविता के माध्यम से सरदार दयाल सिंह मजीठिया के राष्ट्रहित के प्रति उनके समर्पण को भावपूर्ण अभिव्यक्ति प्रदान की। शान्तम (म्यूजिक विभाग) ने भजन की भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से सरदार दयाल सिंह मजीठिया को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में आध्यात्मिक एवं भावनात्मक वातावरण का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रेरणादायी भाषणों और कविताओं के माध्यम से सरदार मजीठिया को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में शिखा और रूद्रांस पन्त का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा। कार्यक्रम की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान के लिए कुल 102 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया, जिनमें से 97 रक्तदाताओं ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यूथ रेड क्रॉस सोसायटी प्रभारी डॉ. तेज पाल, यूथ रेड क्रॉस सोसायटी और ब्लड डोनेशन क्लब की पूरी टीम ने तत्परता, समर्पण और सक्रिय सहभागिता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। टीम के सदस्यों ने रक्तदाताओं के पंजीकरण, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा शिविर के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके समन्वित प्रयासों से रक्तदान शिविर व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) विशाखा गुप्ता (सदस्य,गवर्निंग बॉडी की शिक्षक प्रतिनिधि), डॉ प्रवीण कुमार (सदस्य,गवर्निंग बॉडी का शिक्षक प्रतिनिधि), डॉ. संजय वर्मा (इंचार्ज, ब्लड बैंक सिविल हॉस्पिटल, करनाल), अनिल कुमार (काउंसलर), रजनी (स्टाफ नर्स), दीपा (स्टाफ नर्स), रिंकू (सदस्य, गवर्निंग बॉडी का गैर शैक्षणिक प्रतिनिधि) कॉलेज के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण, एनएसएस, तथा एनसीसी (एयर एवं आर्मी विंग) आयोजन का हिस्सा बने। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. (डॉ.) अनीता अग्रवाल ने प्रभावशाली एवं सुचारु रूप से किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सरदार दयाल सिंह मजीठिया के शिक्षा, मानव सेवा और समाजोत्थान के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और स्वस्थ जीवन की दिशा में सरकार का ऐतिहासिक कदम है आयुष्मान वय वंदना योजना - उपायुक्त डॉ हरीश कुमार वशिष्ठ




पानीपत, 9 सितंबर (हरप्रीत छत्तवाल) केंद्र सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई आयुष्मान वय वंदना योजना बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत कवच बनकर सामने आई है। योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के लाभ उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि सरकार की यह पहल वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, स्वास्थ्य सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी भारतीय नागरिक केवल आर्थिक स्थिति के कारण बेहतर उपचार से वंचित न रहे, यही इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र वरिष्ठ नागरिकों को योजना की जानकारी देकर उनका आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जाए।उपायुक्त ने कहा कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड वरिष्ठ नागरिकों को कठिन समय में आर्थिक चिंता से राहत देने का प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से पात्र बुजुर्गों को देशभर में सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रति वर्ष 5 लाख तक के उपचार का स्वास्थ्य कवर उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उम्र बढने के साथ स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के लिए परिवार पर आर्थिक बोझ न बढ़े। हर वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों को लाभ 29 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री द्वारा आयुष्मान वय वंदना कार्ड का शुभारंभ किया गया था। इसके अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक, उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना, एबी-पीएमजेएवाई के लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं। योजना की खास बात यह है कि पात्रता के लिए आय, जाति अथवा आर्थिक स्थिति को आधार नहीं बनाया गया है। 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के राज्य कर्मचारी बीमा योजना के लाभार्थी तथा निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी रखने वाले वरिष्ठ नागरिक भी निर्धारित पात्रता के अनुसार योजना का लाभ ले सकते हैं। वहीं, पहले से आयुष्मान योजना के लाभार्थी परिवार में शामिल 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी अतिरिक्त स्वास्थ्य कवर का प्रावधान है। इससे ऐसे परिवारों के बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के समय अतिरिक्त आर्थिक सुरक्षा मिलती है। देशभर में कैशलेस उपचार की सुविधा आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से पात्र वरिष्ठ नागरिकों को सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा मिलती है। योजना की सुविधा देशभर में उपलब्ध होने के कारण बुजुर्ग अपने निवास स्थान के साथ-साथ अन्य स्थानों पर भी पात्रता के अनुसार उपचार का लाभ उठा सकते हैं। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा करना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान वय वंदना योजना केवल स्वास्थ्य बीमा का प्रावधान नहीं, बल्कि बुजुर्गों को यह भरोसा देने वाली पहल है कि बीमारी की स्थिति में उपचार के लिए उन्हें आर्थिक असुरक्षा का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों और उनके परिजनों से आह्वान किया कि वे योजना की जानकारी प्राप्त कर आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाएं और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएं।

## बाबैन अनाज मंडी में बढ़ी 1509 धान की आवक

**बाबैन,9 सितम्बर ( राजेश कुमार ):** बाबैन अनाज मंडी में 1509



किस्म की धान की आवक लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को मंडी में करीब 1500 क्विंटल 1509 धान की आवक हुई। इस बार 1509 किस्म की धान के किसानों को पिछले वर्ष की अपेक्षा बेहतर भाव मिलने से किसानों में उत्साह का माहौल है।किसान राम कृष्ण, अशोक कुमार, कृष्ण चंद, राम कुमार व गुरमेज सिंह ने बताया कि मौसम साफ रहने के कारण 1509 किस्म की धान खेतों में पककर तैयार हो गई है। इसके चलते किसान धान की कटाई में जुट गए हैं और आने वाले दिनों में मंडी में धान की आवक और बढ़ने की संभावना है। किसानों ने बताया कि इस वर्ष 1509 बासमती धान के भाव में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 700 रुपये प्रति क्विंटल तक का उछाल देखने को मिल रहा है। पिछले वर्ष जहां 1509 किस्म की धान करीब 3000 से 3300 रुपये प्रति क्विंटल तक बिकी थी, वहीं इस वर्ष किसानों को इसके 3600 से 3900 रुपये प्रति क्विंटल तक भाव मिल रहे हैं। किसानों का कहना है कि धान के अच्छे भाव मिलने से उन्हें काफी राहत मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में भी धान के भाव बेहतर बने रहेंगे, जिससे किसानों को उनकी मेहनत का उचित लाभ मिल सके।

## आई टी आई नरवाना में रोजगार की बहार, 55 युवाओं का चयन

***पूर्व छात्र ने प्लांट हेड बनकर अपने ही संस्थान में पहुंचकर युवाओं को दिया रोजगार—आईटीआई के लिए गर्व का क्षण***



**नरवाना, 9 सितम्बर ( नरेन्द्र कुमार ):** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नरवाना में बुधवार को आयोजित विशेष रोजगार एवं कैंपस प्लेसमेंट मेले में 55 युवाओं को रोजगार का अवसर मिला। हुडेई मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड, गन्नौर द्वारा आयोजित इस मेले में तकनीकी ट्रेडों से आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 86 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करवाया जिनमें से कंपनी प्रतिनिधियों ने तकनीकी कौशल एवं योग्यता के आधार पर 55 अभ्यर्थियों का चयन किया।कंपनी की ओर से फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, मोटर वाहन मैकेनिक और प्लंबर ट्रेड के युवाओं की भर्ती की गई। चयनित युवाओं को शुरुआत में 21 हजार रुपये प्रतिमाह सीटीसी वेतन के साथ अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। छह माह की सेवा पूरी होने के बाद कर्मचारियों के प्रदर्शन एवं कार्य रिकॉर्ड की समीक्षा की जाएगी और बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को 25 हजार रुपये प्रतिमाह सीटीसी तक वेतन पाने का अवसर मिलेगा।रोजगार मेले की सबसे खास और प्रेरणादायक बात यह रही कि कंपनी के प्लांट हेड प्यारे लाल भिश्नोई स्वयं चयन प्रक्रिया के लिए आईटीआई नरवाना पहुंचे। भिश्नोई इसी संस्थान के पूर्व छात्र हैं और आज अपनी मेहनत व तकनीकी कौशल के दम पर एक प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई का नेतृत्व कर रहे हैं।इस उपलब्धि पर संस्थान के प्रधानाचार्य ओमपाल ने प्यारे लाल भिश्नोई का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि यह आईटीआई नरवाना के लिए गौरव का क्षण है कि यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला विद्यार्थी आज एक प्रतिष्ठित कंपनी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहा है और अपने ही संस्थान में लौटकर विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रहा है।प्रधानाचार्य ओमपाल ने कहा कि पूर्व छात्रों की सफलता वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि आईटीआई में हासिल किया गया तकनीकी प्रशिक्षण यदि मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ाया जाए तो विद्यार्थी उद्योग जगत में ऊंचा मुकाम हासिल कर सकते हैं।कंपनी के अधिकारियों ने भी संस्थान की तकनीकी शिक्षा, विद्यार्थियों के व्यावहारिक कौशल और प्रबंधन की व्यवस्थाओं की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि अभ्यर्थियों में तकनीकी कार्यों की अच्छी समझ और व्यावहारिक दक्षता देखने को मिली, जिसके चलते बड़ी संख्या में युवाओं का चयन किया गया। प्लेसमेंट अधिकारी विनित कुमार ने कहा कि प्यारे लाल भिश्नोई की सफलता आईटीआई के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान के लिए गर्व की बात है कि यहां के पूर्व छात्र उद्योग जगत में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और अब अपने संस्थान से जुड़कर नई पीढ़ी के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के दरवाजे खोल रहे हैं।रोजगार मेले के दौरान संस्थान के अधिकारी, अनुदेशक, कंपनी प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मौजूद रहे।


**COURT NOTICE**

**In the Court of Sh. Avinash Yadav Additional Civil Judge (Senior Division), Gohana**
**CNR No. HRSOB0-000033-2026**
**Next Date:- 06-10-2026**

Jai Karan
Versus
State of Haryana

Notice to: Defendant 5. Ompati 6. Kalawati Ds/O Sh. Sundra S/o Sh. Jodha 7. Smt. Bimla D/O Sh. Sundra S/O Sh. Jodha (Now Deceased) Through Lrs:- i) Santosh ii) Sudesh Ds/O Smt. Bimla D/O Sh. Sundra S/O Sh. Jodha III) Rohtash S/O Smt. Bimla D/O Sh. Sundra S/O Sh. Jodha9. Kali Ram S/O Sh. Sundra S/O Sh. Jodha (Now Deceased) Through Lrs:- 1) Manoj Ii) Rajesh Ss/O Sh. Kali Ram S/O Sh. Sundra S/O Sh. Jodha10. Smt. Shanti Wd/O Sh. Balbir Singh S/O Sundra 12. Sushila Devi 13. Gunwati Devi 14. Satya Devi 15. Sita Devi 16. Sunita Ds/O Sh. Balbir Singh S/O Sh. Sundra S/o Sh. Jodha 21. Mahender Singh 22. Om Parkash Ss/O Sh. Karan Singh S/O Sh. Jodha Rs/O Village Dhurana, Sub-Tehsil Khanpur Kalan, District Sonipat. 23. Smt. Indro D/O Sh. Jeet Ram S/O Sh. Mange Ram 24. Smt. Omi D/O Sh. Jeet Ram S/O Sh. Jodha (Now Deceased) Through Lrs:- 1) Kuldeep (Son) ii) Neeta (Daughter) iii) Geeta (Daughter) iv) Sita (Daughter) V) Rani (Daughter) 25. Balbir Singh S/O Sh. Mange S/O Sh. Molar Rs/O Village Dhurana, Sub-Tehsil Khanpur Kalan, District Sonipat.

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 06.10.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Sonipat
Dated this day of 08-09-2026

**Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Gohana**

---

**In the Court of Sh. Kartik Sharma Civil Judge (Junior Division), Gharaunda**
**CNR No. HRKRC0-002496-2025**
**Next Date:- 07-10-2026**
**CIS No. CS 2995 of 2025**

Karambir
Versus
State of Haryana

Notice to: 1. Shamsher Singh S/O Hirda 2. Ram Kumar Son Of Lakhpat Son Of Nagina 3. Smt. Maya Daughter Of Hari Ram 4. Smt. Nirmal Daughter Of Shri Hari Ram 5. Gurdevi Daughter Of Hari Ram 6. Smt. Shanti Daughter Of Shri Hari Ram All R/O Village Kutail Tehsil Gharaunda Dist Karnal

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 07.10.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Karnal
Dated this day of 09-09-2026

**Sd/- Sh. Kartik Sharma Civil Judge (Junior Division), Gharaunda**

---

**In the Court of Sh. Vivek Singh Additional Civil Judge (Senior Division), Jind**
**CNR No. HRJN02-000847-2026**
**Next Date:- 25-09-2026**
**CIS No. Succ-11-2026**

Angrejo Devi
Versus
General Public

Petition U/S 372 Of The Indian Succession Act For Grant Of Succession Certificate In Favor Of Petitioner
Notice to: Def. No. 1 General Public General Public Haryana

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 25.09.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jind
Dated this day of 07-09-2026

**Sd/- Sh. Vivek Singh Additional Civil Judge (Senior Division), Jind**



**बेदखली सूचना**

मैं कश्मीरी लाल पुत्र श्री मोमन राम निवासी मकान नंबर 674, गली नंबर 4, आनंद विहार कॉलोनी, करनाल सूचित करता हूं कि मेरा लड़का कुनाल जोकि मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसे अपने चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं । भविष्य में इससे किसी प्रकार का कोई भी लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। -**शपथकर्ता**



**बेदखली सूचना**

मैं रामफल पुत्र श्री फकीर चन्द निवासी मकान नंबर 726,जुण्डला गेट इन्दिरा कालौनी तहसील व जिला करनाल सूचित करता हूं कि मेरा लड़का राकेश और इसकी पत्नी कविता जोकि ये दोनो मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इन दोनो को अपने चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं । भविष्य में इनसे किसी प्रकार का कोई भी लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। -**शपथकर्ता**


## मंत्री सतीश जारकीहोली के ठिकानों पर ईडी रेड

**बेंगलुरु 9 सितम्बर ( निस ):** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कर्नाटक के पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जारकीहोली, उनकी बेटी और सांसद प्रियंका जारकीहोली समेत कुछ अन्य लोगों से जुड़े 18 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई। अधिकारियों के मुताबिक, ईडी विदेशों में अवैध तरीके से पैसे भेजे जाने से जुड़े लेनदेन की जांच कर रही है। एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पैसा कहां से आया और विदेश तक कैसे पहुंचा। ईडी ने कुछ इनपुट के आधार पर सुरक्षा बलों के साथ समन्वय कर एक साथ कई जगहों पर तलाशी शुरू की।


**COURT NOTICE**

**In the Court of Sh. Rajinder Pal Singh Principal Judge, Family Court, Panipat**
**CNR No. HRPP01-003002-2026**
**Peshi:- 30-10-2026**

Sulekha Devi
Versus
General Public

Notice to: General Public:- Haryana

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 30.10.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Panipat
Dated this day of 08-09-2026

**Sd/- Sh. Rajinder Pal Singh Principal Judge, Family Court, Panipat**

---

**In the Court of Ms. Saru Goyal Civil Judge Junior Division-Cum-JMIC Ist Class,**
**CNR No. HRPP02-001651-2021**
**Next Date:- 12-11-2026**
**CIS No. CS/1375/2021**

Punjab National Bank Through Branch Manager Sh. Rajiv Kumar Malhotra
Versus
M/S Aarti Self Help Group Through its President/Secretary/Auth. Signatory

Suit For Recovery
Notice to: 1. M/S Aarti Self Help Group, House No. 11/8, New Ramesh Nagar, Panipat Through its President/Secretary / Authorized Signatory. 2. Smt. Sunita Wife Of Kewal Krishan Being Secretary Of M/S Aarti Self Help Group, House No. 859, Tej Colony, Tehsil Camp, Panipat. 3. Smt. Gurdeep Wife Of Balkar Singh Being Member Of M/S Aarti Self Help Group, House No. 733, Tehsil Town, Panipat. 4. Smt. Sushma Wife Of Raj Singh Being Member Of M/S Aarti Self Help Group, House No. 236, Jyoti Colony, Panipat.

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 12.11.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Panipat
Dated this day of 07-09-2026

**Sd/- Civil Judge Junior Division-Cum-JMIC Ist Class,**

---

**In the Court of Sh. Mohit Aggarwal Additional District and Sessions Judge, Kaithal**
**CNR No. HRKH01-005054-2024**
**Next Date:- 11-12-2026**
**CIS No. CA-181-2024**

Smt Sheela Devi
Versus
Jawahar Singh

Notice to: LR of Inderjit Singh S/o Smt. Jarnailo W/o Ajib Singh 7(d) R/o Village Shekhpura, Near Punjab University, Patiala.

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 11.12.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district= Kaithal
Dated this day of 05-09-2026

**Sd/- Sh. Mohit Aggarwal Additional District and Sessions Judge, Kaithal**

---

**In the Court of Sh. Harish Sabbarwal Additonal Civil Judge (Senior Division), Narnaul**
**CNR No. HRNR02-001563-2026**
**Next Date:- 18-09-2026**
**Previous Date 01-09-2026**
**SUCC/13/2026**

Manju Yadav
Versus
General Public

Notice to: General Public:- General Public

In above titled plaint, the defendant(s)/respondent(s) could not served. thus, it is ordered that the defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 18-09-2026 at 10:00 am.
For details logon to http/highcourtchd.gov.in/?trs district_notice&district=Mahendragarh
Dated this day of 09-09-2026

**Sd/- Additonal Civil Judge (Senior Division),Narnaul**

---

**In the Court of Harsimran Kaur Keron Civil Judge Junior Division,**
**CNR No. HRJRA0-000737-2026**
**Next Date:- 09-10-2026**
**CS-512/26**

Manoj
Versus
Registrar medical officer incharge jhajjar

Notice to: G.P Bahadurgarh, Jhajjar

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 09.10.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Jhajjar*
Dated this day of 08-09-2026

**Sd/- Harsimran Kaur Keron Civil Judge Junior Division,**

---

**In the Court of Sh. Mahavir Singh Additional District and Sessions Judge cum MACT Kurukshetra**
**CNR No. HRKU01-005614-2024**
**Next Date:- 16-11-2026**
**Macp/374/2024**

Seema Rani
Versus
Chetan Gupta

Notice to: Chetan Gupta s/o Sanjeev Kumar Gupta r/o Azad Nagar, Yamunanagar, District Yamunanagar

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 16.11.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district= Kurukshetra
Dated this day of 07-09-2026

**Sd/- Sh. Mahavir Singh Additional District and Sessions Judge cum MACT Kurukshetra**

# सम्पादकीय

## हर हादसे के बाद कोई बख्शा नहीं जाएगा का जुमला

जब भी कोई बड़ा हादसा होता है या कोई ऐसा अपराध होता है जिससे सरकार के लिए परेशानी खड़ी हो सकती है, उस समय पर भाजपा नेताओं के जो बयान आते हैं उसमें कहा जाता है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी, कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। लेकिन यह एक जुमला है जो भाजपा शासित राज्यों में और भाजपा के नेताओं द्वारा पिछले कई सालों से बोला जा रहा है। कार्यवाही के नाम पर 9 दिन चले अढाई कोस की स्थिति बनी रहती है। जांच के नाम पर बड़े-बड़े दावे और वादे किए जाते हैं, लेकिन ना तो कभी जाँच रिपोर्ट सामने आती है ना ही किसी अपराधी को सजा मिलती हुई दिखती है। ताबड़तोड़ तरीके से बड़ी-बड़ी कार्यवाही दिखावे के लिए हो जाती है, लेकिन असल में होता-जाता कुछ नहीं है। मामले को शांत करने के लिए हर दुर्घटना, हादसे और अपराध में सरकारी खजाने से मुआवजा देकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। इसे कहते हैं हर्र लगे ना फिटकरी, रंग चोखा हो जाए। सरकारी खजाने से मुआवजा देकर भाजपा नेता वाहवाही लूट लेते हैं। मामला भी शांत हो जाता है, जांच के बहाने मामला महीनों और सालों के लिए ठंडे बस्ते में चला जाता है। पिछले एक दशक से यही सब देखने को मिल रहा है। आम जनता को दोनों तरफ से नुकसान उठाना पड़ता है। सरकार और घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से जान और माल से हाथ धोना पड़ता है। यह घटना लगातार चलती रहती है। घटना हो जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं आता है। जो दावे नेता और अधिकारियों द्वारा किए जाते हैं वह केवल बयान तक सीमित रहते हैं। दिल्ली में हाल ही में जो इमारत गिरी है, इसमें सात की मौत हो गई है। करीब एक दर्जन घायल छात्र अस्पताल में भर्ती हैं। पूरी दिल्ली में इस तरह के निर्माण हज़ारों की संख्या में है। दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार है। पिछले कई वर्षों से नगर निगम दिल्ली में भाजपा काबिज है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार भी भाजपा की है। एलजी भी भाजपा द्वारा नियुक्त किए गए हैं। इसके पहले भी दर्जनों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हर बार जुमला यही रहता है हम किसी भी दोषी को बख्शेंगे नहीं, कड़ी से कड़ी सजा देंगे। कुछ दिनों तक मामला बयानों से सुर्खियों में बना रहता है। सरकारी खजाने से मुआवजा देने के बाद जैसे ही यह मामला शांत पड़ता है उसके बाद सरकार, दिल्ली नगर निगम और केंद्र सरकार सब कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं। अधिकारी, पार्षद, विधायक, मंत्री, पुलिस सब अपना अपना सुविधा शुल्क लेकर आंख बंद करके बैठे रहते हैं। किसी भी अधिकारी की कोई जिम्मेदारी निश्चित नहीं की जाती है। उसके ऊपर कोई दंडात्मक कार्यवाही नहीं होती है। जिसके कारण घटना के बाद एक दूसरे के ऊपर ठीकरा फोड़ने की प्रक्रिया शुरू होती है। जांच चलती रहती है, निष्कर्ष कभी नहीं निकलता है। दोषी, रिश्वतखोर, भ्रष्टाचारी, अधिकारी, कर्मचारी और राजनेता हमेशा बचे रहते हैं। मामला न्यायपालिका के पास जाता है। न्यायपालिका भी दोषी अधिकारियों पर कभी कोई ऐसी दंडात्मक कार्यवाही नहीं करती है जिसके कारण अधिकारियों में कोई खौफ हो। दिल्ली में ऐसे हजारों निर्माण हैं, जो अवैध रूप से किए गए हैं। यह सब सामने दिखते हैं, लेकिन रिश्वत और भ्रष्टाचार में सभी की हिस्सेदारी होती है। यह काम अनवरत चल रहा है। सरकार और अधिकारियों को मालूम है, जब कोई घटना होगी उससे हमें कैसे निपटना है। भ्रष्टाचार और रिश्वत की कमाई इतनी बड़ी है कि इसकी छत्रछाया में आकर ईमानदार से ईमानदार अधिकारी और नेता भी अपने आपको इस व्यवस्था में ढाल लेता है। सबका अपना अपना भाग्य है, जो मर गए या जिन्हें नुकसान हुआ उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होते हैं। उनका भाग्य जिम्मेदार होता है। अधिकारी और नेता कर भी क्या सकते हैं। यही कहा जा सकता है। राम मंदिर में चंदा और चढ़ावा चोरी को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने भी इसी तरह से कहा था। जांच कर रहे हैं, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। छोटे-मोटे कर्मचारियों को जेल भेजकर अब सारे मामले में पर्दा डाला जा रहा है। यह सारा देश देख रहा है। आम लोगों के बीच अब यह चर्चा होने लगी है। भाजपा नेता और डबल इंजन की सरकारों में दावे बहुत बड़े-बड़े किए जाते हैं, लेकिन वह दावे केवल अखबारों और मीडिया की सुर्खियों के लिए होते हैं। जिसके कारण अब आम जनता में भी जगह-जगह रोष देखने को मिलने लगा है। हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने नोएडा के कलेक्टर और अन्य अधिकारियों को गलत तरीके से आंदोलनकारी छात्रा को एनएसए में 5 महीने की हिरासत में रखा था, पर हाईकोर्ट ने 500000 रूपये का जुर्माना अधिकारियों से वसूल करने का आदेश दिया है। यदि इसी तरह के आदेश न्यायपालिका की ओर से आने लगे, दोषी अधिकारियों कर्मचारियों और पद पर बैठे हुए संवैधानिक पदाधिकारी की जिम्मेदारी तय होने लगे। सरकारी खजाने से पैसा बांटने के स्थान पर यदि दोषी अधिकारियों से वसूली की जाने लगे तो इस तरह के अवैध कार्यों और अवैध निर्माणों पर रोक लग सकती है। अभी भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के कारण तथा किसी की कोई जिम्मेदारी नहीं होने से जिसकी मर्जी जो आ रहा है वह कर रहा है। जिसके कारण हर जगह अराजकता की स्थिति बनती चली जा रही है। अब तो अधिकारी अपने-अपने हिसाब से खुद नियम, कायदे-कानून बनाने लगे हैं। संवैधानिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था में इससे बड़ा मजाक और क्या हो सकता है।

# सत्य निकेतन हादसाः जिम्मेदार अफसर पर सख्त कार्रवाई हो

**– ललित गर्ग**

दिल्ली के सत्य निकेतन में रविवार को पांच मंजिला छात्र-पीजी भवन का भरभराकर गिर जाना केवल एक दर्दनाक हादसा नहीं है। यह उस व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न है, जो भवन बनने देती है, उसमें अनधिकृत निर्माण होने देती है, उसमें विद्यार्थियों को रहने देती है, उसकी कमजोरियों को वर्षों तक नजरअंदाज करती है और फिर उसके ढह जाने के बाद जागती है। इस हादसे में अब तक छह लोगों की मौत की सूचना है और कई लोग घायल हुए हैं। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार भवन में बेसमेंट और कई ऊपरी मंजिलों में मरम्मत या निर्माण संबंधी काम चल रहा था। प्रशासन ने मजिस्ट्रेट जांच और भवन मालिक के खिलाफ एफआईआर के आदेश दिए हैं। लेकिन असली सवाल यह नहीं है कि हादसे के बाद किसके खिलाफ एफआईआर होगी? असली सवाल यह है कि हादसे से पहले जिम्मेदार अधिकारी कहां थे? यदि निर्माण नियमों का उल्लंघन था, यदि भवन का स्वीकृत नक्शा नहीं था, यदि अतिरिक्त मंजिलें बनाई गई थीं, यदि बेसमेंट में निर्माण चल रहा था, यदि भवन छात्रों के रहने के लिए इस्तेमाल हो रहा था और यदि वह संरचनात्मक रूप से जोखिमपूर्ण था, तो इन सबका पता प्रशासन को तब क्यों नहीं चला जब वहां निर्माण हो रहा था?

सत्य निकेतन दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के आसपास विद्यार्थियों का प्रमुख इलाका है। देश के विभिन्न राज्यों से हजारों युवा यहां अपने भविष्य के सपने लेकर आते हैं। वे छोटे-छोटे कमरों, पीजी और किराये के मकानों में रहकर पढ़ते हैं। उनके माता-पिता अपनी जीवनभर की कमाई का बड़ा हिस्सा बच्चों की शिक्षा पर लगाते हैं और यह विश्वास करते हैं कि राजधानी में उनका बच्चा सुरक्षित रहेगा। लेकिन जब शिक्षा की तलाश में निकला युवा एक ऐसी इमारत में पहुंचता है, जिसकी नींव ही नियमों और सुरक्षा के साथ समझौते पर टिकी हो, तो विकास की हमारी पूरी अवधारणा कटघरे में खड़ी हो जाती है और यह कोई पहली चेतावनी नहीं है। 2022 में भी सत्य निकेतन में निर्माणाधीन चार मंजिला इमारत ढहने से दो मजदूरों की मौत हुई थी और चार लोग घायल हुए थे। उस समय भी निर्माण कार्य, सुरक्षा और भवन की निगरानी पर सवाल उठे थे। लगभग चार साल बाद उसी इलाके में फिर एक बड़ी इमारत ढह गई। इसका अर्थ है कि हमने



घटना से सबक लेने के बजाय घटना को एक समाचार की तरह देखा और आगे बढ़ गए।

यहां भ्रष्टाचार की बात करते समय एक सावधानी भी जरूरी है। किसी अधिकारी या व्यवसायी को बिना जांच दोषी ठहराना उचित नहीं। लेकिन यदि जांच में यह सिद्ध होता है कि नियमों के विरुद्ध निर्माण को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया, निरीक्षण में लापरवाही हुई या किसी प्रकार की मिलीभगत रही, तो जिम्मेदारी केवल भवन मालिक तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। जिसने नियम तोड़े और जिसने नियम तोड़ने दिए-दोनों को जवाबदेह बनाना होगा। सत्य निकेतन की त्रासदी को जुलाई 2024 के पुराने राजेंद्र नगर हादसे से अलग करके नहीं देखा जा सकता। वहां राव आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों-तनीया सोनी, श्रेया यादव और नवीन डालविन की मृत्यु हुई थी। सबसे भयावह तथ्य यह था कि बेसमेंट का उपयोग लाइब्रेरी के रूप में हो रहा था, जबकि उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार उसे पार्किंग और स्टोरेज के लिए इस्तेमाल किया जाना था। इससे भी अधिक चिंताजनक बात सामने आई-हादसे से लगभग एक महीने पहले एक विद्यार्थी ने एमसीडी में शिकायत की थी।भारत में भवन निर्माण के लिए नियमों की कमी नहीं है। नक्शा स्वीकृति, भवन उपविधियां, अग्नि सुरक्षा, संरचनात्मक सुरक्षा, अधिभोग प्रमाणपत्र, पार्किंग, बेसमेंट के उपयोग-हर क्षेत्र के लिए नियम हैं। लेकिन समस्या नियमों की संख्या नहीं, उनके पालन की ईमानदारी है। जब किसी भवन में एक मंजिल की अनुमति हो और चार-पांच मंजिलें खड़ी हो जाएं, जब बेसमेंट स्टोरेज के लिए स्वीकृत हो और वहां लाइब्रेरी या व्यावसायिक गतिविधि चलने लगे, जब सड़क की जलनिकासी बाधित हो और फिर भी निर्माण चलता रहे-तो सवाल केवल नागरिक की मनमानी का नहीं है। सवाल उस पूरी निगरानी व्यवस्था का है, जो आंखों के सामने होने वाले बदलाव को देखने के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं करती। भ्रष्टाचार केवल रिश्वत लेने का नाम नहीं है। भ्रष्टाचार वह भी है जब कोई जिम्मेदार व्यक्ति अपने कर्तव्य को जानबूझकर न निभाए। किसी अवैध निर्माण को देखकर आंखें बंद कर लेना भी व्यवस्था के प्रति अपराध है। किसी भवन को जोखिमपूर्ण जानते हुए कार्रवाई न करना भी भ्रष्ट प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा है। सरकारी भवन भी सुरक्षित नहीं तो आम आदमी किस पर भरोसा करे? मई 2024 में दिल्ली के आईटीओ स्थित सेंट्रल रेवेन्यू बिल्डिंग में आग लगी थी। 46 वर्षीय ऑफिस सुपरिंटेंडेंट की धुएं में दम घुटने से मृत्यु हुई थी। रिपोर्टों के अनुसार भवन पुराना था और उसमें आधुनिक फायर-स्प्रिंकलर व्यवस्था भी नहीं थी। यह घटना एक और सवाल सामने रखती है-जब सरकारी भवनों में भी सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है, तो निजी और अनधिकृत भवनों की निगरानी की स्थिति क्या होगी? मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु और देश के अन्य महानगरों में अनियोजित शहरी विस्तार लगातार बढ़ रहा है। जमीन सीमित है, जनसंख्या बढ़ रही है, किराये की मांग बढ़ रही है और व्यावसायिक हित अधिकतम जगह का अधिकतम उपयोग चाहते हैं। ऐसे में यदि शासन मजबूत नियमन और वैज्ञानिक शहरी नियोजन नहीं करेगा तो शहर ऊपर की ओर बढ़ेंगे, लेकिन उनकी सुरक्षा नीचे गिरती जाएगी। दुर्घटना के बाद वही परिचित दृश्य सामने आता है-मंत्री घटनास्थल पर पहुंचते हैं, अधिकारी बैठक करते हैं, मुआवजे की घोषणा होती है, जांच समिति बनती है, कुछ भवन सील होते हैं, कुछ गिरफ्तारियां होती हैं और कुछ दिनों तक प्रशासन सक्रिय दिखाई देता है। फिर धीरे-धीरे सब सामान्य हो जाता है। लेकिन किसी मृत विद्यार्थी के माता-पिता के लिए कुछ भी सामान्य नहीं होता। उनके लिए वह एक जांच समिति नहीं, जीवनभर का खालीपन है। उनके लिए मुआवजे की राशि उनके बेटे या बेटी का विकल्प नहीं है। वे यह जानना चाहते हैं कि उनका बच्चा सुरक्षित क्यों नहीं था? किसने सुरक्षा की गारंटी दी थी? किसने निगरानी की थी? किसने खतरे को नजरअंदाज किया था? इसलिए जांच का उद्देश्य केवल दोषी व्यक्ति ढूंढना नहीं होना चाहिए। जांच को यह भी पता लगाना चाहिए कि किस स्तर पर सिस्टम विफल हुआ।

# जहरीली शराबःकब तक बिकेगी शराब के नाम पर मौत की घुट्टी

**– मनोज कुमार अग्रवाल**

भारत में जहरीली शराब से होने वाली मौतें एक गंभीर सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती बनी हुई हैं, जिसमें ड्राई स्टेट से लेकर अन्य राज्यों तक लगातार दुखद घटनाएं सामने आती रहती हैं। ताजा मामला मध्य प्रदेश के सागर में जहरीली शराब कांड ने हड़कंप मचा दिया है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 112 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हैं. मामले में मजिस्ट्रेटियल जांच के आदेश दिए गए हैं. प्रशासन ने एहतियातन इलाके की छह शराब दुकानों को सील कर दिया है. पुलिस ने 30 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है और 14 लोगों को हिरासत में लिया गया है. वहीं, मौतों के आंकड़े को लेकर सियासत भी गरमा गई है. अभी अगस्त 2026 में गुजरात के भावनगर में भी नकली विदेशी शराब के नाम पर बेची गई जहरीली शराब पीने से 7 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती किए गए। जहरीली शराब का यह जानलेवा सिलसिला देश के विभिन्न हिस्सों में समय-समय पर देखने को मिलता है।देश भर में आए दिन जहरीली और नकली शराब से होने वाली मौतें अब केवल दुर्घटनाएं नहीं रह गई हैं, बल्कि ये घटनाएं हमारी व्यवस्था, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और समाज के सामने खड़े एक गंभीर सवाल का रूप ले चुकी हैं। हर कुछ महीनों सप्ताह के अन्तराल पर देश के किसी न किसी हिस्से से खबर आती है कि नकली शराब पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ी, कई अस्पताल पहुंचे और कुछ ने दम तोड़ दिया। प्रशासन सक्रिय होता है, गिरफ्तारियां होती हैं, जांच बैठती है, मुआवजे की घोषणा होती है और कुछ समय बाद मामला फिर सुर्खियों से गायब हो जाता है। फिर किसी दूसरे शहर, गांव या राज्य में वही कहानी दोहराई जाती है। सवाल यही है, आखिर यह सिलसिला कब थमेगा ?

शराबबंदी वाले राज्यों में तस्करी का सिलसिला अधिक गंभीर है, अभी समस्तीपुर बिहार में आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त टीम ने दिल्ली से आ रही स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के फर्स्ट क्लास एसी कोच से 75 लीटर महंगी विदेशी शराब बरामद की है। इस तस्करी के आरोप में एक युवती नेहा और उसके जीजा को गिरफ्तार किया गया है।जिस राज्य में शराब की बिक्री और सेवन पर कानूनी प्रतिबंध है, वहां नकली शराब लोगों तक पहुंच कैसे रही है? भावनगर शराब कांड में पुलिस की शुरुआती जांच में एक लोकप्रिय ब्रांड के नाम पर डुप्लीकेट शराब बेचे जाने और इसके मध्य प्रदेश से लाए जाने की आशंका सामने आई है। पुलिस ने इस नेटवर्क से जुड़े लोगों को हिरासत में भी लिया है। लेकिन भावनगर कोई पहली घटना नहीं है। गुजरात ने जुलाई 2022 में भी भयावह शराब त्रासदी देखी थी। बोटाद और आसपास के इलाकों में जहरीली शराब से 42 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। उस समय भी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई हुई, अधिकारियों का तबादला हुआ और अवैध शराब के नेटवर्क को तोड़ने के दावे किए गए थे। सवाल है कि चार वर्ष बाद भी यदि नकली शराब लोगों तक पहुंच रही है तो पिछली कार्रवाई से हमने आखिर सीखा क्या? यह समस्या केवल गुजरात तक सीमित नहीं है। पंजाब, बिहार, तमिलनाडु, असम, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और कई अन्य राज्य समय-समय पर ऐसी त्रासदियों के गवाह बने हैं। तमिलनाडु के कालाकुरिची में जून 2024 में मेथेनॉल मिली अवैध शराब ने दर्जनों परिवारों को उजाड़ दिया था। आधिकारिक कार्रवाई के दौरान अवैध शराब जब्त हुई, गिरफ्तारियां हुई और प्रशासनिक अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों में भी अवैध एवं नकली शराब के सेवन से होने वाली मौतों को अलग श्रेणी में दर्ज किया जाता है। उपलब्ध एनसीआरबी आधारित डेटा 2012 से 2024 तक राज्यवार ऐसी मौतों का दस्तावेजीकरण करता है। इससे इतना तो साफ है कि यह किसी एक राज्य या एक दौर की समस्या नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही राष्ट्रीय चुनौती है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि अक्सर इन घटनाओं में मरने वाले लोग समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं। सस्ती शराब की तलाश उन्हें ऐसे अवैध कारोबारियों तक पहुंचा देती है जिन्हें न गुणवत्ता की चिंता होती है, न कानून का भय और न इंसानी जीवन की कीमत का एहसास। अधिक नशा पैदा करने या लागत कम रखने के लिए शराब में मेथेनॉल जैसे जहरीले रसायनों की मिलावट जानलेवा साबित हो सकती है। कल्लाकुरिची मामले में भी मेथेनॉल मिश्रित शराब की पुष्टि सामने आई थी। अधिकरत देखा जाता है कि हर बड़ी आसदी के बाद प्रशासन की एक परिचित तस्वीर सामने आती है। छापेमारी शुरू होती है, अवैध ठिकाने बंद किए जाते हैं, संदिग्ध गिरफ्तार होते हैं और पुलिस अधिकारियों से जवाब मांगा जाता है। अवैध शराब का कारोबार अकेले किसी गली या गांव में बैठा व्यक्ति नहीं चला सकता। कच्चा माल कहां से आता है? बोतलें कहां बनती हैं? लोकप्रिय कंपनियों के नाम और लेबल की नकल कैसे होती है? माल एक जिले से दूसरे जिले और कई बार एक राज्य से दूसरे राज्य तक कैसे पहुंचता है? परिवहन, भंडारण और बिक्री की जानकारी स्थानीय स्तर पर किसी को क्यों नहीं मिलती? यदि वर्षों तक कारोबार चलता रहता है तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या कहीं न कहीं प्रशासनिक लापरवाही, स्थानीय संरक्षण या भ्रष्ट तंत्र भी इसका रास्ता आसान कर रहा है। शराबबंदी वाले राज्यों के लिए यह समस्या और बड़ी चुनौती है। केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं होता। यदि वैध बिक्री बंद होने के बाद अवैध बाजार पैदा हो जाए और उसकी निगरानी कमजोर रहे तो तस्करों को अधिक मुनाफे का अवसर मिलता है।

शराबबंदी का उद्देश्य समाज को नशे से बचाना है, लेकिन यदि उसी व्यवस्था के भीतर जहरीली शराब का संगठित बाजार फलने लगे तो नीति की समीक्षा और क्रियान्वयन दोनों जरूरी हो जाते हैं।

# विकास की नई रेल, गुजरात की धरती से देश को नई रफ्तार

**–विनोद सिंह 'तकियावाला'**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने गृह राज्य गुजरात की धरती बड़ोदरा से देश के बुनियादी ढाँचे और रेल कनेक्टिविटी के विकास का एक नया अध्याय जोड़ा। बड़ोदरा में आयोजित कार्यक्रम में 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पण और शिलान्यास किया गया। इनमें रेल, माल ढुलाई, सड़क, कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएँ शामिल हैं।बड़ोदरा की धरती से होने वाला यह कार्यक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इसकी सबसे बड़ी कड़ी देश के वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ी है। प्रधानमंत्री ने इसके तीन महत्वपूर्ण खंड राष्ट्र को समर्पित किए। कुल 326 रूट किलोमीटर लंबे इन खंडों को 20,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। इनमें सानंद (उत्तर)-मकरपुरा, न्यू उमरगाँव-न्यू सफाले तथा न्यू सफाले-जेएनपीए खंड शामिल हैं। इन खंडों के राष्ट्र को समर्पित होने के साथ वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का पूरा नेटवर्क परिचालन में आ गया है।यह उपलब्धि केवल रेलवे की नई पटरियों के विस्तार की कहानी नहीं है। यह देश की अर्थव्यवस्था और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को नई गति देने वाली आधारभूत संरचना है। मालगाड़ियों के लिए अलग समर्पित कॉरिडोर उपलब्ध होने से माल परिवहन की गति बढ़ेगी, ट्रांजिट टाइम कम होगा और औद्योगिक क्षेत्रों तथा बंदरगाहों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी। जेएनपीए तक सीधी कनेक्टिविटी से आयात- निर्यात के माल की आवाजाही अधिक सुगम होने के साथ लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में भी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के पूर्ण होने को देश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए इसे विकसित भारत की यात्रा से जोड़ा। उन्होंने आधुनिक बुनियादी ढाँचे को देश की आर्थिक प्रगति की आधारशिला बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सड़क, रेल, बंदरगाह और अन्य आधारभूत सुविधाओं का तेज विस्तार आवश्यक है। उनके संबोधन में गुजरात के विकास को देश के



विकास से जोड़ने और विकास की गति को और तेज करने का संदेश भी स्पष्ट दिखाई दिया।भारत जैसे विशाल देश में आर्थिक विकास की गति केवल उत्पादन बढ़ाने से निर्धारित नहीं होती। उत्पादन को बाजार तक पहुँचाने की गति, कच्चे माल को उद्योग तक पहुँचाने की क्षमता और बंदरगाहों से देश के अलग-अलग हिस्सों तक माल पहुँचाने की दक्षता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इसी दृष्टि से डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर भारत के बदलते लॉजिस्टिक्स तंत्र की रीढ़ बनने की क्षमता रखता है।प्रधानमंत्री ने विभिन्न स्थानों से मालगाड़ी सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। न्यू सानंद (उत्तर), न्यू मकरपुरा, न्यू उमरगाँव और न्यू जेएनपीए से मालगाड़ी सेवाओं की शुरुआत पश्चिमी भारत के औद्योगिक और व्यापारिक नेटवर्क को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे उद्योगों को माल की तेज आवाजाही का विकल्प मिलेगा और बंदरगाहों से जुड़ी आपूर्ति श्रृंखला को भी मजबूती मिल सकती है।रेल विकास का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष यात्री सुविधाओं और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी से जुड़ा है। प्रधानमंत्री ने बड़ोदरा और टांडा रोड के बीच नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। इससे बड़ोदरा के साथ छोटा उदयपुर और अलीराजपुर जैसे क्षेत्रों के लोगों को बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध होने की उम्मीद है। वहीं छोटा उदयपुर-धार रेल परियोजना के हिस्से के रूप में विकसित जोबट-टांडा रोड नई रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया गया।यह रेल लाइन अलीराजपुर के दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने की दृष्टि से विशेष महत्व रखती है। रेल संपर्क किसी क्षेत्र के लिए केवल आवागमन का साधन नहीं होता, बल्कि उसके साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, व्यापार और पर्यटन की संभावनाएँ भी आगे बढ़ती हैं। ऐसे क्षेत्रों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी देना उन्हें आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बड़ोदरा से आज केवल तैयार परियोजनाओं का उद्घाटन नहीं हुआ, बल्कि भविष्य की रेल क्षमता बढ़ाने की नींव भी रखी गई। प्रधानमंत्री ने लगभग 329 किलोमीटर लंबी तीन रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन पर 9,700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्तावित है। इनमें वडोदरा-रतलाम तीसरी और चौथी रेल लाइन, मियागाम करजन-चोरंडा-मालसर गेज परिवर्तन तथा विश्वामित्री-दभोई डबलिंग परियोजना शामिल हैं।

वडोदरा-रतलाम के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन का विस्तार विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। गुजरात और मध्य प्रदेश को जोड़ने वाला यह रेल मार्ग यात्री तथा माल परिवहन दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

अतिरिक्त रेल लाइनें बनने से मार्ग की क्षमता बढ़ेगी, ट्रेनों के संचालन में सुविधा होगी और बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। विकास के साथ जब यात्री और माल परिवहन की आवश्यकता लगातार बढ़ रही हो, तब रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ाना समय की आवश्यकता बन जाता है। सड़क परिवहन को भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया। प्रधानमंत्री ने लगभग 1,780 करोड़ रुपये की लागत वाली तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें एनएच-48 के कामरेज-चलथान खंड का छह लेन में विस्तार, वडोदरा-सूरत खंड में तापी और नर्मदा पर प्रमुख पुलों सहित अतिरिक्त संरचनाओं का निर्माण तथा एनएच-53 पर अभवा, मिंधोला और खजोद जंक्शन पर ग्रेड-सेपरेटेड संरचनाओं का निर्माण शामिल है।रेल और सड़क—दोनों क्षेत्रों में एक साथ हो रहा यह विस्तार बताता है कि आधुनिक भारत में कनेक्टिविटी को विकास की बुनियादी शर्त माना जा रहा है। किसी उद्योग को बाजार से जोड़ना हो, किसी बंदरगाह को औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ना हो या किसी दूरदराज गाँव और आदिवासी क्षेत्र को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ना हो, मजबूत परिवहन नेटवर्क उसकी पहली आवश्यकता है।

# किराया नहीं भरने वालों पर नगर निगम का शिकंजा, 10 दुकानें जल्द होंगी सील : सलोनी शर्मा

## 30 किराएदारों को नोटिस जारी, 7 दिन का अंतिम मौका, इसके बाद होगी कार्रवाई





**करनाल, 9 सितंबर ( सोनी दुआ ):** नगर निगम की दुकानों एवं बूथों का लंबे समय से किराया जमा नहीं करवाने वाले किराएदारों के खिलाफ नगर निगम करनाल ने अब सख्त रुख अपना लिया है। बकाया किराए की वसूली के लिए तैयार की गई कार्ययोजना के तहत संबंधित किराएदारों को 7 दिन का अंतिम अवसर दिया गया है। निर्धारित अवधि में किराया जमा नहीं करवाने पर उनकी दुकानों एवं बूथों को हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 408-ए (1) के तहत सील किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने बताया कि बकायादार किराएदारों को पहले भी कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा टेलीफोन के माध्यम से भी किराया जमा करवाने के लिए कहा गया है, लेकिन इसके बावजूद कई किराएदारों ने लंबे समय से बकाया किराया जमा नहीं करवाया। ऐसे मामलों में अब किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।93 बकायादारों की सूची तैयार, 10 दुकानों पर सीलिंग की तैयारी।निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम के प्रवर्तन दल द्वारा 93 बकायादार किराएदारों की सूची तैयार की गई है। इनमें नगर निगम तथा नगर सुधार मंडल की दुकानें एवं बूथ शामिल हैं। सूची में शामिल 8 से 10 किराएदारों ने अपना बकाया किराया जमा करवा दिया है, जबकि लंबे समय से किराया नहीं भरने वाले करीब 10 दुकानों को जल्द सील करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा करीब 30 बकायादार किराएदारों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं तथा शेष किराएदारों को भी नोटिस वितरित किए जा रहे हैं।कम्बोपुरा, उचानी और राम नगर से शुरू होगी कार्रवाई।नगर निगम के प्रवर्तन दल द्वारा सीलिंग कार्रवाई की शुरुआत कम्बोपुरा, उचानी और राम नगर क्षेत्र से किए जाने की तैयारी है। इसके बाद अन्य क्षेत्रों में भी बकाया किराया नहीं भरने वाले किराएदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बकायादारों की सूची में कम्बोपुरा, उचानी, राम नगर, पुराना बस स्टैण्ड, कर्ण ताल, महर्षि वाल्मिकी चौक, मेरठ रोड, प्रेम नगर, बांसो गेट, अर्जुन गेट, नेहरू पैलेस तथा रणधीर लेन मार्केट सहित विभिन्न क्षेत्रों की दुकानें एवं बूथ शामिल हैं।बड़े बकायादारों को लेकर निगम गंभीर।नगर निगम द्वारा तैयार सूची में कई ऐसे किराएदार भी शामिल हैं, जिन पर काफी समय से बड़ी राशि बकाया है। इनकी सूची निम्न प्रकार से है-मनोज कुमार, दुकान नंबर 8, राम नगर — करीब 6.50 लाख रुपये बकाया। कृष्ण कुमार, दुकान नंबर 5, कम्बोपुरा — करीब 7 लाख रुपये बकाया।नरिंदर, दुकान नंबर 15, कम्बोपुरा — करीब 50 हजार रुपये बकाया।बृज गोपाल, दुकान नंबर 8, कम्बोपुरा — करीब 27 हजार रुपये बकाया।अशोक गाबा, दुकान नंबर 16, कम्बोपुरा — करीब 25 हजार रुपये बकाया।रमेश, दुकान नंबर 15, उचानी — करीब 66 हजार रुपये बकाया।सुनीता, दुकान नंबर 9, उचानी — करीब 64 हजार रुपये बकाया।अनिल, दुकान नंबर 8, कर्ण ताल — करीब 3.60 लाख रुपये बकाया।सुरेन्द्र व दिनेश, दुकान नंबर 15, कर्ण पार्क — करीब 60 हजार रुपये बकाया।राकेश कुमार, दुकान नंबर 5, मेरठ रोड — करीब 31 हजार रुपये बकाया।चालू वित्त वर्ष में 1.22 करोड़ की डिमांड, 70 लाख की वसूली।निगमायुक्त ने जानकारी देते बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में नगर निगम की दुकानों के किराए की करीब 1 करोड़ 22 लाख रुपये की डिमांड है। इसमें से अब तक करीब 70 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। इसमें किराया, ब्याज एवं जीएसटी की राशि शामिल है। उन्होंने कहा कि नगर निगम की संपत्तियों से होने वाली आय निगम की वित्तीय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए बकाया किराए की वसूली को प्राथमिकता के आधार पर लिया जा रहा है। 7 दिन में किराया जमा करें, कार्रवाई से बचें।निगमायुक्त ने सभी बकायादार किराएदारों से अपील की है कि वे नगर निगम द्वारा दिए गए 7 दिन के अंतिम अवसर के दौरान अपना बकाया किराया जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि के बाद बकाया राशि जमा नहीं करवाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि सरकारी संपत्ति का किराया समय पर जमा करवाना किराएदार की जिम्मेदारी है। बार-बार नोटिस के बावजूद बकाया रखने वालों के खिलाफ अब सीलिंग सहित अन्य नियमानुसार कार्रवाई में कोई ढील नहीं दी जाएगी।

# लाडवा- इंद्री मार्ग पर सड़क किनारे खडी कार के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव बरामद



**लाडवा, 9 सितंबर ( रामगोपाल ):** लाडवा- इंद्री मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास सुबह सड़क किनारे खडी कार के अंदर एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि कार रात से ही सड़क किनारे खड़ी थी। सुबह दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे, तो काफी देर तक कार को उसी जगह खड़ा देखा। शक होने पर दुकानदार कार के पास पहुंचे और अंदर झांककर देखा तो ड्राइवर सीट पर युवक बेसुध हालत में पड़ा था। मामले की सूचना तुरंत बाद डायल 112 पर दी गई। मृतक की पहचान रमन कुमार निवासी हासुमाजरा जिला करनाल के रूप में हुई। रमन मंगलवार को अपनी रिश्तेदारी में बदरपुर गांव आया हुआ था और रात को घर लौट रहा था। सूचना मिलते ही लाडवा पुलिस मौके पर पहुंच गई। कार का पिछला शीशा तोड़कर युवक को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। युवक ड्राइवर सीट पर स्टेयरिंग के ऊपर गिरा पड़ा था। शुरुआती जांच में उसके शरीर पर चोट का कोई साफ निशान नहीं मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कुरुक्षेत्र अस्पताल भेज दिया है।

**कार नंबर से पहचान हुई मृतक युवक की पहचान** - लाडवा पुलिस ने मौके पर कार की जांच की। कार के नंबर से लाडवा पुलिस ने मृतक युवक की पहचान कर पुलिस ने मृतक के परिजनो को सुचना दी। परिवार ने अपनी रिश्तेदारी में पूछताछ की, जिसके बाद मृतक के रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि कार देर रात से ही मंदिर के पास खड़ी थी। रात में किसी ने कार के अंदर झांककर नहीं देखा। सुबह दुकानदार पहुंचे और काफी देर तक कार को उसी जगह खड़ा देखा तो उन्हें शक हुआ। पास जाकर देखने पर युवक ड्राइवर सीट पर गिरा मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के मुताबिक शुरुआती तौर पर शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। हालांकि अभी मौत की वजह साफ नहीं हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण सामने आएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

# स्टूडेंट्स को दांतों की देखभाल और सफाई की जानकारी दी : ओरल हेल्थ पखवाड़ा




**कालका, 9 सितंबर ( अख्तर फारूकी,अजीत सिंह ):** ओरल हेल्थ पखवाड़े के तहत उपमंडलीय अस्पताल कालका के दंत विभाग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव पपलोहा में दंत चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का का आयोजन किया गया। दंत सर्जन डॉ. रिशु मित्तल ने बताया कि इस वर्ष ओरल हेल्थ पखवाड़े की थीम स्थायी प्रथम दाढ़ को बचाएं,रखी गई है। उन्होंने स्टूडेंट्स को स्थायी प्रथम दाढ़ के महत्व, इसकी समय पर पहचान एवं उचित देखभाल के बारे में जागरूक किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों की दंत जांच एवं ओरल हेल्थ संबंधी जानकारी भी गई। कार्यक्रम के दौरान ओरल हेल्थ थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी मल्होत्रा एवं उनकी टीम द्वारा डॉ. रिशु मित्तल और उनकी टीम को शिविर के सफल आयोजन, विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग एवं ओरल हेल्थ जागरूकता के लिए विशेष रूप से धन्यवाद किया।

# जींद शहर में आवारा गोवंश का बढ़ता आतंक, हादसों का जिम्मेदार कौन ?

## गलियों से लेकर मुख्य सड़कों तक नंदी और गोवंश का जमावड़ा, बच्चों, बुजुर्गों और वाहन चालकों की जान पर मंडरा रहा खतरा





**जींद,9 सितंबर ( सतपाल शर्मा ):** शहर की सड़कों और गलियों में घूमता आवारा गोवंश अब लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। कहीं सड़क के बीचों-बीच बैठे नंदी और गोवंश यातायात को बाधित करते नजर आते हैं तो कहीं अचानक वाहनों के सामने आ जाने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। खासकर रात के समय स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है। शहर के कई इलाकों में लोगों का कहना है कि सड़कों और गलियों में घूमने वाले नंदी और गोवंश के कारण वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं। इससे बाइक सवारों के गिरने, वाहन आपस में टकराने और गंभीर दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी गलियों में घूमते आक्रामक या बड़े नंदी खतरे का कारण बन सकते हैं।यह समस्या केवल जींद की गलियों तक सीमित नहीं है। मई 2026 में जींद के रोहतक रोड पर आवारा पशु से बाइक की टक्कर में एक 28 वर्षीय युवक की मौत की खबर सामने आई थी। मृतक दो बच्चों का पिता बताया गया था।

**सवाल सिर्फ हादसे का नहीं, जिम्मेदारी का भी है** - हर हादसे के बाद वाहन चालक की गलती तलाशना आसान है, लेकिन सवाल यह है कि यदि सड़क पर लगातार बेसहारा पशु घूम रहे हों और उनकी वजह से दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ हो, तो उनकी रोकथाम की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? क्या नगर परिषद और संबंधित प्रशासन को शहर की सड़कों और गलियों में घूम रहे बेसहारा गोवंश की नियमित निगरानी नहीं करनी चाहिए? क्या गोवंश को सुरक्षित गौशालाओं या निर्धारित स्थानों तक पहुंचाने की स्थायी व्यवस्था नहीं होनी चाहिए? और यदि किसी हादसे में किसी व्यक्ति की जान चली जाती है तो उसकी जिम्मेदारी तय **करने के लिए कोई जवाबदेही व्यवस्था है या नहीं?** - जिला प्रशासन पहले भी सड़क सुरक्षा की समीक्षा करते हुए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान और प्रभावी रोकथाम के निर्देश दे चुका है।

**गोवंश की सुरक्षा भी जरूरी, इंसानों की सुरक्षा भी** - यह मुद्दा गोवंश के खिलाफ नहीं, बल्कि गोवंश और इंसान दोनों की सुरक्षा का है। सड़कों पर बेसहारा घूमना न तो पशुओं के लिए सुरक्षित है और न ही आम नागरिकों के लिए।जरूरत है कि प्रशासन शहर का सर्वे करवाकर उन स्थानों की पहचान करे जहां बड़ी संख्या में गोवंश एकत्रित होता है। उनके लिए सुरक्षित आश्रय, नियमित पकड़ अभियान, पशुओं की पहचान और निगरानी की व्यवस्था के साथ-साथ पशु मालिकों की जवाबदेही भी तय की जाए।

**अब कार्रवाई कागजों से निकलकर जमीन पर दिखनी चाहिए** - जींद की जनता को आश्वासन नहीं, समाधान चाहिए। प्रशासन और नगर परिषद को चाहिए कि दुर्घटना होने का इंतजार करने के बजाय पहले से प्रभावी कदम उठाए जाएं। शहर की मुख्य सड़कों, बाजारों और रिहायशी गलियों में नियमित अभियान चलाकर आवारा गोवंश को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। क्योंकि सवाल सिर्फ एक सड़क या एक हादसे का नहीं है। सवाल यह है कि अगला हादसा होने से पहले प्रशासन जागेगा या फिर किसी परिवार को अपने किसी सदस्य को खोने के बाद जिम्मेदार तलाशनी पड़ेगी? जींद शहर की जनता अब जवाब चाहती है—सड़कों पर घूमते बेसहारा गोवंश से होने वाले हादसों की जिम्मेदारी आखिर किसकी है?

# भव्य ड्रोन शो के माध्यम से कुरुक्षेत्र में बयां की जाएगी देश व प्रदेश के विकास की कहानी : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र, 9 सितंबर ( सुदेश कुमार ):** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत होने वाले सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक उत्सव की तरह मनाया जाएगा। इस अभियान के तहत ही कुरुक्षेत्र में भव्य ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम से देश व प्रदेश के विकासात्मक कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। जिला में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं, उत्सव व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी अभियान में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को शामिल करते हुए प्रत्येक खंड के एक-एक गांव में शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को इस अभियान से जोड़ा जाए और उनके घरों पर दीया जलाकर उनके अनुभवों को सामने लाया जाए। इसके साथ ही पिछले 12 वर्षों में जिले में विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों तथा इनसे लोगों के जीवन में आए बदलाव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। सार्वजनिक स्थानों पर विकास यात्रा से संबंधित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की जाएगी तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के जीवन में आए बदलाव को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

# विपक्ष में रहकर भी कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला की विकास कार्यों की रफ्तार कायम

### *गांव सांगन में वाल्मीकि चौपाल के नवनिर्माण का किया शिलान्यास*



**कैथल, 9 सितंबर ( सुरेन्द्र कुमार ):** कैथल विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला की सक्रियता लगातार जारी है। इसी कड़ी में विधायकआदित्य सुरजेवाला ने गांव सांगन में वाल्मीकि चौपाल के नवनिर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक आदित्य सुरजेवाला का स्वागत करते हुए उनका तहेदिल से आभार व्यक्त किया। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि विकास कार्यों के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष की सीमाएं मायने नहीं रखतीं। जनता ने उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है और क्षेत्र के विकास के लिए वे पूरी जिम्मेदारी के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैथल विधानसभा क्षेत्र के गांवों में विकास कार्यों की रफ्तार को किसी भी सूरत में धीमा नहीं पड़ने दिया जाएगा।आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि गांव सांगन में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इससे पहले भगवान परशुराम धर्मशाला में कमरे का निर्माण पूरा करवाकर उसका उद्घाटन किया जा चुका है। गांव में ओपन जिम की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है, जबकि श्री गुरुद्वारा साहिब में कमरे का नवनिर्माण कार्य प्रगति पर है। इसका निर्माण पूरा होते ही कमरे व ओपन जिम का भी शीघ्र उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि जमीन पर विकास कार्यों को पूर्णतया सम्पन्न करना है। ग्रामीणों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जा रहा है और आने वाले समय में भी कैथल हलके के गांवों में विकास की गति और तेज की जाएगी। इस अवसर पर गांव के सरपंच सरदार गुरनाम सिंह ने सभी ग्रामवासियों की ओर से विधायक आदित्य सुरजेवाला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष में होने के बावजूद एकमात्र विधायक आदित्य सुरजेवाला कैथल हलके के गांवों और शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य करवाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, जो निश्चित रूप से काबिलेतारीफ है। सरपंच गुरनाम सिंह सहित समस्त ग्रामवासियों ने कहा कि विधायक आदित्य सुरजेवाला द्वारा बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र की समस्याओं को उठाया जा रहा है और विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि आने वाले समय में गांव सांगन में भी विकास की नई परियोजनाएं शुरू होंगी। वाल्मीकि चौपाल के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष गांव की अन्य मांगें भी रखीं और उम्मीद जताई कि उन्हें भी जल्द पूरा करवाया जाएगा। इस अवसर पर सरदार रतन सिंह, सरदार निशान सिंह, चंद्रमणि शर्मा, शीशपाल वाल्मीकि, ओमप्रकाश बाल्मिकी, सुखदेव बालमीकी, एडवोकेट राजबीर शर्मा, डॉ नरेश शर्मा, सतनारायण शर्मा, राजेंद्र शर्मा, चंद्रभान शर्मा, छज्जू सैन, पंचायत मेंबर जयप्रकाश, सुरेश, उदयभान नैन, गजे सिंह नैन, जयबीर नैन सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

# तरावड़ी में भक्ति का सैलाब, श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

### *अनिरुद्धाचार्य जी महाराज बोले— भगवान की लीलाएं मनुष्य को प्रेम, सरलता और संस्कारों का मार्ग दिखाती हैं*







**तरावड़ी, 9 सितम्बर ( छाया शर्मा ):** तरावड़ी की पावन धरा पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिवस कथा पंडाल में भक्ति और अध्यात्म का ऐसा संगम देखने को मिला, जहां भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। शिव शक्ति इंटर ग्लोब एक्सपोर्ट प्रा. लि. तरावड़ी की ओर से आयोजित कथा में पूज्य श्री अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन केवल चमत्कारों की कथा नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा, मित्रता, संस्कार और धर्म का जीवंत संदेश है। महाराज जी ने कथा प्रसंगों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, गोकुल की लीलाओं और ब्रजवासियों के साथ उनके आत्मीय संबंधों का सुंदर वर्णन किया। जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ी, श्रद्धालु भक्ति में डूबते चले गए। कथा पंडाल में बार-बार भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे गूंजते रहे और श्रद्धालुओं ने भजनों पर झूमकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी विशेषता उनका सरल और सहज स्वभाव है। वे हमें सिखाते हैं कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिन परिस्थितियां आएं, मनुष्य को प्रेम, विश्वास और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में परिवारों में बढ़ती दूरियां और तनाव चिंता का विषय हैं। यदि हम श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेम, त्याग, क्षमा और रिश्तों का सम्मान सीख लें तो परिवार और समाज दोनों में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें संस्कार और संस्कृति से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। जिस परिवार में भगवान का स्मरण, बड़ों का सम्मान और सेवा की भावना होती है, वहां सुख-शांति स्वयं प्रवेश करती है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि बच्चों को मोबाइल और भौतिक जीवन की दौड़ से निकालकर धर्म, संस्कार और भारतीय संस्कृति से जोड़ें। महाराज जी ने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का वास्तविक लाभ तभी है, जब कथा के बाद हमारे व्यवहार में परिवर्तन दिखाई दे। मंदिर जाना, कथा सुनना और भजन करना तभी सार्थक है जब हमारे भीतर दूसरों के प्रति दया, प्रेम, सेवा और सम्मान की भावना उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि भक्ति केवल भगवान के सामने हाथ जोड़ने का नाम नहीं, बल्कि जरूरतमंद के आंसू पोंछने और किसी दुखी के चेहरे पर मुस्कान लाने का नाम भी है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का आनंद लेते हुए भजनों पर जमकर भक्ति की। पूरे कथा पंडाल में 'राधे-राधे', 'जय श्रीकृष्ण' और 'जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी, नगरपालिका चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, शिव शक्ति इंटर ग्लोब एक्सपोर्ट प्रा. लि. के एमडी रमेश गुप्ता, अमन गुप्ता, अनुज गुप्ता, मार्किट कमेटी नीलोखेड़ी चेयरमेन शिवनाथ कपूर, मार्किट कमेटी तरावड़ी चेयरमेन रणदीप चौधरी, नगरपालिका चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, रमेश गुप्ता, अनुज गुप्ता, अमन गुप्ता, नाथीराम गुप्ता, राकेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, संजय गुप्ता, नरेश गुप्ता, नरेश बंसल, प्रमोद बंसल, कृष्ण चंद सिंगला, गौरव दिल्ली, आशीष दिल्ली, योगेश सहारनपुर, संजय यमुनानगर, संदीप मेरठ, अनुज गाजियाबाद, संतोष गुप्ता, शालू दिल्ली, शिखा गुप्ता, दीप्ती दिल्ली, मीनू, श्रुति सहारनपुर, रीना गाजियाबाद, अनिल गुप्ता, राजकुमार तायल, राहुल गुप्ता, तिलक राज मक्कड़, शीशपाल गुप्ता, राकेश गर्ग, मदन लाल सचदेवा, विनीत बंसल, रोशन लाल गुप्ता, रणदीप चौधरी, राजीव नारंग, राधेश्याम गर्ग, यश सलूजा, अमित रहेजा, विजय गोयल, नरेश गर्ग तथा मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अब घर बैठे ऑनलाइन बुक होंगे सामुदायिक केंद्र, क्षेत्रफल के हिसाब से तय हुई फीस

*शादी समारोह, रस्म क्रिया व जन्मदिन कार्यक्रम के लिए अलग-अलग शुल्क निर्धारित, मेयर की अध्यक्षता में हुई निगम अधिकारियों व पार्षदों की बैठक में लिया गया निर्णय*



**यमुनानगर, 9 सितंबर ( दिनेश कुमार ) :** नगर निगम के सामुदायिक केंद्रों में शादी-समारोह, रस्म क्रिया या जन्मदिन कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अब नागरिकों को निगम कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। निगम प्रशासन ने बुकिंग प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही पारदर्शिता लाने और नागरिकों को मनमानी फीस से राहत देने के लिए सामुदायिक केंद्रों के क्षेत्रफल के हिसाब से फीस निर्धारित की गई है। ये निर्णय मेयर सुमन बहमनी की अध्यक्षता में निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद की मौजूदगी में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में छोटे-बड़े सभी सामुदायिक केंद्रों के रखरखाव, बुकिंग और शुल्क व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्षदों व संबंधित अभियंताओं ने सामुदायिक केंद्रों की बुकिंग, रखरखाव और फीस को लेकर अपने सुझाव दिए। बैठक में तय हुआ कि क्षेत्रफल के हिसाब से निर्धारित फीस व सिक्योरिटी ऑनलाइन बुकिंग के दौरान जमा होगी। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवेदक को डिजिटल रसीद मिलेगी। सामुदायिक केंद्र की चाबी संबंधित वार्ड के पार्षद व कनिष्ठ अभियंता के पास रहेगी। जिसे रसीद दिखाकर प्राप्त किया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान यदि सामुदायिक केंद्र में कोई टूट फूट नहीं होती तो पूरी सिक्योरिटी राशि वापस कर दी जाएगी। यदि समारोह के दौरान सामुदायिक केंद्र का यदि कुछ नुकसान होता है तो उसकी भरपाई सिक्योरिटी राशि से की जाएगी। इसके अलावा सामुदायिक केंद्रों के बेहतर रखरखाव की जिम्मेदारी स्थानीय आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) को सौंपने के सुझाव को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई, जिस पर अंतिम मुहर नगर निगम सदन की आगामी बैठक में लगाई जाएगी। बैठक में पार्षद प्रियांक शर्मा, अंकित कुमार, श्याम लाल, सहायक अभियंता मृणाल जैयसवाल, मुनेश्वर भारद्वाज, सुरेंद्र दहिया, राजेश शर्मा, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया, जितेंद्र मल्होत्रा, रघुबीर सिंह आदि मौजूद रहें।

**क्षेत्रफल के हिसाब से निर्धारित की गई फीस**

बैठक में 1500 वर्ग गज तक के सामुदायिक केंद्रों में रस्म क्रिया के लिए 1100 रुपये तथा शादी समारोह के लिए 2100 रुपये फीस निर्धारित की गई। 1500 से 2500 वर्ग गज तक के सामुदायिक केंद्रों में रस्म क्रिया के लिए 2100 रुपये और शादी समारोह के लिए 3100 रुपये फीस होगी। इसी प्रकार 2500 से 3500 वर्ग गज तक के सामुदायिक केंद्रों में रस्म क्रिया के लिए 3100 रुपये और शादी समारोह के लिए 5100 रुपये फीस तय की गई है। 3500 से 4000 वर्ग गज तक के सामुदायिक केंद्रों में रस्म क्रिया के लिए 5100 रुपये तथा शादी समारोह के लिए 11 हजार रुपये फीस निर्धारित की गई। वहीं, पॉश क्षेत्र सेक्टर-17 व 18 स्थित सामुदायिक केंद्रों में रस्म क्रिया के लिए 5100 रुपये तथा शादी समारोह के लिए 7500 रुपये फीस तय की गई है।

**कम खर्च में आमजन को मिलेगी मैरिज पैलेस जैसी सुविधा : मेयर**

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि फीस का निर्धारण आमजन और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के हित को ध्यान में रखकर किया गया है। नगर निगम के अधिकतर सामुदायिक केंद्र मैरिज पैलेस जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। इस व्यवस्था से गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों को अपने मांगलिक व अन्य कार्यक्रमों के लिए कम खर्च में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी आज आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर अनेक योजनाएं बनाकर कार्य कर रही है।

# मेवात में होने वाली सम्मान दिवस रैली होगी ऐतिहासिक : भरत सिंह छोक्कर

*करनाल से हजारों कार्यकर्ता पहुंचेंगे मेवात, ताऊ देवी लाल की जयंती को लेकर इनेलो कार्यकर्ताओं में उत्साह*



**करनाल, 9 सितंबर ( संदीप रोहिला ) :** इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से जननायक चौधरी देवीलाल की जयंती 27 सितंबर को मेवात में सम्मान दिवस के रूप में मनाई जाएगी। रैली को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में पूर्व विधायक एवं पानीपत-करनाल प्रभारी भरत सिंह छोक्कर बुधवार को करनाल जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह पहलवान के फार्म हाउस पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रैली की तैयारियों की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाईं। भरत सिंह छोक्कर ने कहा कि सम्मान दिवस समारोह को लेकर इनेलो कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। करनाल से बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता मेवात पहुंचकर रैली को सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पिछले काफी समय से गांव-गांव जाकर लोगों को रैली का निमंत्रण दे रहे हैं। जिस प्रकार लोगों में ताऊ देवी लाल की जयंती को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है, उससे स्पष्ट है कि मेवात की सम्मान दिवस रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह पहलवान के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि करनाल में इनेलो कार्यकर्ता पूरी तरह एकजुट होकर रैली की सफलता के लिए मेहनत कर रहे हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह पहलवान ने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल की जयंती को एक त्यौहार के रूप में मनाया जा रहा है। करनाल से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मेवात पहुंचकर ताऊ देवी लाल को नमन करेंगे और अभय सिंह चौटाला को मजबूत करने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल केवल राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि किसान, मजदूर, गरीब और पिछड़े वर्गों के मसीहा थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन आम आदमी के अधिकारों और सम्मान के लिए संघर्ष में लगा दिया। सुरजीत सिंह पहलवान ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने सत्ता को हमेशा जनसेवा का माध्यम माना और किसानों तथा ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उनकी जयंती मनाने का उद्देश्य उनके विचारों और सिद्धांतों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने दावा किया कि इनेलो का जनाधार लगातार बढ़ रहा है और प्रदेश की जनता 2029 के विधानसभा चुनाव में अभय सिंह चौटाला को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष यशवीर राणा कुक्कू ने कहा कि इनेलो अपनी प्रत्येक रैली का रिकॉर्ड स्वयं तोड़ती है। पार्टी की ओर से जब-जब रैली आयोजित की गई है, वह ऐतिहासिक रही है। उन्होंने दावा किया कि मेवात की सम्मान दिवस रैली भी रिकॉर्डतोड़ होगी। वहीं राष्ट्रीय सचिव सुरजीत संधू ने कहा कि चौधरी देवीलाल की जयंती पर बड़ी संख्या में लोग एकजुट होकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे तथा उनके आदर्शों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगे। इस अवसर पर सुमेर काछवा, भारत मढाण, मेहर सिंह जुंडला, भगवत सिंह संधू, युवा जिला अध्यक्ष मनिंदर पुनिया, राजेश सिंगला, नरेश घनगस, नरेश, बलवान, ईश्वर पुण्डरक, ललित नडाना, गोल्डी संधू, सुरेश, कुलदीप मान, रणदीप मान, उमेश रिण्डल, देशराज काम्बोज सहित बड़ी संख्या में इनेलो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पंजीकृत महिला को किसी भी अन्य योजना से नहीं किया जाएगा वंचित : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र, 9 सितंबर ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है और इस योजना का लाभ लेने वाली अथवा इसके लिए पंजीकरण करवाने वाली किसी भी पात्र महिला को किसी भी अन्य सरकारी योजना के लाभ से वंचित नहीं किया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए पहले परिवार की अधिकतम आय 1 लाख रुपये होने की शर्त थी जिसे अब बढ़ाकर 1.80 लाख रुपए किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल सके।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि आमजन में यह भ्रम है कि कि यदि महिलाओं ने लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पंजीकरण किया तो उनके अन्य पेंशन जैसे लाभ बंद हो जाएंगे, लेकिन इस बात में कोई सच्चाई नहीं है।

लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पंजीकरण करवाने अथवा इस योजना का लाभ लेने वाली सभी पात्र महिलाओं को अन्य सभी योजनाओं के लाभ पहले की तरह ही मिलते रहेंगे। अब सरकार ने निर्णय लिया है कि 1.80 लाख रुपये सालाना आमदनी वाले परिवारों की पात्र महिलाओं को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही रजिस्ट्रेशन पोर्टल खोला जाएगा। उन्होंने पात्र महिलाओं से आह्वान किया कि वे दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का पोर्टल खुलने के बाद अपना पंजीकरण करवाकर प्रतिमाह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त करें। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और परिवार की आर्थिक निर्णय प्रक्रिया में उनकी भूमिका को मजबूत करना है।

उन्होंने कहा दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने वाली योजना नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने का माध्यम भी है। सरकार का प्रयास है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को सहायता का लाभ सीधे तौर पर मिले। किसी भी परिवार की आर्थिक मजबूती में महिला की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जब महिला के पास अपने स्तर पर आर्थिक संसाधन उपलब्ध होते हैं तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और परिवार के सामाजिक एवं आर्थिक विकास पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना इसी सोच को आगे बढ़ाती है। सरकार का संदेश साफ है-महिला सशक्त होगी तो परिवार मजबूत होगा और परिवार मजबूत होगा तो हरियाणा और मजबूत बनेगा।

# जिला के सभी गांवों में लाइब्रेरी व शिवधाम के कार्य जल्द पूरे करवाएं : डॉ. आनंद कुमार शर्मा




**करनाल, 9 सितंबर( सुमन लता ) :** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के जिन गांवों में लाइब्रेरी एवं शिवधाम के निर्माण कार्य लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करना प्रशासन की प्राथमिकता है। संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ इन कार्यों को गति दें। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में उपायुक्त ने गांवों में लाइब्रेरी निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन गांवों में लाइब्रेरी का कार्य अभी लंबित है, उसे जल्द पूरा किया जाए। इसी प्रकार जिन गांवों में शिवधाम के निर्माण एवं अन्य संबंधित कार्य पेंडिंग हैं, उन्हें भी शीघ्र पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित एसडीओ व बीडीपीओ आपसी समन्वय स्थापित कर इन कार्यों की नियमित निगरानी करे तथा इन्हें समयबद्ध पूरा करवाएं।

**स्कूलों में डुअल डेस्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश**

उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला के सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों के बैठने के लिए डुअल डेस्क की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिन स्कूलों में डेस्क की कमी है, वहां आवश्यकता के अनुसार व्यवस्था करने के लिए रिपोर्ट तैयार कर उपायुक्त कार्यालय में आगामी सप्ताह तक भिजवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिन स्कूलों में डेस्क की मरम्मत करवाई जा चुकी है तथा जिन स्कूलों में अभी डेस्क की मरम्मत की आवश्यकता है, उनकी अलग-अलग रिपोर्ट तैयार की जाए। साथ ही, मरम्मत कार्य पर आने वाले अनुमानित खर्च का संक्षिप्त विवरण भी उपलब्ध करवाया जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई जल्द की जा सके। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्कूलों में बाउंड्री वॉल, क्लासरूम अथवा अतिरिक्त क्लासरूम की आवश्यकता है, उनकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उपायुक्त कार्यालय में भिजवाई जाए। बैठक में एडीसी डॉ राहुल रईया, एसीयूटी सोहम शैलेंद्र,सीईओ जिला परिषद अमित कुमार, डीडीपीओ कंचनलता, डीईओ रोहताश वर्मा सहित सभी संबंधित बीडीपीओ व एसडीओ उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत गांव रमाना में ग्रामीणों को किया जागरूक




**करनाल, 9 सितंबर ( मीनाक्षी देवी ) :** जिला पुलिस करनाल द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत पुलिस थाना तरावड़ी क्षेत्र के गांव रमाना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों तथा इससे होने वाले सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. पूजा एवं डॉ. प्रियंका द्वारा नशे के कारण होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम के एएसआई जगमाल सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार एवं समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य सिपाही कर्मबीर, एसपीओ विक्रम एवं एसपीओ रवि भी मौजूद रहे। पुलिस टीम ने आमजन से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे का सेवन या नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। करनाल पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस का सहयोग करें और समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत, जिला एवं उपमंडल स्तर पर 9 बेंच करेंगी सुनवाई

**हिसार, 9 सितंबर ( ब्यूरो ) :** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत आगामी 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

इसके लिए जिला एवं उपमंडल स्तर पर 9 बेंच गठित की गई हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा दावे, बीमा कंपनियों से संबंधित मामले, सिविल एवं आपराधिक मामलों सहित ऐसे अन्य मामले लिए जाएंगे, जिनका निपटारा दोनों पक्षों की सहमति से संभव है।

उन्होंने बताया कि बेंच नंबर-1 पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत सहगल, बेंच नंबर-2 पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जैस्मिन शर्मा, बेंच नंबर-3 पर अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश (फैमिली कोर्ट) मधुलिका, बेंच नंबर-4 पर एसीजेएम अनुराधा, बेंच नंबर-5 पर जेएमआईसी हर्षा शर्मा सिविल एवं आपराधिक मामलों का निपटारा करेंगे। इसी प्रकार बेंच नंबर-6 पर जेएमआईसी सुखवीर कौर, बेंच नंबर-7 पर जेएमआईसी नवनूर कौर हांसी में, बेंच नंबर-8 पर जेएमआईसी खुश करण जोत सिंह गिल नारनौंद में तथा बेंच नंबर-9 पर जेएमआईसी सुनील कुमार बरवाला में सुनवाई करेंगे।

सीजेएम अशोक कुमार ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों को त्वरित, सरल और कम खर्च में न्याय उपलब्ध करवाना है।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि उनका मामला लोक अदालत में समझौते के माध्यम से निपटाया जा सकता है तो वे संबंधित न्यायालय से संपर्क कर इसका लाभ उठाएं। लोक अदालत में आपसी सहमति से मामलों का निपटारा होने से दोनों पक्षों का समय और धन बचता है तथा लंबे समय से चल रहे विवादों का भी समाधान संभव होता है।

# 9वां राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन



**करनाल, 9 सितंबर ( कादियान ) :** महिला एवं बाल विकास विभाग करनाल द्वारा जिला स्तर पर बुधवार को 9वां राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। इसके तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजबाला मोर द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें परियोजना अधिकारी मीना रत्न इंद्री, संतोष घरौंडा , संतोष निसिंग सहित सभी ब्लॉक सुपरवाइजर ने भाग लिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष पोषण माह का मुख्य विषय 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' है। उन्होंने निर्देश दिए कि पोषण माह की थीम अनुसार गतिविधियां आयोजित की जाएं। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के माध्यम से पोषण जागरूकता, स्वस्थ व्यवहार, सामुदायिक सहभागिता तथा महिलाओं एवं बच्चों के बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देना जरूरी है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पोषण माह की मुख्य थीमें 'पोषण थाली, प्रोटीन प्रदर्शनी, रेसिपी डेमो, पोषण मेला', 'एचसीएम डेमो, साप्ताहिक मेन्यू, भोजन चखना, स्वच्छता प्रदर्शन', 'एएमसी बैठक, मून्यू बोर्ड, पंचायत/एसएचजी की भागीदारी, स्वच्छता अभियान', 'कहानी, कविता, खेल, रंग/आकार पहचान', 'पात्र महिलाओं की पहचान, पंजीकरण, लंबित मामलों का फोलोअप, मातृ पोषण' हैं। उन्होंने बताया कि पोषण माह का कार्यक्रम आयोजन 09 सितंबर से 09 अक्तूबर तक किया जा रहा है।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ पांडवा के 69 विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की

*विद्यालय के 4 और प्राथमिक विद्यालय के 4 विद्यार्थियों में दांतों में कैविटी, कमजोर दृष्टि बोलने में परेशानी और त्वचा संबंधी रोग पाए गए*



**कलायत, 9 सितंबर ( सुबे सिंह मोर ) :** हरियाणा सरकार के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयुष स्वास्थ्य विभाग कलायत की मोबाइल हेल्थ टीम ने राजकीय माध्यमिक और राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ पांडवा के 69 विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलायत से पहुंची टीम में शामिल डॉ. रेणु, डॉ. पंकज और डॉ. अनिल कुमार ने बच्चों के वजन व ऊंचाई के माप के साथ-साथ आंख, नाक, गले, दांत और त्वचा से जुड़ी बीमारियों की जांच की। जांच के दौरान राजकीय माध्यमिक विद्यालय के 4 और प्राथमिक विद्यालय के 4 विद्यार्थियों में दांतों में कैविटी, कमजोर दृष्टि बोलने में परेशानी और त्वचा संबंधी रोग पाए गए, जिन्हें आगे के इलाज के लिए रेफर कर स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए।

जांच शिविर के दौरान डॉ. रेणु ने बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए कहा कि पहला सुख निरोगी काया ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। वहीं, डॉ. पंकज ने बच्चों में खून की कमी के कारण और बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील के जरिए पौष्टिक आहार के साथ-साथ हर बुधवार को आयरन और फॉलिक एसिड की गोलियां दी जाती हैं। विद्यार्थियों द्वारा मिड-डे मील में बने सफेद चने व चावल के सेवन के बाद टीम सदस्यों ने सभी बच्चों को आयरन-फॉलिक एसिड की गोलियां और पिन्नी वितरित कीं। इस मौके पर स्कूल के मौलिक मुख्याध्यापक मनजीत भट्ट, विनोद कुमार, नरेश कुमार, भौम सिंह, राजेश कुमार, मीना, पन्मेश्वरी, मीनाक्षी और सरिता रानी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# रेडक्रॉस द्वारा दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों की जांच का शिविर आयोजित



**यमुनानगर, 9 सितम्बर ( दिनेश कुमार ) :** जिला रेडक्रास समिति, यमुनानगर द्वारा एलिम्को (भारत सरकार) के सहयोग से दिव्यांगजनों तथा व्यांनी योजना के तहत वृद्धजनों को कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से तीसरे नि:शुल्क जाच शिविर का आयोजन खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय सरस्वती नगर में आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के कार्यवाहक सचिव संजीव धीमान, ने बताया कि संस्था के प्रधान एवं उपायुक्त प्रीति के मार्गदर्शन में सभी खण्डों के पात्र दिव्यांगजनों तथा वृद्धजनों को कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु नि:शुल्क जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आज जांच शिविर में 120 से भी अधिक लाभार्थियों ने शिरकत की मौके पर पाया गया कि अधिकतर को पहले ही सहायक उपकरण मिले हुए हैं और कुछ के पास फैमिली आई.डी. व दिव्यांगता प्रमाण पत्र सही नहीं पाए गए जिसे अपडेट करवाने हेतु मौके पर ही मार्गदर्शन किया। गतवर्ष भी संस्था द्वारा एलिम्को के सहयोग से सहायक उपकरण वितरित किए थे। इसलिए इस शिविर में कुल 23 लाभार्थी पात्र पाए गए है जिन्हें निकट भविष्य में शीघ्र ही एलिम्को के द्वारा सहायक उपकरण प्रदान किए जाऐंगें। इस अवसर पर भारत सरकार के एलिम्को एजेंसी के माध्यम से मधुकर ऑडियोलोजिस्ट, अमनदीप शर्मा, पी.एंड ओ.. सुभाष चन्द्रा. क्लर्क टीम द्वारा दिव्यांगजनों व वृद्धजनों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि 10 सितम्बर 2026 को गाबा हस्पताल के सामने स्थित पंचायत भवन में दिव्यांगजनों व वृद्धजनों की जांच-नापतोल हेतु अंतिम शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसलिए उन्होंने अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांगजन व वृद्धजन तथा अभी तक जो भी दिव्यांगजन या वृद्धजन किसी कारण जांच शिविरों में पंजीकरण नहीं करवा पाए हैं वह इस शिविर में अपने दस्तावेज सहित पहुंच जाएं। इस अवसर पर रेडक्रास की ओर से जिला प्रशिक्षण अधिकारी शशि भूषण एवं कार्यक्रम अधिकारी शीशपाल सिंह सोही व विजय सिंह लिपिक ने दिव्यांगजनों व वृद्धजनों के दस्तावेज चैक करवाने में सहायता की। कोई भी व्यक्ति इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु रेडक्रॉस समिति, यमुनानगर कार्यालय में दूरभाष न0- 01732-237892, 9896666432, 9034008857 पर संपर्क स्थापित कर सकता है।

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की व्यवस्था से कराया परिचित

***रायपुररानी महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित, विभिन्न सेल, एनसीसी, एनएसएस, प्लेसमेंट व खेल गतिविधियों की दी जानकारी***



**रायपुररानी, 9 सितंबर ( देवेन्द्र सिंह ) :** राजकीय महाविद्यालय रायपुररानी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए बुधवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. दविंदर ढींगरा ने की। इस दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विभिन्न प्रकोष्ठों और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में कविता ने यूनिवर्सिटी एवं परीक्षा सेल की कार्यप्रणाली, डॉ. रितु ने समय-सारणी एवं छात्रवृत्ति, डॉ. यशवीर ने एनसीसी और डॉ. जोगिंदर ने एनएसएस एवं प्लेसमेंट से संबंधित जानकारी साझा की। डॉ. दीपक ने खेलकूद और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। अपने प्रेरक संबोधन में प्राचार्य डॉ. दविंदर ढींगरा ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कॉलेज में उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. रोहित, सुनील दत्त, संतोष, डॉ. मनदीप कौर सहित शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ मौजूद रहा।

# नीलकंठ सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने शहर में दिया शिव जागरण का निमंत्रण

**रतिया, 9 सितंबर ( अमन सेठी ) :** भगवान भोलेनाथ की भक्ति को समर्पित श्री नीलकंठ महादेव कांवड़ संघ सेवा ट्रस्ट द्वारा 19 सितंबर को आयोजित किए जा रहे तीसरे विशाल शिव जागरण को लेकर तैयारियां जोरों-शोरों पर चल रही हैं। जागरण को लेकर शहर व आसपास के क्षेत्र में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ट्रस्ट के सदस्य जागरण में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शहर भर में शिव भक्तों के पास पहुंचकर निमंत्रण दे रहे हैं। इसके साथ ही दुकानों तथा विभिन्न संस्थाओं और संगठनों में भी निमंत्रण पत्र दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ट्रस्ट के सदस्यों ने बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को भी उनके कार्यालयों में जाकर निमंत्रण पत्र दिए और उन्हें जागरण में शामिल होने का आग्रह किया। ट्रस्ट की ओर से शहर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी शिव भक्तों को जागरण का निमंत्रण दिया जा रहा है। जागरण को लेकर शहर में लगातार चर्चा बनी हुई है और श्रद्धालुओं में कार्यक्रम को लेकर उत्सुकता बढ़ रही है। आयोजकों ने बताया कि 19 सितंबर, शनिवार को रात 8 बजे अनाज मंडी में विशाल शिव जागरण



का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ परम श्रद्धेय स्वामी भुवनेश्वरी देवी जी द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर किया जाएगा। आयोजन स्थल पर आकर्षक एवं बर्फ से सजा भव्य शिव दरबार तैयार किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। जागरण में प्रसिद्ध भजन गायक भजन सम्राट गजेंद्र प्रताप सिंह तथा भजन सम्राट फिरोज खान भगवान शिव की महिमा का गुणगान करेंगे। वहीं सूफी एंकर परमिंदर कटारिया कार्यक्रम का संचालन करेंगे। भक्तिमय भजनों और गीतों से पूरा वातावरण भोलेनाथ की भक्ति से सराबोर होगा। आयोजकों ने बताया कि जागरण में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शिव भोले बाबा का अटूट लंगर भी बरताया जाएगा। जागरण को सफल बनाने के लिए श्री नीलकंठ महादेव कांवड़ संघ सेवा ट्रस्ट के सभी सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं। तैयारियों के साथ-साथ कार्यक्रम को लेकर रिहर्सल भी लगातार चल रही है। आयोजकों ने कहा कि हर बार इस जागरण को लेकर शहर में विशेष चर्चा रहती है और क्षेत्र के दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की भक्ति में शामिल होने पहुंचते हैं।

# 12 सितंबर को होगी तीसरी नेशनल लोक अदालत

**यमुनानगर, 9 सितम्बर ( दिनेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, यमुनानगर की ओर से 12 सितंबर 2026 को तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का आपसी समझौते एवं सहमति के आधार पर निपटारा किया जाएगा। इसके लिए, संबंधित पक्षकार अपने मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि तीसरी नेशनल लोक अदालत में आपराधिक समझौता योग्य अपराध, धारा 138 के तहत नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (एनआई एक्ट) के मामले, बैंक रिकवरी के मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) के मामले तथा वैवाहिक विवादों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, लंबित बिजली एवं पानी के बिलों से संबंधित मामले भी लोक अदालत में रखे जाएंगे। हालांकि, नॉन-कंपाउंडेबल चोरी के मामलों को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। वेतन एवं भत्तों तथा पुनरीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामलों और राजस्व मामलों का भी लोक अदालत के माध्यम से निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत में अन्य सिविल मामलों, जिनमें किराया, राज सहायक अधिकार तथा निषेधाज्ञा मुकदमे शामिल हैं, को भी आपसी सहमति से निपटाने का अवसर मिलेगा।

# एम.एम. पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**असंध, 9 सितंबर ( दलसिंह मान ) :** नगर के एम.एम. पब्लिक स्कूल में कक्षा 3 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह, उमंग एवं ज्ञानवर्धक वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता, त्वरित निर्णय लेने की दक्षता तथा विज्ञान विषय के प्रति रुचि को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता को विद्यार्थियों के ज्ञान, कौशल और बौद्धिक क्षमता को परखने के लिए विभिन्न रोचक एवं चुनौतीपूर्ण चरणों में विभाजित




किया गया। इसमें एमसीक्यू राउंड, लॉजिकल थिंकिंग राउंड, बजर राउंड तथा रैपिड फायर राउंड आयोजित किए गए। प्रत्येक चरण में विद्यार्थियों ने अपनी विषय-समझ, एकाग्रता, आत्मविश्वास, त्वरित सोच और टीम भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणामों में कक्षा 3 से 5वीं वर्ग में भगत हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 6 से 8वीं वर्ग में कबीर हाउस तथा कक्षा 9वीं से 12वीं वर्ग में भी कबीर हाउस ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रश्नोत्तरी के दौरान सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने पर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं सीखने की जिज्ञासा को और अधिक मजबूत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं केवल विद्यार्थियों के ज्ञान का आकलन ही नहीं करतीं, बल्कि उनमें वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता, आत्मविश्वास, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और टीम भावना का भी विकास करती हैं। उन्होंने सभी विजेता विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की छोटी-छोटी उपलब्धियों को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# मीठा कम, ब्रश ज्यादा बच्चों को डॉक्टर ने बताया दांतों की सेहत का फॉर्मूला

*पीएचसी हंगोला ने स्कूल में लगाया दंत जांच शिविर, डॉ. शिल्पा गुगलानी ने दी मौखिक स्वच्छता की जानकारी*

**रायपुररानी, 9 सितंबर ( देवेन्द्र सिंह ) :** राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय रेहना में बच्चों को मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए पीएचसी हंगोला की ओर से दंत जांच एवं जागरूकता शिविर लगाया गया। यह कार्यक्रम 1 से 15 सितंबर तक चल रहे ओरल स्वास्थ्य अभियान के तहत आयोजित किया गया। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. शिल्पा गुगलानी ने विद्यार्थियों के दांतों की जांच की और उन्हें दांतों व मसूड़ों की देखभाल के तरीके बताए। डॉ. गुगलानी ने बच्चों को मीठा कम, ब्रश ज्यादा का संदेश देते हुए दिन में दो बार ब्रश करने, भोजन के बाद कुल्ला करने और अधिक मीठे खाद्य




पदार्थों से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दांतों में दर्द, सड़न या मसूड़ों से जुड़ी परेशानी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और समय पर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने मौखिक स्वास्थ्य से जुड़े सवाल पूछे, जिनका डॉ. गुगलानी ने जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ, पीएचसी हंगोला की स्वास्थ्य टीम और एमपीएचडब्ल्यू राशिद हसन मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत पात्र परिवारों को 71 हजार रुपये की राशि दी जा रही : उपायुक्त प्रीति

**यमुनानगर, 9 सितम्बर ( दिनेश कुमार ) :** उपायुक्त प्रीति ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा बेटियों की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71 हजार रुपये की राशि विवाह के अवसर पर दी जा रही है। इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। वहीं विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर (यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो) को भी 51 हजार रुपये की राशि दी जाती है। यदि नवविवाहित दंपती दिव्यांग हैं तो उन्हें भी 51 हजार रुपये की सहायता राशि मिलेगी। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पिछड़े वर्ग के परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह के लिए, किसी भी वर्ग की महिला खिलाड़ियों को उनकी स्वयं की शादी के लिए और ऐसे दिव्यांग जोड़ों को जिनमें पति या पत्नी में से कोई एक भी दिव्यांग हो, उसे भी अब 51 हजार रुपये की राशि कन्यादान स्वरूप दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए, विवाह के 6 महीने के भीतर विवाह पंजीकरण कराना जरूरी है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को बहुत सरल और सुगम बनाया गया है ताकि पात्र व्यक्ति आसानी से लाभ उठा सकें। आवेदक पोर्टल पर जाकर मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# जेसीआई करनाल गोल्ड ने 527 विद्यार्थियों को स्टील वाटर बॉटल वितरित कर दिया प्लास्टिक मुक्त समाज का संदेश



**करनाल, 9 सितंबर ( परमजीत कौर ) :** जेसीआई करनाल गोल्ड द्वारा जेसीआई वीक के अंतर्गत सस्टेनेबल सिपिंग डे का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दरड़ में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 527 विद्यार्थियों को स्टील की वाटर बॉटल वितरित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक से दूर रहने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार रहे। उन्होंने जेसीआई करनाल गोल्ड के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं। विद्यार्थियों को स्टील की बोतलों के उपयोग के लिए प्रेरित करना एक सकारात्मक पहल है, जिससे प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाई जा सकती है। जेसीआई करनाल गोल्ड के अध्यक्ष जेसी श्रेयांश बंसल ने कहा कि संस्था द्वारा समाज सेवा, जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन के लिए निरंतर कार्य आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने तथा प्लास्टिक का उपयोग कम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जेसी दुर्गेश गुप्ता, जेसी मुनीश बंसल, जेसी गौरव मित्तल, जेसी पंकज गर्ग, जेसी विनोद गुप्ता, जेसी अंकुश गोयल, जेसी राहुल गर्ग, जेसी विक्रांत गुप्ता, जेसी अरविंद वैद, जेसी कीर्ति, जेसी करण गोयल, जेसी रविनंदन गर्ग, जेसीरेट चेयरपर्सन मेघा बंसल, कंचन गोयल,नेहा गर्ग, विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा गांव दराड़ के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर को होगा आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम

**रतिया, 9 सितंबर ( अमन सेठी ) :** सेवा संकल्प अभियान के तहत आगामी 17 सितंबर 2026 को रतिया उपमंडल में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को कार्यक्रम से जोड़कर उनमें सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बूथ स्तर पर विभिन्न सरकारी योजनागत लाभार्थियों को शामिल किया जाएगा। संबंधित विभागों से योजनाओं के लाभार्थियों की सूची प्राप्त कर उन्हें चिन्हित किया जाएगा तथा कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जाएगी। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि



17 सितंबर को सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर ड्यूटी देंगे। संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी यह सुनिश्चित करेंगे कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को कार्यक्रम में शामिल किया जाए और उन्हें समय पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। एसडीएम ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे नागरिक च्आशीर्वाद का दीपज् जलाकर अपनी सहभागिता दर्ज करवाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय से कार्य करें तथा लाभार्थियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और पात्र होने पर उनका लाभ उठाएं।

# नए परीक्षा केन्द्र के लिए विद्यालय 30 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन

**कुरुक्षेत्र, 9 सितंबर ( सुदेश कुमार ) :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जाने वाली सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी परीक्षा फरवरी/मार्च-2027 के लिए राजकीय, अनुदान प्राप्त व अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय अपने भवन में नया परीक्षा केन्द्र बनवाने के लिए, निर्धारित शुल्क एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित 30 सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकते है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने कहा कि जो विद्यालय सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी परीक्षा फरवरी/मार्च-2027 के लिए नया परीक्षा केन्द्र बनवाना चाहते है, वह बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट बी एस ई एच. ओ आर जी. इन पर उपलब्ध परीक्षा केन्द्र स्थापना फार्म को डाउनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी की सिफारिश सहित निर्धारित तिथि 30 सितंबर 2026 तक बोर्ड कार्यालय में दस्ती/पंजीकृत डाक के माध्यम से भिजवाना सुनिश्चित करें। आवेदन फार्म के साथ भवन की योजना तथा परीक्षा केन्द्र बनाने के लिए भवन के जिस भाग को प्रयोग किया जाना है वह हिस्सा लाल पेंसिल से अंकित किया जाना आवश्यक है। यह भी इंगित किया जाना है कि हॉल और कमरे आपस में जुड़े हुए है या नहीं, प्रत्येक कमरे व हॉल का माप भी दर्शाया जाना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन मुख्य सड़क के पास हो तथा विद्यालय में 16 सीसीटीवी कैमरों (13 कमरों में, 1 कन्ट्रोल रूप/केन्द्र अधीक्षक के कमरे में व 2 विद्यालय परिसर को कवर करने में) की व्यवस्था होनी आवश्यक है। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों के लिए डेस्क होने अनिवार्य होंगे। सेकेंडरी परीक्षा के नए केन्द्र हेतु कम से कम 200 परीक्षार्थी व सीनियर सेकेंडरी परीक्षा के लिए 150 परीक्षार्थियों का होना आवश्यक है। नए परीक्षा केन्द्र के लिए 12 हजार रुपए परीक्षा केन्द्र स्थापना शुल्क एवं 3 हजार रुपए निरीक्षण शुल्क जमा करवाना होगा। राजकीय, अनुदान प्राप्त व अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नया परीक्षा केन्द्र बनवाने संबंधित सभी आवश्यक दिशा निर्देश एवं नियम/शर्तें बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट बीएसईएच.ओआरजी.इन पर उपलब्ध है।

# एस.एम.एस. मैमोरियल पब्लिक स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

***विद्यार्थियों ने साक्षरता एवं शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर रखे अपने विचार***

**तरावड़ी, 9 सितम्बर ( छाया शर्मा ) :** एस.एम.एस. मैमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को साक्षरता, शिक्षा के महत्व तथा समाज के विकास में शिक्षा की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने साक्षरता एवं शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। उन्होंने विषय के पक्ष और विपक्ष में तर्क रखते हुए अपनी




अभिव्यक्ति, तर्क-वितर्क और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। वाद-विवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर सोचने और अपने विचार स्पष्ट रूप से रखने का अवसर मिला। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. विभा कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुएकहा कि साक्षरता एक बेहतर और सशक्त समाज की नींव है। शिक्षा व्यक्ति को केवल ज्ञान ही नहीं देती, बल्कि उसमें आत्मविश्वास, विवेक और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करती है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षा का प्रकाश समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व को समझने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति सम्मान, जागरूकता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम का समापन शिक्षा एवं साक्षरता के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ हुआ।

# सड़क सुरक्षा कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाहाबाद मारकंडा, 9 सितम्बर ( रूबी ) :** रोड सेफ्टी क्लब, आर्य कन्या महाविद्यालय द्वारा मारकंडा होंडा एजेंसी शाहाबाद के सहयोग से एक दिवसीय सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एजेंसी से हरजीत सिंह, सचिन व सुनील कुमार विशेष अतिथि रहे। इस कार्यशाला का मुख्य आयोजन छात्रों को दो पहिया वाहन चलाते समय सड़क पर बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक करना था। महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान कुलदीप कुमार गुप्ता ने इस कार्यशाला के आयोजन पर रोड सेफ्टी क्लब के समस्त सदस्यों को साधुवाद दिया व कहा कि ऐसी



कार्यशालाएं छात्राओं की परिवहन नियमों की जानकारी की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. आरती त्रेहन ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। हरजीत सिंह (मारकंडा होंडा एजेंसी) ने एक्टिवा चलाने का व्यवहारिक डेमो देते हुए छात्राओं को ड्राइविंग के दौरान जरा सी लापरवाही के कारण होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं के बारे में जागरूक किया एवं नशे व नशीले पदार्थों से दूर रहकर ड्राइविंग करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की आवश्यकता, मोबाइल का प्रयोग ना करने की, वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा चिन्हों का ध्यान रखना आदि से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों का विस्तारपूर्वक ज्ञान दिया। डॉ. मुमताज नोडल ऑफिसर, रोड सेफ्टी क्लब के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में सदस्य डॉ. सिमरजीत कौर नोडल ऑफिसर, एंटी तम्बाकू एवं एंटी ड्रग सैल डॉ. रोजी, रजनी धवन, निधि, राजेश आनन्द, उपअधीक्षक, राजीव कुमार,बलविन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, विशाल कुमार एवं महाविद्यालय के विभिन्न संकायों की 143 छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यशाला से लाभान्वित हुई।

## गांव स्टौड़ी में गोगा जाहरवीर जी मंदिर पर हवन व भंडारे का आयोजन



**मूनक, 9 सितंबर ( जय भगवान ) :** खंड के गांव स्टौडी में गोगा जी मंदिर में बुधवार को सुबह हवन किया गया। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। गांव में 2018 में गोगा जाहरवीर जी के मंदिर की स्थापना की थी। हर साल बादवा मास की कृष्ण पक्ष चौदस को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। तीन दिन मेले का आयोजन भी होता है। आसपास गांव के हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और बाबा गोगा जाहरवीर जी के मंदिर में बने प्रसाद को ग्रहण करते हैं। इस दौरान भगत अनुज राणा ने बताया की लोगों का मंदिर पर आस्था बनी हुई है। आसपास के कई गांव के ग्रामीण यहां पूजा के लिए आते हैं और अपनी मनोकामना मांगते हैं। उनकी मनोकामना पूरी होती है। इस दौरान सेवादार प्रीतम राणा, कृष्ण, दीपक व सुमित सैकड़ो सेवादार व ग्रामीण मौजूद रहे।

## राम नाम से गूंजा गढ़ी कोटाहा, श्रीराम कथा का शुभारंभ

*-श्री हनुमान मंदिर में शुरू हुई नौ दिवसीय संगीतमय कथा, संतोष पाण्डेय व विपिन पाण्डेय ने सुनाए श्रीराम के जीवन प्रसंग*

**रायपुररानी, 9 सितंबर ( देवेन्द्र सिंह ) :** गांव गढ़ी कोटाहा स्थित श्री हनुमान मंदिर में बुधवार को नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। 9 से 17 सितंबर तक चलने वाले आयोजन में प्रतिदिन शाम 3 से 6 बजे तक कथा होगी। पहले दिन श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का श्रवण किया। इस दौरान कथा वाचक संतोष पाण्डेय व विपिन पाण्डेय ने संगीतमय शैली में श्रीराम के जीवन प्रसंगों का वाचन किया। भजनों के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श, मर्यादा और जीवन मूल्यों का संदेश दिया गया। कथा श्रवण के लिए श्रद्धालु श्री हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचे, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। वहीं, आयोजक कमेटी और समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्रवासियों से आगामी दिनों में भी कथा में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की।

## जरूरतमंद विद्यार्थियों को हैल्पिंग हैंडस संस्था ने वितरित की स्टेशनरी व बैग

*शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है : प्रदीप कुकड़ेजा*



**शाहाबाद मारकंडा, 9 सितम्बर ( रूबी ) :** राजकीय मिडल स्कूल मदनपुर में हैल्पिंग हैंडस संस्था की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को गाइड, स्टेशनरी और बैग वितरित किए गए। हैल्पिंग हैंडस संस्था के हरियाणा संस्थापक प्रदीप कुकड़ेजा ने विद्यार्थियों को सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रदीप कुकड़ेजा ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि हेल्पिंग हैंडस जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित करने के साथ-साथ दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल व व्हीलचेयर, जरूरतमंद बच्चों को जूते, स्टेशनरी, फीस देना जैसे कार्य कर रही है। इसके अलावा जरूरतमंद लड़कियों की शादी में सहयोग, घरेलू जरूरत का सामान उपलब्ध करवाने तथा बीमारी से ग्रसित लोगों के इलाज में सहायता भी संस्था द्वारा की जाती है। स्कूल इंचार्ज राजकुमार एवं स्टाफ सदस्यों ने हैल्पिंग हैंडस संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए संस्था का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास जरूरतमंद विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। इस मौके पर ज्योति, प्रदीप, मूलचंद, रोहन, सिमर सहित संस्था के सदस्य एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## जेसीआई करनाल एजाइल की ओर से कर्ण स्टेडियम में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**करनाल, 9 सितंबर ( प्रवीन ) :** जेसीआई करनाल एजाइल की ओर से मनाए जा रहे जेसी वीक के तहत बुधवार को कर्ण स्टेडियम में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। कैंप में निर्मल इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंस का विशेष सहयोग रहा। शिविर में 100 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भी शामिल रहे। कैंप में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर सहित कई टेस्ट किए गए। डॉक्टरों ने लोगों को पौष्टिक आहार लेने तथा नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। डॉक्टरों ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खानपान से लेकर नींद लेने का भी समय तय करें। प्रदूषण से स्वयं को बचाने का प्रयास करें। आजकल तनाव के चलते बीमारियां शरीर को घेर लेती हैं। कोशिश करें कि तनाव से दूर रहें और सकारात्मक उर्जा ग्रहण करें। प्रधान हिमांशु कालरा ने बताया कि जेसीआई वीक 13 सितंबर तक मनाया जाएगा, जिसके तहत अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संरक्षक जेएफएस शैली चौधरी, चेयरमैन अमित अरोड़ा, आईपीपी सार्थक मित्तल, अध्यक्ष हिमांशु कालरा, मेंटर विक्रांत गुप्ता, संयोजक हरसिमरण वधवा, मीडिया कोर्डिनेटर राजन सचदेवा, प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर मोहित चावला, सहायक प्रोजेक्ट डायरेक्टर बोबिन छाबड़ा, नरेश सलूजा, नीतिन अरोड़ा, मोहिंदर कटारिया व नरेश कालरा मौजूद रहे।

# निसिंग में जाम का जंजाल! स्कूल छुट्टी होते ही सड़कों पर लगती वाहनों की कतार

*- वाहनों की लगी लंबी कतार, राहगीर और वाहन चालक परेशान—धान सीजन में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का दबाव बढ़ा तो बिगड़ेंगे हालात*



**निसिंग, 9 सितंबर ( जोगिंद्र सिंह ) :** निसिंग शहर के मेन बाजार स्थित गुरुद्वारा चौक पर यातायात व्यवस्था की बदहाली अब लोगों के लिए रोज की परेशानी बन गई है। दोपहर में स्कूलों की छुट्टी होते ही चौक पर वाहनों का ऐसा दबाव बढ़ता है कि कुछ ही मिनटों में सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। जाम के कारण वाहन रेंगते नजर आते हैं और राहगीरों को भी रास्ता निकालने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। गुरुद्वारा चौक के आसपास बाजार, धार्मिक स्थल और दुकानों के कारण दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। स्कूल छुट्टी के समय बच्चों को लेने-छोड़ने वाले वाहन, निजी कारें, ऑटो, बसें और दोपहिया वाहन एक साथ सड़क पर पहुंच जाते हैं। ऐसे में चौक पर यातायात को नियंत्रित करने वाला कोई पुलिस कर्मचारी मौजूद न होने से व्यवस्था और ज्यादा बिगड़ जाती है। वाहन चालको का कहना है कि चौक पर यातायात नियंत्रण की व्यवस्था नहीं होने के कारण कई बार वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार आगे निकलने का प्रयास करते हैं। इससे वाहनों की आवाजाही व्यवस्थित होने की बजाय उलझती चली जाती है और जाम लंबा होता जाता है। वाहन चालक गुरमीत सिंह,कृष्ण कुमार, संजीव कुमार और साहिल बसतली ने कहा कि स्कूल छुट्टी के समय कुछ देर के लिए ही सही, यदि चौक पर पुलिस कर्मचारी की तैनाती कर दी जाए तो यातायात को आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को समस्या के विकराल रूप लेने का इंतजार करने की बजाय अभी से व्यवस्था करनी चाहिए।

**धान सीजन में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का दबाव बढ़ा तो क्या होगा**

सबसे बड़ा सवाल अब आने वाले धान सीजन को लेकर खड़ा हो गया है। निसिंग अनाज मंडी में धान की आवक शुरू होने के बाद आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में फसल लेकर पहुंचेंगे। यदि सामान्य दिनों में ही गुरुद्वारा चौक पर वाहनों की लंबी कतार लग रही है तो धान सीजन में भारी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की संख्या बढ़ने पर हालात किस कदर बिगड़ेंगे, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते यातायात व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो मेन बाजार से लेकर आसपास की सड़कों तक जाम की स्थिति पैदा हो सकती है। इससे न केवल वाहन चालकों बल्कि मंडी जाने वाले किसानों, दुकानदारों, स्कूली बच्चों और आम राहगीरों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

**लोगों का सीधा सवाल—आखिर कब जागेगा प्रशासन?**

स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम कोई नई समस्या नहीं है, लेकिन इसके बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नजर नहीं आ रहे। लोगों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि स्कूल छुट्टी के समय गुरुद्वारा चौक पर पुलिस कर्मचारी की तैनाती की जाए, यातायात को व्यवस्थित करने के लिए विशेष व्यवस्था बनाई जाए और धान सीजन शुरू होने से पहले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के आवागमन को लेकर भी ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाए। लोगों का कहना है कि अगर अभी व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो धान सीजन में गुरुद्वारा चौक पर जाम सिर्फ परेशानी नहीं, बल्कि रोजाना की बड़ी समस्या बन सकता है।

# पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही से मजबूत होता है सुशासन : डॉ. चौहान

*– पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू*



**करनाल, 9 सितंबर ( यशपाल कादियान ) :** ग्रामीण विकास योजनाओं को प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से लागू करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया को मजबूत करना आवश्यक है। सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से न केवल विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाता है, बल्कि आमजन की भागीदारी और योजनाओं के प्रति जवाबदेही भी सुनिश्चित होती है। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे जिला परिषद, करनाल सामाजिक अंकेक्षण विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में संस्थान से संसाधन व्यक्ति संजीव कुमार तथा खंड संसाधन व्यक्ति सुषमा ने डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान का स्वागत किया। डॉ. चौहान ने दीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। डॉ. चौहान ने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण ग्रामीण विकास की योजनाओं में पारदर्शिता और जन विश्वास बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। इसके जरिए योजनाओं के तहत किए गए कार्यों, उपलब्ध अभिलेखों, लाभार्थियों तथा विकास कार्यों की जमीनी स्थिति का परीक्षण किया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक अंकेक्षण से जुड़ी प्रक्रियाओं एवं व्यावहारिक पहलुओं को गंभीरता से समझें और अपने कार्यक्षेत्र में इसका प्रभावी उपयोग करें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी योजनाओं की सफलता केवल उनके बजट और क्रियान्वयन से तय नहीं होती, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि योजनाओं का लाभ सही पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनी रहे। इस दिशा में सामाजिक अंकेक्षण आमजन को योजनाओं की निगरानी से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। संसाधन व्यक्ति संजीव कुमार ने सामाजिक अंकेक्षण की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके माध्यम से विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण से योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने तथा कमियों को चिन्हित करने में सहायता मिलती है। वहीं खंड संसाधन व्यक्ति सुषमा ने प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया, अभिलेखों के परीक्षण, विकास कार्यों के सत्यापन तथा लाभार्थियों की भागीदारी से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूजा, गीता, रजनीला, प्रियंका सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सामाजिक अंकेक्षण की अवधारणा, उद्देश्य एवं प्रक्रिया के साथ-साथ ग्रामीण विकास योजनाओं में इसकी भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी।

इसके अलावा अभिलेखों के परीक्षण, विकास कार्यों के सत्यापन तथा जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न पहलुओं की व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

# मां वैष्णो देवी इंटरनेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट की वार्षिक बैठक मे लेखा जोखा प्रस्तुत

*मां वैष्णो देवी धाम में आयोजित होने वाले 17वें विशाल भंडारे को लेकर हुई विस्तार से चर्चा*



**तरावड़ी, 9 सितम्बर ( छाया शर्मा ) :** मां वैष्णो देवी इंटरनेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जैन ने की। कार्यक्रम की शुरुआत धार्मिक परंपरा एवं विधि-विधान के अनुसार मां भगवती की पवित्र ज्योति प्रचंड से हुई। बैठक मे गौरव गर्ग तरावड़ी, पवन खन्ना जींद, ममता अरोड़ा, मोनिका अग्रवाल जयपुर, पवन गोयल, शमशेर तथा कृष्ण कुमार जैन सहित ट्रस्ट के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं सेवादारों ने मां भगवती की पवित्र ज्योति प्रचंड कर और माँ की आरती कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इसके अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जैन, राष्ट्रीय सचिव तरसेम गर्ग, सचिव गगन गोयल, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार जैन, तरुण बंसल, गौरव गर्ग तरावड़ी, शमशेर सिंह, प्रदीप बांसल सहित ट्रस्ट के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं सेवादार विशेष रूप से उपस्थित रहे। वार्षिक बैठक में आगामी नववर्ष के शुभ अवसर पर मां वैष्णो देवी धाम, कटरा में आयोजित होने वाले 17वें विशाल भंडारे को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले वर्षों में मां वैष्णो देवी धाम, कटरा में तीन स्थानों होटल दुर्गा रेजिडेंसी, दुर्गा भवन एवं भूमिका मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है। इस बार चौथा भंडारा देवा माई मंदिर में लगाया जाएगा। मां वैष्णो देवी धाम, कटरा में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए चार स्थानों पर विशाल भंडारे आयोजित किए जाएंगे।

भंडारे को सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विभिन्न सदस्यों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि देशभर से मां के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन एवं सेवा से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

17वें विशाल भंडारे के दौरान होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर भी बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि मेहंदी रस्म का विशेष कार्यक्रम होटल दुर्गा रेजिडेंसी में आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अनिल गर्ग ने वर्ष 2025-26 की आय एवं व्यय का विस्तृत ब्यौरा उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया।

उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किए गए विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों के वित्तीय लेखा-जोखे के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की।

बैठक के दौरान कटरा आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक आधुनिक धर्मशाला के निर्माण को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि धर्मशाला के निर्माण से दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को ठहरने की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

**वार्षिक बैठक मे यह रहे मौजूद**

वार्षिक बैठक में ट्रस्ट के सचिव गगन गोयल5 राष्ट्रीय सचिव तरसेम गर्ग, कृष्ण कुमार जैनज़ शमशेर ढांडा, पवन खन्ना, ममता अरोड़ा, मोनिका अग्रवाल, पवन गोयल, शमशेर, प्रदीप बंसल, शुभम गर्ग, संदीप प्रकाश गर्ग, नानू राम मित्तल, तरसेम गर्ग, राकेश गर्ग बिट्ठू, राहुल गर्ग, मुकेश गोयल, राजू छाबड़ा, जितेंद्र गोयल, नानू राम मित्तल, राज कुमार गोयल, शकुंतला बंसल, प्रेम नंदवाल, मुकेश गोयल, हुमेश गोयल, आनंद सागर, कैलाश शर्मा, राजू छाबड़ा, तरसेम कुमार, जोगिंद्र सिंह, रिक्की जिंदल एवं मोनू गर्ग समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अमरपुरी कॉलोनी नियमित होते ही खुलेंगे विकास के द्वार : सुमन बहमनी

*मेयर ने वार्ड 20 की अमरपुरी कॉलोनी का दौरा कर सुनी लोगों की समस्याएं*



**यमुनानगर, 9 सितंबर ( दिनेश कुमार ) :** मेयर सुमन बहमनी ने पार्षद विक्रम राणा के साथ वार्ड नंबर 20 की अमरपुरी कॉलोनी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में कॉलोनी वासियों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने पानी निकासी, सफाई, सीवरेज, गलियों व नालियों के निर्माण, स्टॉर्म वाटर लाइन सहित विभिन्न समस्याएं मेयर के समक्ष रखीं। कॉलोनी वासियों ने अमरपुरी कॉलोनी को नियमित करवाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि अमरपुरी कॉलोनी समेत विभिन्न अनअप्रूव्ड कॉलोनियों को नियमित करवाने के भरकस प्रयास किए जा रहे है। कॉलोनी के नियमित होने के बाद यहां विकास के द्वार खुलेंगे। कॉलोनी के नियमित होने से क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और विभिन्न विकास कार्य करवाने का रास्ता साफ होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से शहर के सभी क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जहां नियमों के तहत विकास कार्य करना संभव है, वहां लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मेयर ने कॉलोनी वासियों को बताया कि अमरपुरी कॉलोनी अभी अनअप्रूव्ड है। इसके चलते यहां नियमित कॉलोनियों की तरह नगर निगम द्वारा विकास कार्य नहीं करवाए जा सकते। लोगों ने कहा कि कॉलोनी में बड़ी संख्या में परिवार रह रहे हैं और उन्हें सीवरेज, पक्की गलियों, नालियों, पानी निकासी तथा स्टॉर्म वाटर लाइन जैसी सुविधाओं की आवश्यकता है। उन्होंने मेयर से कॉलोनी के नियमितीकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करवाने की मांग की, ताकि क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से विकास हो सके। मेयर ने उन्हें जल्द कॉलोनी को नियमित कराने का आश्वासन दिया। मेयर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही जानकारी ली। उन्होंने पानी निकासी, सफाई और सीवरेज से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉलोनी के नियमितीकरण से संबंधित प्रक्रिया नियमों के अनुसार आगे बढ़ाई जा रही है। पार्षद विक्रम राणा ने भी कॉलोनी वासियों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा और उनके जल्द समाधान की मांग की। मौके पर नगर निगम सहायक अभियंता सुरेंद्र दहिया, जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व आसपास के लोग मौजूद रहें।

# खेतों से ट्यूबवेल की केबल चोरी करने के मामले में सीआईए कलायत पुलिस की बड़ी कार्रवाई

*अंतर्राज्जीय चोर गिरोह के 2 आरोपी काबू, आरोपी हरियाणा, पंजाब व यूपी में खेतों से तार व अन्य सामान चोरी की करीब 30 वारदातो को दे चुके अंजाम*

**कलायत, 9 सितंबर ( सुबे सिंह मोर ) :** संपत्ति विरुध अपराधियों पर कैथल पुलिस द्वारा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में खेतों से ट्यूबवेल की तार चोरी करने के मामले में सीआईए कलायत द्वारा अंतर्राज्जीय चोर गिरोह में शामिल 2 आरोपियों को काबू किया गया। दोनों आरोपी हरियाणा, पंजाब व यूपी में खेतों से तार व अन्य सामान चोरी की करीब 30 वारदातो को अंजाम दे चुके है। डीएसपी कलायत रोहताश ने बताया की गांव किछाना निवासी मनोज कुमार की शिकायत अनुसार 31 अगस्त की रात करीब 3 बजे उसके व उसके खेत पड़ोसी राजेश तथा जगबीर के खेतों से अज्ञात व्यक्ति ट्यूबवेल की केबल चोरी कर ले गए। इसके अलावा 28 अगस्त को भी उसके खेत से केबल चोरी हुई थी।

जिस बारे थाना राजौंद में मामला दर्ज कर लिया गया। क्षेत्र में खेतों से सामान चोरी की बढ़ रही वारदातो पर अंकुश लगाने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा सीआईए कलायत को जल्द से जल्द आरोपियों को काबू करने के आदेश दिए गए थे।

आदेशों पर खरा उतरते हुए सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एचसी देवेंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव जखौली निवासी सुरेंद्र उर्फ मुन्ना तथा साहिल उर्फ पिंदा को काबू कर लिया गया। दोनों आरोपी शातिर किस्म के है, सीआईए कलायत पुलिस द्वारा एक महीने की कड़ी मेहनत करके दोनों आरोपियों को काबू किया गया। व्यापक पूछताछ के लिए दोनों आरोपियों का न्यायालय से एक दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया। रिमांड अवधि दौरान पूछताछ उपरांत आरोपियों द्वारा हरियाणा के कैथल, जींद, करनाल, पंजाब के खनोरी पातड़ा तथा हरियाणा बॉर्डर के लगते यूपी के खेतों से चोरी करने की करीब 30 वारदातो को अंजाम देना कबुल किया।

जिनमें आरोपियों द्वारा तार, हुका तथा खेत कोठा से अन्य सामान चोरी किया गया है। जिसमें जिला कैथल की खेतों से तार व अन्य सामान चोरी की कुल 8 वारदात सुलझी है।

आरोपी बाइक पर खेतों की रेकी करते थे तथा खेत में कोई दिखाई ना देने पर रात के समय चोरी की वारदात करते थे। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा तार, अन्य सामान, वारदात में प्रयुक्त पल्सर बाइक बरामद की गई। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## श्री श्याम परिवार द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में नंदोत्सव का आयोजन

**करनाल, 9 सितंबर ( रविन्द्र मलिक ) :** श्री श्याम परिवार द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सेक्टर-8 स्थित अग्रवाल भवन में एक भव्य एवं अलौकिक नंदोत्सव का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर कन्हैया के जन्म की खुशी में पूरा वातावरण श्याम मय और भक्ति के दिव्य रंग में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक आदरणीय नंदकिशोर जी (नंदू भैया) ने अपनी मधुर आवाज में भजनों की ऐसी अमृत वर्षा की कि हॉल में उपस्थित हर एक भक्त भावविभोर होकर झूमने पर मजबूर हो गया। नन्द के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से पूरा अग्रवाल भवन गूंज उठा। इस सफल एवं भव्य आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने में संस्था के प्रमुख श्याम सेवक प्रदीप बंसल, कार्य पर्यवेक्षक सुनील गुप्ता, कार्यदर्शी सेवक पुनीत मित्तल, कोषाध्यक्ष सुभाष गुप्ता सहित पूरी कार्यकारिणी टीम व मुख्यता सदस्यों



का विशेष योगदान रहा। उत्सव की ऐतिहासिक सफलता पर सभी श्याम भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यकारिणी ने कहा, कल के नंदोत्सव में करनाल और आसपास के क्षेत्रों से आए सभी श्रद्धालुओं और विशिष्ट जनों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस उत्सव को अलौकिक बना दिया। आप सभी श्याम प्रेमियों के अटूट विश्वास, अनुशासन और सुंदर सहयोग के बिना इतना बड़ा और भव्य आयोजन संभव नहीं था। बाबा श्याम और ठाकुर जी की असीम कृपा आप सभी पर हमेशा बनी रहे। श्याम बाबा का भव्य अलौकिक दरबार मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे, जहां सैंकडों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों को प्रशाद के साथ खिलौनों का वितरण भी किया गया।

## सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों की ली बैठक

**हिसार, 9 सितंबर ( ब्यूरो ) :** जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर बुधवार को उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों की रूपरेखा समय रहते तैयार कर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मुख्य




उद्देश्य जनभागीदारी, जनसेवा तथा पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विभाग अपने स्तर पर अधिक से अधिक नागरिकों को अभियान से जोड़ें और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र लोगों को जागरूक करें। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि अभियान के दौरान जिले में विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी, जिनमें वे अपनी प्रतिभा के साथ-साथ सेवा, सुशासन और विकास से जुड़े विचार प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आमजन तक सेवा एवं विकास की कहानियां प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाएंगी। उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी गतिविधियों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा कार्यक्रमों के आयोजन में विभागों के बीच बेहतर समन्वय रखा जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान किए जाने वाले कार्यों का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि आमजन को सरकारी सेवाओं और योजनाओं से वास्तविक रूप से जोड़ना होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि एक माह तक चलने वाले इस अभियान का समापन जनसेवक महाकुंभ के साथ किया जाएगा।

## सांगठनिक मजबूती और जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे : रेणु बाला गुप्ता

**करनाल, 9 सितंबर ( संदीप रोहिला ) :** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय 'पंचकमल' में आयोजित महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में सक्रिय भागीदारी की। बैठक के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मार्गदर्शन प्राप्त किया। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसेवा के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार भी सांझा किए।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता, आपसी समन्वय और जनहित के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता से सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का माध्यम भी है। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संगठन को मजबूत बनाने, सरकार की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर मार्गदर्शन दिया।



उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए जनता के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। वही, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने भी संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों और कार्ययोजना को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही जनसेवा के संकल्प को धरातल पर प्रभावी रूप से साकार करने का आधार है। बैठक में राज्यसभा सदस्य संजय भाटिया, संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, प्रदेश पदाधिकारी, विधायक, महापौर, चेयरमैन, प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि संगठनात्मक बैठकों से कार्यकर्ताओं को नई दिशा, ऊर्जा और अनुभव प्राप्त होता है। सामूहिक विचार-विमर्श और वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन से जनहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने संगठन की मजबूती, राष्ट्रहित और जनसेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## आयुष विभाग द्वारा एलएनजेपी अस्पताल में योग सत्र का किया आयोजन : डा. मंजू शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 9 सितंबर ( सुदेश कुमार ) :** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि महानिदेशक आयुष हरियाणा के दिशा निर्देश में एलएनजेपी अस्पताल के आयुष विंग, एलएनजेपी अस्पताल में तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से एक विशेष योग सत्र का सफल आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस योग सत्र के दौरान योग विशेषज्ञ मनजीत द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को सूक्ष्म व्यायाम, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम,



ध्यान तथा शिथिलीकरण की विभिन्न तकनीकों का गहन अभ्यास करवाया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के माध्यम से दैनिक जीवन के मानसिक तनाव को दूर करने, एकाग्रता बढ़ाने तथा मन की शांति बनाए रखने के व्यावहारिक तरीकों से अवगत कराया गया।

इसी कड़ी में, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दबखेड़ा की टीम द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र, लोहारा में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान कुल 102 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं निशुल्क औषधियां वितरित की गईं। यह शिविर डॉ. मीना के कुशल नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें सिम्मी, नरेंद्र कुमार एवं संजय कुमार योग प्रशिक्षक ने अपनी सक्रिय सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता तथा योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के उपाय भी बताए गए। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी और व्यस्त जीवन शैली में मानसिक तनाव से बचाव और निरोगी जीवन के लिए योग एवं प्राणायाम को दैनिक दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक है। नियमित योगाभ्यास न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि एक स्वस्थ, ऊर्जावान एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने में भी सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच, संतुलित दिनचर्या और नियमित योगाभ्यास ही तनाव मुक्त एवं स्वस्थ जीवन के मुख्य आधार हैं।

इसके साथ ही सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रतिभागियों एवं आमजन को योग व आयुर्वेद को अपनी दिनचर्या में स्थायी रूप से शामिल करने तथा इसके निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में एनसीबी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति किया जागरूक

**हिसार, 9 सितंबर ( ब्यूरो ) :** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो की ओर से दक्ष गुरु राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, हिसार में नशामुक्ति को लेकर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा। संस्थान के प्राचार्य डॉ. जगमोहन दूहन ने ब्यूरो के अधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, यदि नशा होता अच्छा, माँ कहती खा ले मेरे बच्चा लेकिन माँ अपने बच्चे को नशा नहीं, स्वस्थ जीवन, अच्छी शिक्षा और संस्कार देना चाहती है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर और मन को खोखला करने के साथ-साथ परिवार की खुशियों, आर्थिक स्थिति, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं, इसलिए उन्हें नशे से बचाना परिवार, शिक्षण संस्थानों और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। डॉ वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के



विभिन्न प्रकारों, उनके शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों तथा नशे से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही नशे के आदी व्यक्तियों के उपचार एवं पुनर्वास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने मित्रों और आसपास के लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या से निपटने के लिए केवल कानून का भय पर्याप्त नहीं है। परिवार, शिक्षण संस्थान और समाज को मिलकर जागरूकता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रयास करने होंगे। उन्होंने नागरिकों से प्रतिबंधित नशों के विरुद्ध जागरूक नागरिक का दायित्व निभाते हुए 1933 अथवा 9050891508 पर गुप्त सूचना देकर नशामुक्ति अभियान में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ब्यूरो हिसार इकाई प्रभारी सत्यपाल, कुलदीप, उप प्राचार्य मुकेश बंसल सहित संस्थान के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## बच्चों ने संभाली पंचायत की कमान ग्राम सभा में उठाए विकास से जुड़े मुद्दे

*पारवाला स्कूल में खंड स्तरीय युवा ग्राम सभा प्रतियोगिता आयोजित, विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया का किया प्रभावी प्रदर्शन*




**रायपुररानी, 9 सितंबर ( देवेन्द्र सिंह ) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पारवाला में आयोजित खंड स्तरीय युवा ग्राम सभा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पंचायत की कार्यप्रणाली और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने विभिन्न भूमिकाएं निभाते हुए ग्राम सभा की बैठक का मंचन किया और गांव के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। सभा में कक्षा नौवीं की छात्रा दिव्या ने सरपंच और जीविका ने ग्राम सचिव की भूमिका निभाई। अन्य विद्यार्थियों ने ग्राम सभा के सदस्यों और ग्रामीणों की भूमिकाएं संभालीं। इस दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी। साथ ही, चर्चा के माध्यम से समस्याओं के समाधान और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या नमिता खुल्लर ने की, जबकि राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता सतीश कुमार कैत ने मंच संचालन किया। निर्णायक मंडल में उर्मिल शर्मा और पूनम कौशिक ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। अपने प्रेरक संबोधन में प्रधानाचार्या नमिता खुल्लर ने कहा कि युवा ग्राम सभा विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था की बारीकियों को समझने का अवसर देती है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों से संवाद कौशल, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है।

वहीं विद्यालय परिवार ने प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

## भाजपा जिला सोशल मीडिया टीम की नियुक्तियां, जगदीप मोंगा बने जिला संयोजक



**फतेहाबाद, 9 सितंबर ( अमन सेठी ) :** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने संगठन को सोशल मीडिया के क्षेत्र में और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जिला सोशल मीडिया संयोजक एवं सह संयोजकों की नियुक्ति की है। यह नियुक्तियां हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता एवं प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा से विचार-विमर्श तथा जिला प्रभारी सुरेंद्र पूनिया एवं प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सोमबीर कटारिया की सलाह के अनुसार की गई हैं। जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा द्वारा जारी नियुक्ति सूची के अनुसार जगदीप मोंगा को जिला सोशल मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं राहुल सेठी, उमेश रघुवंशी तथा रमेश सनियाना को जिला सोशल मीडिया सह संयोजक नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया संगठन की गतिविधियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त पदाधिकारी पूरी निष्ठा एवं सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे तथा संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए सौंपे गए दायित्व को पूरी मेहनत और समर्पण के साथ निभाने का भरोसा दिलाया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी कंवल चौधरी ने दी।

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के उपलक्ष्य एक दिवसीय नि:शुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन

*फिजियोथेरेपी दर्द मे राहत व शरीर की पुरानी ताकत और लचीलापन वापस लौटाने में सबसे कारगर है : डा मयंक*

**लाडवा, 9 सितंबर ( रामगोपाल ) :** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को लाडवा सिटी सेंटर स्थित नव्यजीवन फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर द्वारा आमजन के स्वास्थ्य लाभ के लिए एक दिवसीय निन्शुल्क फिजियोथेरेपी परामर्श एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को जोड़ों के दर्द, पुरानी चोटों और शारीरिक गतिशीलता से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें सही इलाज की राह दिखाना था। शिविर के दौरान नव्यजीवन सेंटर के वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मयंक व डॉ राधिका की टीम ने आए हुए मरीजों की जांच की और उन्हें बिना दवाइयों व बिना ऑपरेशन के एक्सरसाइज व आधुनिक थेरेपी पद्धतियों के



जरिए ठीक होने के उपाय बताए। शिविर में विशेष रूप से कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द, स्लिप डिस्क, पैरालिसिस (लकवा), गठिया (आर्थराइटिस) और खेलकूद के दौरान लगने वाली चोटों से ग्रसित मरीजों को मुफ्त परामर्श दिया गया। इस अवसर पर नव्यजीवन फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर के डा मयंक ने बताया कि आजकल की सुस्त और सिटिंग लाइफस्टाइल के कारण युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में मस्कुलोस्केलेटल (हड्डी और नस) की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। फिजियोथेरेपी न सिर्फ दर्द से राहत दिलाती है बल्कि शरीर को पुरानी ताकत और लचीलापन वापस लौटाने (रिहैबिलिटेशन) में सबसे कारगर है। उन्होंने बताया कि दर्द की समस्याओं से जुझते सैंकड़ों मरीज बिना दवा व सर्जरी के स्वास्थ्य लाभ ले चुके हैं।

## 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत में 8 बैंच करेंगे मामलों की सुनवाई



**कुरुक्षेत्र, 9 सितंबर ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीतिका भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 12 सितंबर, 2026 को जिला कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जिला कुरुक्षेत्र में कुल 8 बैंचों का गठन किया गया है। न्यायिक परिसर, कुरुक्षेत्र में 6 बैंचों द्वारा मामलों की सुनवाई एवं निपटारा किया जाएगा। इन बैंचों की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश महावीर सिंह, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश विवेक सिंगल, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दविंदर, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) ओमेश तथा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) आयुषी अरोड़ा द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपमंडल शाहाबाद एवं पिहोवा में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। शाहाबाद में गठित बैंच की अध्यक्षता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनीता रानी द्वारा की जाएगी, जबकि पिहोवा में राष्ट्रीय लोक अदालत की बैंच की अध्यक्षता उप-मंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट कपिल द्वारा की जाएगी। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटारा किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग 12 सितंबर, 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं और आपसी सहमति से अपने विवादों का समाधान करवाएं।

## नशा छोड़ रक्तदान अपनाएं युवा : दिनेश बक्शी

**करनाल, 9 सितंबर ( सोनी दुआ ) :** लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर एवं रक्तवीर दिनेश बक्शी ने मानवता की सेवा की अपनी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए मिथिला-दरभंगा में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में रक्तदान किया। यह उनका 251वां डोनेशन था। इससे पहले वह 140 बार रक्तदान और 110 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं। रक्तदान कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से पहुंचे रक्तवीरों ने भी भाग लिया। दिनेश बक्शी के रक्तदान के दौरान उनके साथ फोटो खिंचवाने और उनसे प्रेरणा लेने के लिए रक्तवीरों में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर दिनेश बक्शी ने युवाओं से नशे से दूर रहने और रक्तदान को जीवन का हिस्सा बनाने



की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है, जबकि रक्तदान किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने में मदद करता है। इसलिए युवा नशा छोड़ें और रक्तदान अपनाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा रक्तदान करने से सामान्यत: शरीर में स्थायी कमजोरी नहीं आती। नियमित स्वास्थ्य जांच भी व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखने में मदद करती है। दिनेश बक्शी वर्ष 1993 से लगातार रक्तदान सेवा से जुड़े हुए हैं। उनकी रक्तदान सेवा से प्रेरित होकर अनेक युवा भी इस मुहिम से जुड़ चुके हैं और जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। रक्तदान के साथ-साथ दिनेश बक्शी पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। वह 1 जुलाई 2021 से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं। पेड़ों की सुरक्षा के लिए उन्होंने फ्री ट्री गार्ड मुहिम और पोस्टर फॉर ट्री मुहिम भी शुरू की हुई है। दिनेश बक्शी ने कहा कि युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा में लगाकर समाज को नशामुक्त और स्वस्थ बनाया जा सकता है। रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा जैसे कार्यों में युवाओं की भागीदारी समाज के लिए बड़ी ताकत बन सकती है।

# आराम व ताजगी पाने के लिए फेस स्टीमिंग कारगर

**शहनाज़ हुसैन**



फेस स्टीमिंग को आयुर्वदिक थैरपी स्वेदन का हिस्सा माना जाता है जिसके माध्यम से सदियों से महिलाएं भाप का उपयोग आराम और ताजगी पाने के लिए करती आ रही हैं। आज भी हमें भाप लेना बहुत पसंद है, चाहे वह स्पा में हो, सौना में हो या फिर बस गर्म पानी से स्नान करना हो। चेहरे पर भाप लेने से त्वचा से जुडी अनेक परेशानियों का सामधान मिल जाता है / बाताबरण में नमी के बजह से होने बाले धूल और पसीना त्वचा पर चिपक जाते हैं जिसकी बजह से रोम छिद्र बंद हो जाते हैं और मुहांसों की परेशानी बढ़ जाती है जिसे चेहरे पर भाप लेने से काफी हद तक ठीक किया जा सकता है फेस स्टीमिंग को महिलाएं सदियों से अपनी खूबसूरती निखारने में करती आई हैं / इसे महिलाएं अपनी त्वचा को कोमल/ और मुलायम बनाने के लिए उपयोग करती रही हैं / फेस स्टीमिंग के माध्यम से प्रकृतिक तरीके से त्वचा को पौषण प्रदान करके त्वचा की गहराई से सफाई की जाती है / यह रोमछिद्रों को खोलता है, रक्त संचार को बढ़ावा देता है और त्वचा में जमा सीबम को बाहर निकालता है/

स्टीम त्वचा को मुलायम बनाने और रोमछिद्रों में जमे तेल और गंदगी को ढीला करने में मदद करती है। ब्लैकहेड्स निकालने से पहले चेहरे पर स्टीमिंग करने से भाप से रोमछिद्र खुल जाते हैं जिससे ब्लैकहेड्स नरम हो जाते हैं और उन्हें निकालना आसान हो जाता है /चेहरे पर भाप लेने से त्वचा की कोशिकाओं को पानी मिलता है। भाप तेल उत्पादन को बढ़ाकर त्वचा को नमी प्रदान करती है, जिससे चेहरा प्राकृतिक रूप से मॉइस्चराइज़ हो जाता है। भाप से त्वचा को हाइड्रेट करने के बाद, एक अच्छा मॉइस्चराइज़र या सीरम लगाने से त्वचा मुलायम हो जाती है और उसे नमी बनाए रखने में मदद मिलती है।

स्टीम फेशियल से चेहरे का रक्त संचार बेहतर होता है जिससे कोलेजन और इलास्टिन का उत्पादन बढ़ता है। गर्म भाप से त्वचा की कोशिकाओं को अधिक ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं जिससे त्वचा में कसाव आता है और वह जवां दिखती है /

**भाप की बिधि --------**

चेहरे को भाप देने के लिए आप तौलिये का उपयोग भी कर सकते हैं/ इसके लिए साफ, छोटे तौलिये को एक हीट प्रूफ कटोरे या बाल्टी में रखें / तौलिये पर गर्म पानी डालें / तौलिये को निचोड़ें और आपने चेहरे पर रख लें / यह सावधानी बरतें की तौलिये पर उबलता पानी न डालें / अगर आप तौलिया ज्यादा गर्म हों तो इसे थोड़ा ठण्डा होने दें / सामान्य तौर पर, आप गर्म तौलिए से एक बार में अधिकतम 10 मिनट तक स्टीम कर सकते हैं। भाप को एक बार में 2 या 3 मिनट के लिए लें और बीच में 1 मिनट का ब्रेक लें ताकि यह देखा जा सके कि आपकी त्वचा भाप को कैसे सहन कर रही है। लेकिन अगर आपको बहुत गर्मी महसूस हो या जलन हो, तो स्टीम लेने की अवधि कम कर दें या इसका इस्तेमाल बंद कर दें। एक पतीले में पानी उबाल लें / जब पानी उबल रहा हो तो इसमें कुछ संतरे के छिलके, सूखे गुलाब की पतियाँ, लैवेंडर, यूकलिप्टस आदि सुखी जड़ी बूटियाँ और चुकंदर के पत्तों के छोटे-छोटे टुकड़े डाल दें. अब इसके बाद पानी को गैस से उतार लें /अब अपने सिर को तौलिये से ठक लें ताकि भाप बर्बाद ने हो / अब आठ दस इंच दुरी से भाप लें / भाप मात्र तब तक लें जब आप असहज महसूस ने करें भाप लेती बार अपनी आँखें बंद रखें जिससे आँखों में जलन का खतरा नहीं होगा और आपकी पलके भाप का आनंद ले सकेंगी / अपने चेहरे को कटोरे से लगभग 10 इंच दुरी पर रखें और अपनी त्वचा के अनुरूप दुरी बनाएं जिससे आपको आरामदायक महसूस हो आप सप्ताह में दो या तीन बार भाप ले सकते हैं लेकिन अगर आपकी त्वचा शुष्क रहती है तो भाप लेने से पहले त्वचा पर मॉइस्चराइजर जरूर लगा लें /भाप लेने के बाद एक टोनर को त्वचा पर लगाएं ताकि त्वचा के पी एच संतुलन को बनाया रखा जा रके और पोर्स को टाइट किया जा सके /त्वचा की नमी को बरकरार रखने के लिए हलके मॉइस्चराइजर का उपयोग करें ताकि आपकी त्वचा कोमल और मुलायम बनी रह सके इसके लिए कुछ सावधानियाँ बरतनी भी जरूरी हैं / मसलन ज्यादा भाप लेने से त्वचा के प्रकृतिक तेल कम हो सकते हैं जिससे त्वचा शुष्क और टाइट हो सकती है / ज्यादा भाप लेने से रक्त धमनियों को नुकसान पहुंच सकता है / रोसैसिया या एक्जिमा से जूझ रहे लोगों को भाप नहीं लेनी चाहिए / ज्यादा भाप लेने से आपकी त्वचा का प्रकृतिक तेल खत्म हो जाता जिससे त्वचा में खिंचाब, जलन, लालिमा और पपड़ी निकलने की समस्या हो सकती है /

# सही हेयर वॉश तकनीक है खूबसूरत बालों का राज



बालों की खूबसूरती के लिए अक्सर हम महंगे ब्रांडेड प्रोडक्ट्स और पार्लर ट्रीटमेंट्स पर निर्भर रहते हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि चमकदार और स्वस्थ बालों का असली रहस्य हमारी रोज़मर्रा की छोटी-छोटी आदतों, खासकर हेयर वॉश तकनीक में छिपा है। अक्सर लोग शिकायत करते हैं कि बाल धोने के बाद भी वे रूखे, उलझे हुए और बेजान नज़र आते हैं। यदि आप भी ऐसी ही समस्या का सामना कर रहे हैं, तो अपनी हेयर वॉश तकनीक में कुछ साधारण लेकिन प्रभावी बदलाव करके आप अपने बालों की कुदरती नमी और चमक वापस पा सकते हैं शैंपू का इस्तेमाल करते समय सबसे महत्वपूर्ण बात यह ध्यान रखना है कि इसका मुख्य उद्देश्य सिर की त्वचा यानी स्कैल्प को साफ करना है, न कि पूरे बालों की लंबाई को। इसे सीधे पूरे बालों पर रगड़ने के बजाय, सिर्फ जड़ों में लगाएं और उंगलियों के पोरों से हल्के हाथों से मसाज करें। पानी से धोते समय, बहता हुआ पानी बाकी बालों को अपने आप ही साफ कर देता है। बालों की लंबाई को बार-बार जोर से रगड़ने से वे कमजोर होकर टूटने लगते हैं। कई लोगों को लगता है कि दो बार शैंपू करने से बाल ज्यादा साफ होते हैं, लेकिन हर बार ऐसा करने से स्कैल्प का प्राकृतिक तेल खत्म हो सकता है, जिससे बाल और ज़्यादा रूखे हो जाते हैं। अगर सिर बहुत ज्यादा ऑयली या गंदा न हो तो एक बार का शैंपू ही पर्याप्त होता है।

बाल धोने से पहले उन्हें सुलझाना भी बेहद ज़रूरी है। गीले बाल सबसे ज़्यादा नाजुक होते हैं और आसानी से टूटते हैं। इसलिए, शैंपू करने से ठीक पहले, चौड़े दांतों वाली कंघी का प्रयोग कर बालों को अच्छी तरह सुलझा लें। इससे शैंपू करते समय बाल कम उलझेंगे और हेयर फॉल की समस्या में भी कमी आएगी। कंडीशनर का काम बालों को पोषण और नमी देना है, न कि स्कैल्प को। इसे हमेशा कानों के निचले हिस्से से शुरू करते हुए बालों के सिरों (एंड्स) तक लगाएं। जड़ों में कंडीशनर लगाने से स्कैल्प चिपचिपी हो सकती है और बाल तेज़ी से गंदे हो सकते हैं। पानी का तापमान भी बालों पर गहरा असर डालता है। बहुत अधिक गर्म पानी से बाल धोने पर उनका प्राकृतिक मॉइस्चर छिन जाता है और स्कैल्प रूखी हो जाती है। बालों की चमक बनाए रखने और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए हमेशा सामान्य ताजे पानी या फिर हल्के गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें। बाल धोने के बाद उन्हें सुखाने का तरीका भी बेहद महत्वपूर्ण है। तौलिए से तेज़ी से रगड़कर सुखाने के बजाय, कॉटन की पुरानी टी-शर्ट या माइक्रोफाइबर टॉवल का प्रयोग करें। हल्के हाथों से थपथपाकर बालों को धीरे-धीरे सुखाएं (डाब करके)। यह तरीका बालों का फ्रिज़ तुरंत कम करता है इन छोटे-छोटे बदलावों को अपनी हेयर वॉश रूटीन में शामिल करके आप बिना महंगे उत्पादों के भी स्वस्थ, चमकदार और मुलायम बाल पा सकते हैं। तो अगली बार जब आप बाल धोएं, तो इन तकनीकों को ज़रूर अपनाएं और देखें अपने बालों में आया सकारात्मक बदलाव।

# हर मौसम में खास है खादी, स्टाइल से पहनें



आजकल खादी का प्रचलन भी बढ़ता जा रहा है। इसके परिधान अब स्टायलिश होने के साथ ही हर अवसर पर एक विशेष लुक देते हैं। आजकल खादी पहनना एक स्टेटस सिंबल भी बनता जा रहा है। बदलते मौसम में कपड़ों के लिए फैब्रिक चुनना जरा मुश्?किल लगता है पर खादी ऐसा मैटेरियल है जो आप हर मौसम में बिंदास पहन सकते हैं। अगर आप भी अपने लिए कंफर्ट और स्टाइल की तलाश कर रही हैं तो खादी से बेहतर विकल्प क्या हो सकता है। खादी में हैं कई विकल्प -फैशन के रोजाना बदलते ट्रेंड में खादी फैब्रिक्स की खासी डिमांड है। इसमें पैच, कांथा, फुलकारी वर्क और ब्लॉक प्रिंटिंग जैसे कई वरायटीज वाले आउटफिट्स इन दिनों ट्रेंड में हैं। प्रिंट्स और डिजाइंस से अलग प्लेन खादी ड्रेस भी अलग लुक देती है। इस फैब्रिक से बने नेहरू जैकेट्स यंगस्टर्स के बीच खासे पसंद किए जाते हैं। साड़ी और सलवार-सूट्स से अलग अब शर्ट, पैंट और स्कर्ट्स में भी कई तरह के आउटफिट्स देखे जा सकते हैं।

अलग अंदाज और स्टाइल में नजर आने के लिए स्पेगेटी टॉप को स्कर्ट या लुक पैंट्स के साथ पहना जा सकता है। खादी के क्रॉप टॉप और रैप-अराउंड स्कर्ट का कॉम्बो बेहद आकर्षक लगता है।

खास है खादी की साड़ी--खादी की हाथ से बनी साड़ी को बेहद पसंद किया जाता है। ये विभिन्न रंगों और स्टाइल में मिलती हैं। मॉडर्न लुक के लिए जरदोंजी की कढ़ाई और ब्लॉक प्रिंट वाली साड़ी चुनें। रंगीन प्लेन साड़ी को कढ़ाईदार शर्ट ब्लाउज के साथ भी पहन सकती हैं, जो आपको एकदम नया लुक देगी।

खादी के कुर्ते देते हैं सोबर लुक

# मेकअप के साथ-साथ खानपान पर ध्यान जरुरी




सभी महिलाएं चाहती हैं कि वह खूबसूरत दिखें और इसके लिए सभी उपाय करती हैं पर इसके लिए मेकअप के साथ ही अपने खान-पान पर भी ध्यान देना जरुरी है। बेहतर खान-पान से जहां आप तरोताजा रहती हैं वहीं आपकी त्वचा में भी निखार आता है।

दमकती त्वचा के लिए अखरोट का सेवन करें

अखरोट का सेवन यूं तो पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक?सीडेंट और ओमेगा 3 फैटी एसिड दिल और सामान?य स?वास?थ?य दोनों के लिए अच?छे होते हैं। त?वचा की सेहत सुधारने के लिए भी अखरोट के इस?तेमाल की सलाह दी जाती है। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते हैं। अखरोट त्वचा को पोषण प्रदान करता और उसकी नमी बरकरार रखने में भी मदद करता है। अखरोट में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा से गंदगी हटाकर निखार लाने में मदद करते हैं। इसका सेवन और इस्तेमाल दोनों ही त्वचा को स्वस्थ बनाने और निखार लाने में मदद करता है। अखरोट के साथ कई चीजों को मिलाकर इस्तेमाल करने से त्वचा बेहतर होती है।

**अखरोट और शहद**

अखरोट और शहद त?वचा को जवां रखने में मदद करता है। यह त्वचा की नमी बरकरार रखने में मदद करता है।

**ऐसे बनाएं फेस पैक**

एक चम्मच अखरोट पाउडर, एक चम्मच ऑलिव ऑयल, 2 चम्मच गुलाब जल और आधा चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को चेहरे पर 15 मिनट तक लगे रहने दें उसके बाद पानी से चेहरे को धो लें। दही में लैक्टिक एसिड होता है जो त्वचा से मृत कोशिकाएं हटाने में मदद करता है। इसके साथ ही अखरोट ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है।

**फेस पैक बनाएं**

चम्मच दही और 1 चम्मच अखरोट का पाउडर मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को 20 मिनट तक चेहरे पर लगे रहने दें। उसके बाद पानी से चेहरे को धो लें।

चीनी और अखरोट त्वचा को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। एक्सफॉलिएट में त्वचा से मृत कोशिकाएं हटती हैं और रक्त संचार बेहतर होता है।

**फेस पैक बनाएं**

एक चम्मच चीनी, एक चम्मच अखरोट पाउडर और कुछ बूंदे नींबू के रस की मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस स्क्रब को चेहरे पर लगाकर सर्कुलर मोशन में मसाज करें। इसे 15 मिनट तक लगे रहने दें उसके बाद ठंडे पानी से चेहरे को धो लें।

अखरोट त्वचा में इंफेक्शन दूर करने में मदद करता है। यह त्वचा में निखार लाने में मदद करता है।

**फेस पैक बनाएं**

तीन चम्मच पपीते का गुदा, एक चम्मच शहद, दो चम्मच अखरोट और हल्दी मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर 15 मिनट तक लगे रहने दें। उसके बाद पानी से चेहरे को धो लें।

**नाखून को इस प्रकार सजायें**

नाखून अगर खूबसूरत हों, पूरी तरह शेप में हों और मजबूत हों तो हाथों की खूबसूरती और बढ़ जाती है। लंबे नाखूनों को आप तरह-तरह के नेल आर्ट बनाकर सजा भी सकती हैं। इसी कारण लंबे और खूबसूरत नाखून पर किसी की चाहत होती है पर बहुत सी लड़कियों को ये शिकायत होती है कि उनके नाखून बढ़ने के साथ ही टूट जाते हैं। ऐसे में कभी भी वो परफेक्ट शेप मिल ही नहीं पाती जिसकी उम्मीद होती है। पर क्या आपने कभी ये सोचा है कि नाखून टूटते क्यों हैं? कई बार हॉर्मोनल कारणों की वजह से तो कई बार पोषण की कमी के चलते नाखून टूट जाते हैं। प्राकृतिक उपायों के जरिये आप नाखूनों को ठीक कर सकती हैं। लहसुन की एक कली लें, उसके छिलके उतार दें। कली को बीच में से काट ले और इसे अपने नाखूनों पर 10 मिनट तक रगड़ें। ऐसा करने के 10 दिन के भीतर ही वह मजबूत होने लगेंगे।

अंडे के सफेद हिस्से को एक कटोरी में निकाल लें। इसमें दो चम्मच संतरे का रस मिला लें। इस घोल को अपने नाखूनों पर 5 मिनट तक लगा कर छोड़ दें. इसमें विटामिन सी होता है जो कोलजिन का प्रोडक्शन करता है जिससे नाखून मजबूत बनते हैं.

# स्वस्थ एकांत और नुकसानदायक समाजिक अलगाव के बीच होता है अंतर



लगातार बदलती जीवनशैली में बहुत से लोग कुछ समय अकेले बिताना पसंद करते हैं, जिसे वे सुकून का पल मानते हैं। कुछ लोग दोस्तों और सगे-संबंधियों के साथ मिलकर ऊर्जावान महसूस करते हैं, जबकि कुछ लोग अकेले समय बिताकर खुद को बेहतर महसूस करते हैं। ऐसे व्यक्तियों के लिए यह अकेलापन नहीं, बल्कि स्वस्थ एकांत होता है। मनोवैज्ञानिक शोधों के अनुसार, सीमित समय का स्वस्थ एकांत व्यक्ति को तनाव कम करने, अपनी भावनाओं को समझने और मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकता है। हालांकि, विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि समस्या तब शुरू होती है, जब अकेले रहने की यह आदत धीरे-धीरे सामाजिक दूरी में बदलने लगती है। यदि कोई व्यक्ति लगातार अपने दोस्तों, परिवार या सहकर्मियों से मिलने से बचने लगे, फोन उठाना बंद कर दे, बातचीत में रुचि न ले, या उन लोगों से भी दूरी बनाने लगे जिनके साथ वह पहले समय बिताना पसंद करता था, तो इसे सामान्य व्यवहार नहीं माना जा सकता। यह मानसिक तनाव, चिंता या डिप्रेशन जैसी समस्याओं का शुरुआती और गंभीर संकेत हो सकता है, जिसे अनदेखा करना महंगा पड़ सकता है।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, स्वस्थ एकांत और नुकसानदायक सामाजिक अलगाव के बीच का अंतर समझना बेहद जरूरी है। स्वस्थ एकांत में व्यक्ति अकेला जरूर होता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर उसे लोगों से जुड़ने में कोई परेशानी नहीं होती। वह अपने काम, परिवार और रिश्तों की जिम्मेदारियां सामान्य तरीके से निभाता रहता है। इसके विपरीत, सामाजिक अलगाव में व्यक्ति धीरे-धीरे अपने रिश्तों से दूरी बना लेता है, दूसरों से मिलने की इच्छा खत्म होने लगती है, और कई बार जीवन के प्रति उत्साह भी कम हो जाता है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहे, तो इसका मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ सकता है। मेडिकल और साइकोलॉजी रिसर्च बताती हैं कि लंबे समय तक सामाजिक अलगाव व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। लगातार अकेले रहने से तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन, खासकर कोर्टिसोल का स्तर बढ़ सकता है, जिसका सीधा असर नींद की गुणवत्ता, याददाश्त, ध्यान लगाने की क्षमता और प्रतिरक्षा प्रणाली पर पड़ सकता है। कई अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि लंबे समय तक सामाजिक दूरी बनाए रखने वाले लोगों में चिंता और डिप्रेशन का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में इन संकेतों को पहचानना और समय रहते कदम उठाना महत्वपूर्ण है। मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए कुछ सरल और प्रभावी उपाय अपनाए जा सकते हैं। रोजाना कुछ समय खुले वातावरण में टहलना, प्रकृति के बीच समय बिताना और नियमित शारीरिक गतिविधियां मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक होती हैं। योग और श्वास संबंधी अभ्यास, जैसे भ्रामरी प्राणायाम, बालासन और सेतुबंधासन, तनाव कम करने और मन को शांत रखने में सहायक माने जाते हैं। इसके साथ ही, पर्याप्त और अच्छी नींद लेना, संतुलित और पौष्टिक भोजन करना तथा एक नियमित दिनचर्या का पालन करना भी मानसिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**कम मात्रा में शराब पीने वालों में भी रक्तचाप में हल्की वृद्धि दर्ज**

रोजाना सिर्फ एक शराब की ड्रिंक का सेवन भी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जिससे ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है। ये दोनों कारक आगे चलकर हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर हृदय संबंधी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। ये चौंकाने वाला खुलासा हुआ है नए शोध में। ताजा अध्ययन में संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया के 19,548 से अधिक लोगों के डेटा का विश्लेषण किया गया। शोधकर्ताओं ने इन व्यक्तियों के स्वास्थ्य को कई वर्षों तक बारीकी से ट्रैक किया, ताकि शराब के सेवन और रक्तचाप में वृद्धि के बीच के जटिल संबंध को समझा जा सके। अध्ययन के मुख्य निष्कर्षों में यह सामने आया कि शराब की मात्रा और सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर (जो दिल द्वारा शरीर में रक्त पंप करने के दबाव को मापता है) के बीच एक सीधा और स्पष्ट संबंध है। इसका अर्थ यह है कि जैसे-जैसे व्यक्ति द्वारा रोजाना शराब का सेवन बढ़ता है, वैसे-वैसे उसका सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर भी बढ़ता जाता है। अध्ययन में यह भी विशेष रूप से उजागर किया गया कि कम मात्रा में शराब पीने वाले लोगों में भी रक्तचाप में हल्की लेकिन लगातार वृद्धि दर्ज की गई। यह इंगित करता है कि भले ही शुरुआती स्तर पर ये बदलाव बहुत छोटे और महत्वहीन लगें, लेकिन लंबे समय में यह हृदय और रक्त वाहिकाओं पर लगातार दबाव बढ़ा सकता है, जिससे भविष्य में हार्ट अटैक, स्ट्रोक और अन्य हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

इसके अतिरिक्त, शोधकर्ताओं ने पुरुषों में डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर (जो दिल की धड़कनों के बीच रक्त वाहिकाओं में दबाव को मापता है) में भी वृद्धि देखी, हालांकि महिलाओं में यह प्रभाव उतना स्पष्ट नहीं था, जैसा कि मिरर की रिपोर्ट में भी सामने आया। यूनिवर्सिटी ऑफ मोडेना एंड रेजियो एमिलिया से जुड़े और बोस्टन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में एडजंक्ट प्रोफेसर, प्रोफेसर मार्को विंसेटी ने इस निष्कर्ष पर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हमें कम स्तर पर शराब पीने से कोई लाभकारी प्रभाव नहीं मिला, जब इसकी तुलना शराब न पीने वालों से की गई। प्रोफेसर विंसेटी ने यह भी स्पष्ट किया कि शराब केवल ब्लड प्रेशर बढ़ाने वाला एकमात्र कारण नहीं है, लेकिन इसका प्रभाव महत्वपूर्ण है। इसलिए उन्होंने शराब का सेवन सीमित रखने और यदि संभव हो तो इसे पूरी तरह से टालने का सुझाव दिया। वर्ल्ड हाइपरटेंशन लीग के अध्यक्ष और ट्यूलाने यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन के प्रोफेसर पॉल व्हेलन ने बताया कि जिन प्रतिभागियों का शुरुआती ब्लड प्रेशर पहले से ही थोड़ा बढ़ा हुआ था, उनमें शराब के प्रभाव अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। अध्ययन के आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस द्वारा 140/90 एमएमएचजी या उससे अधिक माने जाने वाले उच्च रक्तचाप के संदर्भ में, प्रतिदिन लगभग 12 ग्राम शराब लेने वालों में सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर औसतन 1.25 एमएमएचजी तक बढ़ गया। वहीं, प्रतिदिन लगभग 48 ग्राम शराब का सेवन करने वालों में यह वृद्धि औसतन 4.9 एमएमएचजी तक देखी गई। इसके अलावा, इस मात्रा का सेवन करने वाले पुरुषों में डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर में भी लगभग 3.1 एमएमएचजी की वृद्धि दर्ज की गई।

# देवधर से उठी नशामुक्ति की हुंकार, यमुनानगर पुलिस और शिवाजी प्रेस क्लब ने छेड़ा नशा विरोधी महा-अभियान

*एसपी कमलदीप गोयल ने ग्रामीणों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ, नशा तस्करों के खिलाफ डटे पंचायत प्रतिनिधियों व युवाओं को किया सम्मानित*

**यमुनानगर, 9 सितंबर ( दिनेश कुमार ) :** एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान और विशाल रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के बाद शिवाजी प्रेस क्लब ने सामाजिक सरोकार के तहत एक और अहम पहल की है। जिला पुलिस और शिवाजी प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे विशेष अभियान नशे से जंग, यमुनानगर पुलिस के संग का विधिवत शुभारंभ छछरौली उपमंडल के गांव देवधर से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पुलिस अधीक्षक (एसपी) कमलदीप गोयल ने ग्रामीणों, युवाओं और बुजुर्गों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया।

**देवधर पंचायत का सराहनीय प्रयास, 6 परिवारों को दलदल से निकाला**

समारोह को संबोधित करते हुए एसपी कमलदीप गोयल ने कहा कि देवधर गांव की सक्रियता और जागरूकता पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत है। पंचायत की सजगता के चलते ही गांव के करीब 6 परिवारों को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि जब ग्रामीण एकजुट होकर आवाज उठाते हैं, तो नशा तस्करों के हौसले पस्त हो जाते हैं। संवाद के दौरान ग्रामीणों द्वारा गांव में करीब 30 लोगों के नशा तस्करी में लिप्त होने की बात सामने आने पर एसपी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने



ग्रामीणों से एकजुटता बनाए रखने की अपील की और आश्वस्त किया कि नशा बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में लौटाने के प्रयास जारी रहेंगे।

**नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले योद्धा सम्मानित**

कार्यक्रम में एसपी कमलदीप गोयल ने नशे के खिलाफ डटकर खड़े रहने वाले ग्रामीणों और प्रतिनिधियों को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि मास्टर प्रेमचंद शर्मा, पूर्व सरपंच ओमकार चौधरी और पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सलेंद्र कुमार शामिल रहे। इनके अलावा गांव में नशामुक्ति की अलख जगाने वाले युवा विक्रम सिंह, परविंदर आर्य, प्रीतम सिंह और उनकी पूरी टीम को संयुक्त रूप से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

**सामाजिक बदलाव के लिए जारी रहेगा अभियान : रविंद्र चौहान**

शिवाजी प्रेस क्लब के प्रधान रविंद्र चौहान ने कहा कि प्रेस क्लब हमेशा जनहित और पुलिस प्रशासन के अभियानों में सहयोगी की भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार और इसके सेवन के खिलाफ यह मुहिम गांव-गांव तक पहुंचाई जाएगी। पुलिस कप्तान कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में शिवाजी प्रेस क्लब आने वाले समय में भी पूरे जिले में ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर जिला पुलिस के नशामुक्ति अभियान सही राह के जिला समन्वयक एडवोकेट सुशील आर्य, डीएसपी बिलासपुर रमेश, एएनसी इंचार्ज अनिल, डॉ. नवीन शर्मा, रिंकू सिंह, पूर्व सरपंच रतन सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बिट्टू चौधरी, प्रतापनगर थाना प्रभारी रोहतास, बल्ले माजरा सरपंच राजन, ग्राम सचिव जसबीर पंवार, ग्राम सचिव रमन, बेगमपुर सरपंच पंकज और लाकड़ सरपंच सुरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। वहीं शिवाजी प्रेस क्लब की ओर से रामकिशन कश्यप, राजेंद्र कुमार, सुखविंदर कश्यप, रवि कुमार, संजीव गुप्ता, अली जान, रुद्र प्रताप सिंह, दिनेश कुमार, राशिद निराला, संजीव चौहान, शिव चुन्नी, सतीश धीमान, अमित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व पत्रकार मौजूद रहे।

# गाँव कुतुबपुर के नैतिक ने एशियाई गोल्ड मेडलिस्ट को हराकर जीता स्वर्ण पदक

*सीबीएसई जोन-2 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन, गांव पहुंचने पर बाइक रैली निकालकर हुआ भव्य स्वागत*

**हिसार, 9 सितंबर ( ब्यूरो ) :** हरियाणा में आयोजित राज्यस्तरीय सीबीएसई जोन-2 बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 में हांसी क्षेत्र के गांव कुतुबपुर निवासी नैतिक सैनीवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। नैतिक ने प्रतियोगिता के दौरान एशियाई स्तर के गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में करीब 3000 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। नैतिक की इस उपलब्धि से गांव कुतुबपुर सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गांव लौटने पर युवाओं ने खरड़ अलीपुर से कुतुबपुर तक डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ बाइक रैली निकालकर नैतिक का जोरदार स्वागत किया। गांव पहुंचने पर सरपंच अजय पवार और पूर्व सरपंच शेर सिंह मुंजर ने नैतिक को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर युवा सामाजिक



कार्यकर्ता राहुल शर्मा ने नैतिक को शुभकामनाएं देते हुए ग्रामीण युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा को खेलों और सकारात्मक गतिविधियों में लगाएं, ताकि वे अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकें। गांवों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने का प्रभावी माध्यम हैं। स्वर्ण पदक विजेता नैतिक सैनीवाल ने कहा कि उसका अगला लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का नाम रोशन करना है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमारा हरियाणा नशा अपनाने वाला नहीं, बल्कि खेलों में मेडल लाने वाला प्रदेश है। इस मौके पर बिट्टू मुंजर, रामफल, सोनू, छबीलदास, राजेंद्र हरपाल, सुनील, प्रदीप, हरदीप, संजय, बलराम, राजू, रमेश, अमित, पवन सहित गांव के अनेक युवा एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक खेती से जोड़ने के लिए कृषि विभाग ने शुरु की एक नई पहल : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र, 9 सितंबर ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक खेती से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा की है। इसके तहत उद्यान विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के दौरान एकीकृत बागवानी विकास केंद्र सुंदरह महेंद्रगढ़ में किसानों के लिए विभिन्न प्रकार की बागवानी तकनीकों का नि:शुल्क 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सरकार व कृषि विभाग का मुख्य लक्ष्य किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ-साथ उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों, जैविक खेती और संरक्षित खेती की ओर प्रोत्साहित करना है ताकि उनकी आय में स्थायी वृद्धि हो सके। एकीकृत बागवानी विकास केंद्र सुंदरह महेंद्रगढ़ में अलग-अलग विषयों पर विशेष ट्रेनिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें 14 दिसंबर से 18 दिसंबर 2026 तक सब्जियों की संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ-साथ 14 सितंबर से 18 सितंबर 2026, 5 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 तथा 2 नवंबर से 6 नवंबर 2026 के दौरान मशरूम उत्पादन एवं तकनीकों पर गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार 12 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2026 तक बागवानी फसलों की जैविक खेती पर सत्र का आयोजन होगा तथा 16 नवंबर से 20 नवंबर 2026 और 7 दिसंबर से 11 दिसंबर 2026 तक ओपन फील्ड में बागवानी फसलों के उत्पादन का प्रशिक्षण मिलेगा।उन्होंने कहा कि युवाओं और किसानों को नर्सरी प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरियाणा बागवानी नर्सरी नियम 2026 के तहत विशेष ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किए गए हैं, जिनका आयोजन 30 नवंबर से 4 दिसंबर 2026, 28 दिसंबर 2026 से 1 जनवरी 2027, 18 जनवरी से 22 जनवरी 2027, 1 फरवरी से 5 फरवरी 2027 तथा 15 फरवरी से 19 फरवरी 2027 तक किया जाएगा। इसके अलावा नए बागों के पौधरोपण व फल उत्पादन तकनीकों पर 4 जनवरी से 8 जनवरी 2027 तक 5 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित होगा। जिला के 18 से 60 वर्ष की आयु के किसान उद्यान विभाग के पोर्टल कौशल.होर्टहरियाणा.जीओवी.इन के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षण बैच के लिए 20 सीटें निर्धारित की गई है और अभ्यर्थियों का चयन पहले आओ-पहले पाओ केआधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी तथा चयनित अभ्यर्थियों को पहले दिन आधार कार्ड एवं परिवार पहचान पत्र ( पीपीपी) की फोटोकॉपी प्रस्तुत करनी होगी।

# जल शक्ति मंत्रालय के सचिव ने वीसी के माध्यम से की उपायुक्तों के साथ बैठक

*पेयजल योजनाओं के संचालन एवं संरक्षण में ग्राम पंचायतों की भागीदारी होगी सुनिश्चित : सीईओ डॉ. अनमोल*

**सोनीपत, 9 सितंबर ( ब्यूरो ) :** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के सचिव अशोक के.के. मीणा ने जल अर्पण दिवस को लेकर प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में उन्होंने जल अर्पण दिवस और जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए पेयजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय समुदाय को औपचारिक रूप से सौंपने की प्रक्रिया तथा आगामी गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सोनीपत से जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अनमोल ने वीसी की




अध्यक्षता की। इस दौरान पब्लिक हेल्थ विभाग के एक्सईएन गौतम कुमार भी मौजूद रहे। वीसी के पश्चात सीईओ जिला परिषद डॉ0 अनमोल ने पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों से जिले में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों एवं जल अर्पण दिवस की तैयारियों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जल अर्पण दिवस का मुख्य उद्देश्य जल जीवन मिशन के अंतर्गत तैयार की गई पेयजल आपूर्ति योजनाओं में ग्राम पंचायतों एवं समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उनमें स्वामित्व की भावना विकसित करना है। योजना के हस्तांतरण के बाद गांव स्तर पर पेयजल आपूर्ति से संबंधित परिसंपत्तियों के संचालन, रखरखाव एवं संरक्षण की जिम्मेदारी स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में हर घर जल प्रमाणीकरण से पहले की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके तहत पेयजल योजना का सफल परीक्षण, तकनीकी जांच एवं जल गुणवत्ता परीक्षण, योजना से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता, ग्राम स्तर पर जल एवं स्वच्छता समितियों की सक्रियता तथा आवश्यक मानव संसाधन को प्रशिक्षित करने जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि जल अर्पण की डिजिटल प्रक्रिया के तहत गांवों की तैयारियों एवं पेयजल योजनाओं की स्थिति को ऑनलाइन मॉड्यूल के माध्यम से दर्ज किया जाएगा। इसमें योजनाओं की स्थिति, समुदाय की प्रतिक्रिया, परीक्षण संचालन, योजना संबंधी दस्तावेज, गांव की हस्तांतरण के लिए तैयारी, जल अर्पण दिवस का आयोजन तथा ग्राम सभा द्वारा हर घर जल संबंधी प्रस्ताव जैसे विभिन्न चरण शामिल हैं। सीईओ ने कहा कि जल अर्पण दिवस के अवसर पर जल आपूर्ति परिसंपत्तियों का निरीक्षण, जल वंदना एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, जल श्रमदान तथा जनभागीदारी जैसी गतिविधियां आयोजित करवाना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों एवं समुदाय को पेयजल स्रोतों के संरक्षण, जल गुणवत्ता की नियमित जांच तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करें। जल अर्पण केवल पेयजल योजना का हस्तांतरण नहीं, बल्कि गांववासियों को अपनी जल परिसंपत्तियों के प्रति जिम्मेदारी और स्वामित्व की भावना से जोडने् का महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य गांवों में दीर्घकालिक, नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ जल संरक्षण और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।

# कानूनी जागरूकता बस के माध्यम से गांव-गांव पहुंचाया गया कानूनी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश

**कुरुक्षेत्र, 9 सितंबर ( सुदेश कुमार ) :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कानूनी जागरूकता बस के माध्यम से गांव हसनपुर, गमूर खेड़ी, समसीपुर एवं नर-कतारी में विशेष कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी अधिकारों, विधिक सेवाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को पॉक्सो अधिनियम, पीड़ित मुआवजा योजना, पीड़ित देखभाल एवं सहायता प्रणाली, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, महिलाओं का घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, मध्यस्थता प्रक्रिया तथा सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र, किरमच के बारे में जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी देते हुए बताया गया कि जरूरतमंद व्यक्ति निःशुल्क कानूनी सहायता एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली



राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त नालसा जागृति योजना, मेडिएशन फॉर द नेशन 3.0, आपदा पीड़ितों के लिए नालसा विधिक सेवा योजना, 2010 सहित अन्य विधिक सेवा योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अभियान को अधिक प्रभावी एवं जनोपयोगी बनाने के लिए कृषि विभाग के प्रतिनिधि ने भी ग्रामीणों के साथ संवाद किया। उन्होंने विशेष रूप से किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं, सरकारी सुविधाओं एवं किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र लाभार्थियों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

इसी क्रम में पीएनबी आरसेटी के प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को कौशल प्रशिक्षण, स्वरोजगार, उद्यमिता, वित्तीय जागरूकता एवं आजीविका के अवसरों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस संयुक्त जागरूकता अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के साथ-साथ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी उनके गांव तक पहुंचाना रहा। ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध निश्शुल्क कानूनी सहायता का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस कानूनी जागरूकता बस के माध्यम से चलाए गए इस अभियान को ग्रामीणों की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इस पहल के माध्यम से कानूनी जागरूकता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को ग्रामीणों के द्वार तक पहुंचाने का प्रभावी प्रयास किया गया।

## पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों में जाने के लिए श्रद्धालु 12 सितंबर तक करें आवेदन : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र, 9 सितंबर ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ऐसे श्रद्धालु व जत्थे जो कि गुरु नानक देव की जयंती के अवसर पर 22 नवंबर से 1 दिसंबर 2026 तक पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन करने के लिए जाना चाहते है, वे श्रद्धालु व जत्थे इसके लिए जिला स्तर पर अपना पंजीकरण हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति कुरुक्षेत्र के पास करवा सकते है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जिला के ऐसे श्रद्धालुओं, यात्रियों व जत्थों से आवेदन आमंत्रित किए गए है, जो कि गुरु नानक देव की जयंती के अवसर पर 22 नवंबर से 1 दिसंबर 2026 तक पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा के दर्शन के लिए जाना चाहते है। ऐसे श्रद्धालु व जत्थे द्वारा दिए गए आवेदन को उपायुक्त कार्यालय द्वारा सरकार को भिजवाया जाना है। इसलिए संबंधित श्रद्धालु व जत्थे विधिवत भरे हुए अपने आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित 12 सितंबर 2026 तक हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति कुरुक्षेत्र के पास जमा करवा सकते है।

## शैक्षिक सत्र 2026-27 में 10वीं व 12वीं कक्षा में विद्यालय परिवर्तन/सीधे प्रवेश हेतु अब नहीं देना पड़ेगा नोटरी शपथ-पत्र

**कुरुक्षेत्र, 9 सितंबर ( सुदेश कुमार ) :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 10वीं एवं 12वीं में विद्यालय परिवर्तन/सीधे प्रवेश से संबंधित प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन किया गया है। अब विद्यार्थियों के माता-पिता द्वारा नोटरी से सत्यापित शपथ-पत्र लेने बारे छूट प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवर्तन उपरान्त कक्षा 10वीं एवं 12वीं में सीधा दाखिला की अनुमति के लिए सभी संबंधित विद्यालयों द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर लॉग-इन करते हुए छात्रों के दस्तावेज अपलोड किए जाने है। इस प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं विद्यार्थी हितैषी बनाने के उद्देश्य से बोर्ड द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, अब विद्यार्थियों के माता-पिता द्वारा नोटरी से सत्यापित शपथ-पत्र लेने बारे छूट प्रदान की गई। सभी संबंधित विद्यालयों को बोर्ड पोर्टल पर शपथ-पत्र अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। शेष सभी आवश्यक दस्तावेजों को पूर्व की भांति अपलोड करना अनिवार्य रहेगा।

## सहारा स्कूल में अंडर-11 ब्लॉक स्तर के खेलों का पूनम सैनी व ऋषिपाल भारद्वाज ने किया उद्घाटन



**लाडवा, 9 सितंबर ( रामगोपाल ) :** बुधवार को सहारा स्कूल में अंडर-11 खंड एवं जिला स्तरीय स्कूली खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर ऋषिपाल भारद्वाज, भारतीय जनता पार्टी महिला मंडल की अध्यक्षा पूनम सैनी, प्रबंधक निर्देशिका गीतिका अग्रवाल व उप-प्रधानाचार्या रितु गोगिया द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्रतियोगिताओं में नन्हे खिलाड़ी एवं विद्यार्थी ने विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिताओं में खो-खो, शतरंज, कबड्डी, स्केटिंग, योग, रस्साकशी, कैरम, जिम्नास्टिक्स, कुश्ती और एथलेटिक्स शामिल थे। वहीं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में एकल अभिनय, समूह गान, रागिनी, फैंसी ड्रेस, पेंटिंग, एकल नृत्य और समूह नृत्य प्रमुख आकर्षण रहे। विद्यालय के प्रबंधक विक्रांत अग्रवाल ने कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्कूल की प्रबंधक निर्देशिका गीतिका अग्रवाल व उप-प्रधानाचार्या रितु गोगिया ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के लिए युवाओं को क्विज में भाग लेने का मौका

**हिसार, 9 सितंबर ( ब्यूरो ) :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी कोमल ने जिले के युवाओं से इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढकर भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं की नेतृत्व क्षमता, नवाचार, रचनात्मकता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में युवाओं के लिए विकसित भारत चैलेंज, सांस्कृतिक गतिविधियां, डिजाइन फॉर भारत, हैक फॉर सोशल कॉज, युवा उद्यमिता चैलेंज और युवा संसद सहित विभिन्न ट्रैक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले विकसित भारत चैलेंज के तहत युवाओं की चयन प्रक्रिया बहुस्तरीय और पारदर्शी होगी। इसकी शुरुआत डिजिटल माध्यम से आयोजित विकसित भारत क्विज से होगी। क्विज में सफल प्रतिभागियों को आगे डिजिटल निबंध, जिला स्तरीय प्रस्तुति और राज्य स्तरीय विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में भाग लेने का अवसर मिलेगा। जिला युवा अधिकारी कोमल ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के मुख्य कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने हिसार जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं से आह्वान किया कि वे 30 सितंबर 2026 से पहले अधिक से अधिक संख्या में माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर क्विज में भाग लें और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त करें।

## पैनोरमा एवं साइंस सेंटर में कानूनी जागरूकता हेल्प डेस्क लगाकर आमजन को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र, 9 सितंबर ( सुदेश कुमार ) :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन एवं माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीतिका भारद्वाज के दिशा-निर्देशानुसार पैनोरमा एवं साइंस सेंटर में कानूनी जागरूकता हेल्प डेस्क स्थापित किया गया। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से पैनोरमा एवं साइंस सेंटर में आने वाले आगंतुकों तथा आमजन को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न नि:शुल्क कानूनी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं इसके माध्यम से पात्र मामलों का आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण तरीके से शीघ्र निपटारा किए जाने के संबंध में जागरूक किया गया। आमजन को लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस हेल्प डेस्क पर लोगों को नि:शुल्क कानूनी सहायता, कानूनी सलाह एवं मार्गदर्शन के बारे में भी जानकारी दी गई। विशेष रूप से नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जागरूक करते हुए बताया गया कि जरूरतमंद व्यक्ति कानूनी सहायता एवं विधिक सेवाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए इस हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकते हैं।

# 25 सितंबर को प्रदेशभर में चौ. देवीलाल की 113वीं जयंती मनाएगी जेजेपी

### डॉ अजय सिंह चौटाला ऐलनाबाद में चौ. देवीलाल की प्रतिमा का करेंगे अनावरण



**चंडीगढ़, 9 सितंबर ( के.के.संधू ):** 25 सितंबर को जननायक चौधरी देवीलाल की 113वीं जयंती को जननायक जनता पार्टी प्रदेशभर में मनाएगी। ऐलनाबाद में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता आदि मौजूद रहेंगे। यह निर्णय बुधवार को दिल्ली में आयोजित जेजेपी की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। वहीं देवीलाल जयंती के अवसर पर सिरसा में जेजेपी जिला कार्यालय का भी उद्घाटन किया जाएगा।जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने पार्टी पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी सक्रियता बढ़ाते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जेजेपी कार्यकर्ता और उनके अनुयायी इस बार देवीलाल जयंती पर प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित करके गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के मसीहा जननायक चौधरी देवीलाल जी को याद करेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेशभर में चौधरी देवीलाल की स्थापित सभी प्रतिमाओं पर साफ-सफाई के कार्य करवाए जाएंगे और 25 सितंबर को प्रतिमाओं पर सभाओं का आयोजन किया जाएगा। डॉ चौटाला ने कहा कि संघर्ष के असंख्य पड़ावों को पार करते हुए चौ. देवीलाल जन-जन के जननायक बने थे, इसलिए आज उन्हें देश भर में याद किया जाता है।डॉ अजय सिंह चौटाला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रभारियों, प्रदेश अध्यक्षों, सभी जिला प्रभारियों एवं जिला अध्यक्षों सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने संगठन मजबूती व पार्टी के आगामी कार्यक्रमों आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान डॉ चौटाला ने पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों को पहचान पत्र वितरित किए और कहा कि जल्द ही जेजेपी के बूथ लेवल एजेंटों को भी पार्टी की तरफ से पहचान पत्र दिए जाएंगे। इस अवसर पर हरियाणा खादी बोर्ड के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र लितानी, पूर्व विधायक रमेश खटक, अमरजीत ढांडा, राजदीप फौगाट, गंगाराम पटोदी आदि मौजूद रहे।

## भक्ति के रंग में रंगा नरवाना, अरुणाय धाम के लिए रवाना हुई सातवीं निशुल्क बस यात्रा




**नरवाना, 9 सितम्बर ( नरेन्द्र कुमार ):** अग्रवाल वैश्य समाज शाखा नरवाना की ओर से स्वर्गीय लाला किशोरी लाल सिंगला की स्मृति में चलाई जा रही निशुल्क धार्मिक बस यात्रा की श्रृंखला के तहत 7वीं अरुणाय धाम बस यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुई। हुड्डा मार्किट से समाजसेवी अजय गर्ग एवं समाजसेवी राजेश सिंगला, प्रॉपर्टी एडवाइजर ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। बस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष अर्जुन गोयल ने कहा कि धार्मिक यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को पवित्र धार्मिक स्थल के दर्शन, पूजा-अर्चना और आध्यात्मिक वातावरण का लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय किशोरी लाल सिंगला की स्मृति में शुरू की गई यह पहल समाज में सेवा, सहयोग और धार्मिक भावना को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है।संस्था के उपप्रधान जोनी सिंगला ने बताया कि समाजसेवी राजेश सिंगला धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सदैव आगे रहते हैं। उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता लाला किशोरी लाल सिंगला की स्मृति को धार्मिक के उद्देश्य से इस निशुल्क धार्मिक बस यात्रा की शुरुआत की है।प्रेस प्रवक्ता दीपक सिंगला ने बताया कि यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के मंदिर पहुंचकर श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की तथा भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।महासचिव राहुल बंसल ने कहा कि यात्रा में शामिल भक्तजनों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाता है। श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती हैं, ताकि वे आरामपूर्वक धार्मिक स्थल के दर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा हर माह त्रयोदशी के अवसर पर निशुल्क बस यात्रा का आयोजन किया जाता है।यात्रा के दौरान संस्था के संगठन सचिव अशोक गोयल, दिनेश मित्तल, दीपक गर्ग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जनसेवा का मूल आधार जनता का अटूट विश्वास और सहभागिता : बृजभूषण गुप्ता

### कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उत्साहपूर्वक मनाया भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष का जन्मदिन



**करनाल, 9 सितंबर ( संदीप रोहिला ) :** भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी बृजभूषण गुप्ता ने कहा कि जनसेवा का मूल आधार जनता का विश्वास, सहभागिता और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव है। सार्वजनिक जीवन में लोगों से निरंतर संवाद और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। समाज का स्नेह और प्रबल विश्वास जनहित के कार्यों को सभी के साथ मिलकर अनवरत आगे बढ़ाने की प्रेरणा तथा ऊर्जा देता है। इसी संदर्भ में अपने जन्मदिन पर मिली अपार शुभकामनाओं को लेकर जारी धन्यवाद वक्तव्य में वरिष्ठ समाजसेवी बृजभूषण गुप्ता ने कहा कि सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना और जनहित के विषयों को प्राथमिकता देना है। उन्होंने कहा कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में सकारात्मक सोच, आपसी सहयोग और जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इससे पूर्व बीते रोज वरिष्ठ भाजपा नेता बृजभूषण गुप्ता का जन्मदिन उनके निवास एवं कार्यालय पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, पार्षदों, मित्रों, समर्थकों और शुभचिंतकों की मौजूदगी में मनाया गया। सुबह से ही बधाई देने वालों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो रात तक चला। इस दौरान विभिन्न कार्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे लोगों ने उनके साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। साथ ही पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। इसी उपलक्ष्य में बुधवार को भी राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ-साथ मित्रों और शुभचिंतकों ने मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके अतिरिक्त फोन, व्हाट्सऐप और सोशल मीडिया के माध्यम से भी बड़ी संख्या में बधाई संदेश प्राप्त हुए। इस दौरान उनके निवास एवं कार्यालय पर निरंतर आत्मीय माहौल बना रहा। वरिष्ठ समाजसेवी बृजभूषण गुप्ता ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसर सामाजिक जीवन में अब तक मिले सहयोग और विश्वास को महसूस करने के साथ आगे की जिम्मेदारियों पर विचार करने का सार्थक अवसर भी प्रदान करते हैं। समाज और संगठन से जुड़े सकारात्मक कार्यों में सामूहिक सहभागिता से ही बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

## समालखा,छिछडाना और मतलौडा में बनेंगी,ग्रेन स्टोरेज साइट - डीसी

### जिला के चार विभाग किसान उत्पादक संगठन पर देंगे जोर

पानीपत, 9 सितंबर (हरप्रीत छत्तवाल) डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने सहकारी समितियां की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए




बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि विभाग किसानों के हित के लिए नई-नई योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि पशुपालन, कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्यपालन और बागवानी विभाग जोर देकर किसान उत्पादक संगठन तैयार करवाएं ताकि सामूहिक रूप से किसानों के लिए नई-नई योजनाएं तैयार की जा सके। डीसी ने कहा कि किसानों को संगठित कर उन्हें बेहतर बाजार, उचित मूल्य, आधुनिक तकनीक और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सामूहिक प्रयासों के माध्यम से छोटे एवं सीमांत किसान भी अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। बैठक में बताया गया कि जिला में कुल 1366 सहकारी समितियां हैं जिनमें से 1194 अपडेट हैं। इसी तरह कुल 46 पैक्स समितियां हैं जिनमें से जिला में 25 सीएससी के रूप में कार्य कर रही हैं। जिला में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र भी कार्यरत हैं जिसमें खाद और बीज की बिक्री की जाती है। डाहर और बुडशाम में से बुडशामकी पैक्स, और वैसर एवं आदियाना से आदियाना की पैक्स अलग होगी। पहले उक्त दोनों गांव की पैक्स एक ही थी। बैठक में सहकारी समितियां के सहायक रजिस्ट्रार राजेश सिंह,पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. अशोक लोहान,मत्सय पालन विभाग के डीएफओ योगेश शर्मा, एफएसओ श्याम लाल इत्यादि उपस्थित रहे।

# हाईवे के नालों से नरवाना की बदलेगी सूरत, सफाई के बाद स्थायी स्लैब से होंगे कवर

### एसडीएम जगदीश चंद्र ने शहर का दौरा कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा,सर्विस रोड चौड़ी करने और अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश




**नरवाना,9 सितंबर ( नरेन्द्र कुमार ):** नरवाना शहर में नेशनल हाईवे के साथ जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने और सर्विस रोड को सुरक्षित व सुचारू बनाने की दिशा में प्रशासन ने कदम तेज कर दिए हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के निर्देशानुसार एसडीएम जगदीश चंद्र ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी, नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर की प्रमुख समस्याओं पर मंथन किया और इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों का मौके पर निरीक्षण किया।बैठक में नेशनल हाईवे के साथ बने नालों की सफाई, मरम्मत, रखरखाव और स्थायी स्लैब से कवर करने, सर्विस रोड को सुचारू बनाने, अतिक्रमण हटाने तथा लाइटिंग व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों की स्थिति का जायजा लेकर उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा जहां मरम्मत की जरूरत है वहां कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाए।बैठक के बाद एसडीएम जगदीश चंद्र ने अधिकारियों के साथ हरियल चौक, विश्वकर्मा चौक, पुराना बस स्टैंड, केएम कॉलेज, नया बस स्टैंड सहित शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों का दौरा किया। उन्होंने नेशनल हाईवे के साथ बने नालों, सर्विस रोड, स्ट्रीट लाइट और यातायात व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया तथा मौके की स्थिति के अनुसार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसडीएम ने कहा कि शहर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा नालों की आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य करवाने के बाद इन्हें जनस्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर किया जाएगा ताकि भविष्य में इनकी नियमित सफाई और उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जा सके। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जरूरत के अनुसार सर्विस रोड को दोबारा चौड़ा किया जाएगा। सर्विस रोड या नालों के रास्ते में आने वाले अतिक्रमण को नियमानुसार हटाया जाएगा ताकि वाहन चालकों और आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को कार्रवाई से पहले मौके की स्थिति का समुचित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शहर की सड़क सुरक्षा और यातायात से जुड़े प्रमुख मुद्दों को आगामी रोड सेफ्टी बैठक में भी रखा जाएगा, ताकि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर समस्याओं का स्थायी समाधान किया जा सके। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य नरवाना शहरवासियों को बेहतर जल निकासी, सुरक्षित यातायात और सुचारू आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल से काम करें। इस अवसर पर नेशनल हाईवे के पीडी सुनील कुमार, नगर परिषद के ईओ ऋषिकेश चौधरी, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ कुलदीप कोहाड़, जेई पवन शर्मा, कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक जसवीर नैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आठ-दस बार की कार्रवाई के बाद भी नहीं सुधरे हालात, डिंगर माजरा रोड की अवैध कॉलोनियों पर फिर चला बुलडोजर



**घरौंडा ,9 सितंबर ( सतीश कुमार पंडित ):** अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई के बावजूद दोबारा निर्माण किए जाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार को जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने डिंगर माजरा रोड पर दो अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई करते हुए जेसीबी से बनाई गई सड़कों को उखाड़ दिया। इसके साथ ही सड़क निर्माण के लिए डाली गई बजरी को भी हटवाया गया। नगरपालिका की ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर निर्माण सामग्री को मौके से दूसरी जगह पहुंचाया गया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम एटीपी मोहित कुमार तथा नगरपालिका घरौंडा के सचिव विपिन प्रकाश शर्मा की अगुवाई में डिंगर माजरा रोड पर पहुंची। अधिकारियों के पहुंचते ही अवैध कॉलोनियों में चल रहे विकास कार्यों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई। टीम ने जेसीबी की सहायता से कॉलोनियों के भीतर बनाई गई सड़कों को तोड़ दिया। वहीं, सड़क निर्माण के लिए मौके पर जमा की गई बजरी को भी हटवाया गया।

**कई बार कार्रवाई के बाद फिर शुरू हो जाता है काम** - एटीपी मोहित कुमार ने बताया कि विभाग को उच्च अधिकारियों की ओर से अवैध कॉलोनियों में सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत निर्माण सामग्री को भी मौके से हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिंगर माजरा रोड पर चिन्हित दोनों अवैध कॉलोनियों में इसी अभियान के तहत कार्रवाई की गई है।अधिकारी के मुताबिक इन दोनों कॉलोनियों में पहले भी करीब आठ से नौ बार कार्रवाई की जा चुकी है। बावजूद इसके कार्रवाई के कुछ समय बाद दोबारा सड़कें बनाने और अन्य निर्माण गतिविधियां शुरू कर दी जाती हैं। संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी मामले भी दर्ज किए गए हैं और कुछ प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं। विभाग का कहना है कि अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई के साथ कानूनी प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जा रही है।

***कई अन्य मार्ग भी विभाग के रडार पर*** - घरौंडा क्षेत्र में डिंगर माजरा रोड के अलावा बरसताड़ा रोड, पनौड़ी रोड, हसनपुर रोड, कैमला रोड, अराईपुरा रोड तथा कोटिया कॉलोनी क्षेत्र में भी अवैध कॉलोनियां विकसित किए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। विभाग की ओर से समय-समय पर इन स्थानों पर निरीक्षण और कार्रवाई की जाती है।अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों में सड़क, प्लॉटिंग अथवा अन्य निर्माण कार्य दोबारा शुरू करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक ठाकुरी देवी स्कूल में खंड स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

**लाडवा, 9 सितंबर ( रामगोपाल ):** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक ठाकुरी देवी स्कूल में खंड स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में निर्णायक भूमिका के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुरखपुर शाहाबाद के प्राध्यापक राजकुमार, पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाडवा के प्राध्यापक सुरेश कुमार उपस्थित रहे। इस खंड स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय की ओर से 55 छात्राओं ने भाग लिया व भावी नेताओं के रूप में अपनी भूमिका का पूर्ण रूप से निर्वहन किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष की भूमिका बखूबी निभाई और निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। युवा संसद में अध्यक्ष की भूमिका वंशिका तथा महासचिव की भूमिका वृतिका, सांसद दल के नेता (प्रधानमंत्री) की भूमिका तृषा व नेता प्रतिपक्ष के रूप में मानसी ने अपने किरदारों का बखूबी निभाया। वही सत्ता पक्ष में विभिन्न मंत्रियों के रूप में पेट्रोलियम मंत्री राधिका, पशुपालन मंत्री वंशिका, पर्यावरण मंत्री गरिमा, स्वास्थ्य मंत्री वैष्णवी, गृह मंत्री नव्या ने भूमिका निभाई। वहीं विपक्षी सांसदों के रूप में गुंजन, नवनीत, शिखा, रज्जी, माही नाजिया, बरखा, रिशु, अक्षिका, आदि ने अपने रोल को बखूबी निभाया। जजों ने अपनी भूमिका को बहुत बारीकी से निभाया व विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। जजो ने छात्राओं के प्रतिभाओं की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम की आयोजक रोशन कंबोज, मार्गदर्शिका अमीना, मार्गदर्शिका रितु गुलाटी, राजेश कुमार प्राध्यापक राजनीतिक शास्त्र रहे। विद्यालय की ओर से रणजीत कौर ने निर्णायक मंडल का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया व स्मृति चिन्ह के रूप मे पौधा भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। आयोजन कर्ता रोशन कंबोज ने विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों, प्रधानाचार्य जगबीर पन्नू का पूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

## लाडवा-हिनोरी मार्ग पर अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दुकानों की छतों पर रखे छह एसी की तांबे की काटी तारें, दुकानदारों में रोष

**लाडवा, 9 सितंबर ( रामगोपाल ):** लाडवा-हिनोरी मार्ग स्थित वीआईपी मार्किट में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दुकानों की छतों पर रखे एसी को निशाना बनाते हुए उनकी तांबे की तारें काट दीं। चोरों की इस वारदात के चलते दुकानदारों को हजारों रुपये का नुकसान होने की बात सामने आई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद दुकानदारों में रोष और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। दुकानदार मनीष कश्यप व कर्ण सिंह ने बताया कि अज्ञात चोर दुकानों के ऊपर लगे एसी की कीमती तारों को काटकर ले गए। सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो एसी चलाने के बावजूद एसी नही चले। जब सभी दुकानदारों ने आपस में बात की तो छत के ऊपर लगे एसी के आउटर की तारे कटी मिली।इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके। पिछले दिनों भी लाडवा की अनाज मंडी स्थित एक बैंक वह अन्य कई जगहों पर दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आई थी। वहीं एक युवक द्वारा बैंक की टूटियां उतारने की वारदात को अंजाम दिया गया था। बाद में पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया था, जो रादौर के पास का रहने वाला बताया गया था। लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं को लेकर दुकानदारों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों पर जल्द शिकंजा कसने की मांग की है।

**जन्मदिन मुबारक**



अश्मीत कौर।